

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- नक्सलियों के खात्मे तक चैन से नहीं बैठेंगे - 12




भेदिया कारोबार नियमों के अनुपालन के लिए बैंकों का आंतरिक नियंत्रण जरूरी: पांडेय- 12



भारत सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाला देश, खुद कर रहा जीरो टैरिफ की मांग - 13



टेस्ट क्रिकेट में किसी भी समय नई गेंद लेने की अनुमति मिलनी चाहिए : कुक- 14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.54
सूर्यास्त 06.33

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी 04:08 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 4 सितंबर 2025, वर्ष 6, अंक 157, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### कविता ने पार्टी और एमएलसी पद छोड़ा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में एक नाटकीय राजनीतिक घटनाक्रम में बुधवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता ने पार्टी और विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सुश्री कविता ने यहां तेलंगाना जागृति कार्यालय में कहा कि उन्होंने बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव द्वारा पार्टी से निलंबन के बाद अपने आत्मसम्मान की रक्षा और अपनी ईमानदारी साबित करने के लिए यह फैसला लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के भीतर दो 'गिरोह' उनके खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं और इसमें वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सिंचाई मंत्री टी हरीश राव तथा पूर्व सांसद संतोष राव का हाथ है, जो बीआरएस पर नियंत्रण करने की साजिश रच रहे हैं।

### केरल में देश का पहला वरिष्ठ नागरिक आयोग

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा और उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार जैसे मुद्दों के समाधान के लिए देश का पहला वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाया है। राज्य की उच्च शिक्षा एवं सामाजिक न्याय मंत्री आर. बिंदु ने बुधवार को एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि के. सोमप्रसाद को तिरुवनंतपुरम स्थित केरल राज्य वरिष्ठ नागरिक आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अमरविला रामकृष्णन, ई एम राधा, के एन के नंबूथिरी और लोप्स मैथ्यू को आयोग का सदस्य बनाया गया है। मंत्री ने कहा कि आयोग बुजुर्गों द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों, उपेक्षा, शोषण आदि के बारे में बढ़ती चिंताओं का समाधान करेगा।

### वैष्णोदेवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर बुधवार को भूस्खलन हुआ जिसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भारी वर्षा और भूस्खलन के खतरे के मद्देनजर एहतियाती उपाय के तौर पर अधिकारियों के आवास भी खाली करा दिए गए हैं। भूस्खलन मार्ग के सम्मार पॉइंट पर हुआ, जिससे मंदिर जाने वाला रास्ता अवरुद्ध हो गया। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, क्योंकि वहां कोई तीर्थयात्री नहीं था। मलबा हटाने के प्रयास जारी हैं। बुधवार को नौवें दिन भी तीर्थयात्रा स्थगित रही।

## पॉलिटेक्निक : 7वें चरण की काउंसिलिंग आज से

**लखनऊ।** पॉलिटेक्निक-2025 के अभ्यर्थियों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद सातवें चरण की विशेष काउन्सिलिंग आयोजित करने की जा रही है। यह अवसर उन अभ्यर्थियों को दिया जा रहा है जो 27 जून से 2 सितम्बर तक आयोजित मुख्य एवं विशेष काउन्सिलिंग में सम्मिलित नहीं हो पाए थे। अथवा जिन्हें पूर्व के छह चरणों में सीट आवंटित नहीं हो सकी थी।

इसके अतिरिक्त, छठवें चरण की विशेष काउन्सिलिंग में निर्धारित तिथियों पर अभिलेख सत्यापन न करा पाने वाले अभ्यर्थी भी इस चरण में सम्मिलित हो सकेंगे। सातवें चरण की विशेष काउन्सिलिंग का कार्यक्रम 4 सितम्बर से 14 सितम्बर तक निर्धारित किया गया है। इस अवधि में अभ्यर्थी रिक्त सीटों व अल्पसंख्यक संस्थानों में विशेष कोटा सीटों हेतु ऑनलाइन विकल्प भर सकेंगे। सीट आवंटन की प्रक्रिया 9 सितम्बर को पूरी की जाएगी।

# विजन डॉक्यूमेंट : हर परिवार से फीडबैक लेगी राज्य सरकार

- सार्वजनिक स्थल, स्कूल-कॉलेजों में लगेंगे क्यूआर कोड
- लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी ने जारी किया क्यूआर कोड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने के 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047' अभियान के तहत अब आम नागरिक सीधे अपनी राय सरकार तक पहुंचा सकेंगे। उपयोगी और सार्थक सुझावों का विषय विशेषज्ञ और नीति आयोग द्वारा चयन किया जाएगा।

चयनित सुझावों को जिलों और प्रदेश स्तर पर सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य जनता के सुझावों को नीति निर्माण में शामिल कर वास्तविक विकास को सुनिश्चित करना है। एक माह




तक चलने वाले इस महाभियान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राजधानी लखनऊ स्थित लोक भवन में विशेष क्यूआर कोड और ऑनलाइन समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल का उद्घाटन किया। इनके जरिए सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने जनता से बढ़ चढ़कर अपने सुझाव देने का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सुझाव देने की प्रक्रिया को आसान और सुलभ बनाने के लिए सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों और कॉलेजों में क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। नागरिक इन क्यूआर कोड को स्कैन करके अपने सुझाव सीधे पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। कार्यक्रम में 400 से अधिक प्रबुद्धजन शामिल हुए, जिन्होंने अभियान की कार्ययोजना पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल केवल प्रशासनिक प्रयास नहीं, बल्कि जनता की भागीदारी से प्रदेश को समृद्ध और विकसित बनाने का एक बड़ा कदम है।

### 12 सेक्टर विजन डॉक्यूमेंट का हिस्सा

समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल (https://samarthuttarpradesh.up.gov.in) पर प्रदेशवासी अपने सुझाव दे सकते हैं। जो 12 प्रमुख सेक्टरों– कृषि, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी–टेक्नोलॉजी, पर्यटन, नगर व ग्राम्य विकास, आधारभूत संरचना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा व सुशासन– पर केंद्रित विजन डॉक्यूमेंट का हिस्सा बनेंगे। विजन डॉक्यूमेंट अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति थीम पर आधारित है।

### योगी ने साझा की अभियान की रूपरेखा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अभियान का पहला चरण प्रबुद्धजनों के साथ अकादमिक संस्थानों में गोष्ठियों से शुरू होगा। इसके बाद इसमें प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक व केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे। हर ग्राम पंचायत और नगर निकाय के वार्ड में संकल्प लिया जाएगा। सुझाव क्यूआर कोड के माध्यम से लिए जाएंगे, जो शॉर्ट, मीडियम और लॉन्ग टर्म प्लानिंग पर आधारित होंगे।

# डीप टेक का प्रमुख केंद्र बनेगा यूपी

## समन्वय से उद्योग-अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री

- योगी बोले-डीप टेक भारत 2025 के लिए उठाएंगे ठोस कदम
- आईआईटी कानपुर बनेगा इनोवेशन और नवाचार का अगुवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** आईआईटी कानपुर में बुधवार को समन्वय से उद्योग-अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश को 'भारत डीप टेक 2025' का केंद्र बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है। प्रदेश को डीपटेक के क्षेत्र में अगुवा बनाने का संकल्प जताते हुए डीप टेक पर एक प्रभावशाली समिट आयोजित करने पर जोर दिया जिससे रिसर्च और नवाचार को नई दिशा मिल सके। कहा कि आईआईटी कानपुर में डीप टेक इनोवेशन का केंद्र बनना चाहिए।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने तकनीक पर संस्थानों को अधिक जोर देने की बात कही। कहा कि आईआईटी कानपुर को डीप टेक इनोवेशन का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा। स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और युवाओं को वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने पर जोर दिया जाएगा, ताकि उत्तर प्रदेश आने वाले समय में तकनीकी क्रांति का अग्रदूत बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग भारत का पहला 'डीप टेक भारत 2025' बनने की ओर आगे बढ़ें, इसके लिए एक अच्छा शिखर सम्मेलन (समिट) होना चाहिए, जहां डीप टेक भारत को लेकर ठोस कार्य किया जा सके। आईआईटी कानपुर को इसका केंद्र बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौतमबुद्ध नगर में इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से भूमि भी आवंटित की गई है। मैं चाहूंगा कि आईआईटी कानपुर इसका नेतृत्व करे, ताकि यह पूरे देश को आज की चुनौतियों की दिशा में नई लीडरशिप देने में सक्षम हो। आईआईटी कानपुर में यह क्षमता है। इसके लिए डीआरडीओ, इसरो और अन्य संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उद्योगों को आगे बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए शोध पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। उद्योग जगत से जुड़े लोगों को तत्काल मुनाफा हासिल करने पर अब सोचना चाहिए। अब समय आ गया है कि जब उद्योग जगत तुरंत मुनाफा कमाने की बजाय शोध पर विशेष ध्यान दे। इससे आत्मनिर्भर भारत की योजना को बल मिलेगा।




मुख्यमंत्री को हस्त शिल्प उत्पाद भेंट करते आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो मणिंद्र अग्रवाल। साथ में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान व अन्य गणमान्य।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सभी क्षेत्र के लिए जरूरी

आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणिंद्र अग्रवाल ने कहा कि इस समन्वय कार्यक्रम का मकसद है कि उद्योगों और अकादमी के बीच समन्वय स्थापित हो सके। इससे प्रदेश के उद्यमी जान सकेंगे कि आईआईटी में रिसर्च पर क्या हो रहा है। उद्यमियों की समस्याओं को दूर करने के लिए मिलकर काम किया जा सकेगा। टीसीएस के चीफ टेक्निकल अफसर डॉ. हैरिक विन ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सभी क्षेत्र में बहुत जरूरी हो गया है। इस तकनीक से नौकरियां जाएंगी नहीं अपितु शिफ्ट होंगी। कर्मचारियों के काम करने का तरीका बदल जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे।

# द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाएंगे भारत-जर्मनी : जयशंकर

## विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत सहयोग को दोनों देशों में बनी सहमति

- यूरोपीय संघ के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते को जर्मनी ने दिया समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया में आर्थिक अस्थिरता तथा राजनीतिक अनिश्चितता की चुनौती के बीच भारत और जर्मनी ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को प्रगाढ़ बनाने, द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने और हिन्द प्रशांत क्षेत्र सहित विश्व में नियम आधारित व्यवस्था बनाने पर जोर दिया है। जर्मनी ने यूरोपीय संघ के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते का भी पुरजोर समर्थन करने के साथ-साथ आतंकवाद पर भी भारत के दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा है कि आत्मरक्षा के अधिकार के मामले में वह भारत के साथ खड़ा है।

जर्मनी ने भारत को तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा है कि भारत का दुनिया में विशेष और रणनीतिक महत्व है। दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत बनाने तथा इसके विस्तार पर सहमति व्यक्ति की। उन्होंने यूक्रेन-रूस संघर्ष के बातचीत से समाधान की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल के साथ वार्ता के बाद बुधवार को यहां कहा कि भारत दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने के लिए जर्मनी के विदेश मंत्री के अत्यंत खुले, रचनात्मक और सकारात्मक दृष्टिकोण का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक अस्थिरता और राजनीतिक अनिश्चितता की दोहरी चुनौतियों के बीच परामर्श और परस्पर सहयोग पर आधारित रणनीतिक स्वायत्तता वाला बहुध्रुवीय विश्व समय की जरूरत है।



जर्मन समकक्ष वेडफुल के साथ विदेश मंत्री जयशंकर।

### आतंकवाद के मुद्दे पर हम भारत के साथ : वाडेफुल

जर्मन विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल ने कहा कि जहां तक आतंकवाद का मुद्दा है तो आत्मरक्षा से जुड़े इस मामले में जर्मनी दृढ़ता से भारत के पक्ष में खड़ा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियमों पर आधारित व्यवस्था के मामले में भी जर्मनी, भारत और कई अन्य देशों से सहमत है।

# बीएसएफ ने शुरू किया ड्रोन युद्ध कौशल स्कूल

- जवानों को दिया जाएगा आधुनिक युद्ध का प्रशिक्षण
- तैयार किए जाएंगे ड्रोन कमांडो और ड्रोन योद्धा

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ लगती भारत की सीमाओं की रक्षा का दायित्व संभाल रहा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) आधुनिक युद्ध कौशल के लिए अपनी विशेष यूनिट ड्रोन कमांडो और ड्रोन योद्धाओं को रिमोट संचालित एरियल प्लेटफार्म सहित विभिन्न प्रशिक्षण दे रहा है ताकि उन्हें ऑपरेशन सिंदूर जैसे मिशनों में तैनात किया जा सके।

सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के टेकनपुर में बल की अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में ड्रोन युद्ध स्कूल का उद्घाटन किया। करीब 2.65 लाख कर्मियों वाला बीएसएफ ऑपरेशन सिंदूर से सीख लेकर अपना पहला ड्रोन स्क्वाड्रन स्थापित कर रहा है। बल के एक प्रवक्ता ने कहा कि ड्रोन युद्ध स्कूल, बल के सीमा प्रहरियों को आधुनिक सामरिक चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि यह संस्थान पांच विशेष पाठ्यक्रमों के माध्यम से ड्रोन कमांडो और ड्रोन योद्धाओं को तैयार करेगा, जिनमें मानव रहित यान (यूएवी) संचालन, ड्रोन-विरोधी युद्ध और निगरानी एवं खुफिया जानकारी एकत्र करना शामिल है। इस स्कूल में सिमुलेटर और लाइव ड्रोन फ्लाइंग ज़ोन, यूएवी और पेलोड एकीकरण की सुविधाएं, रात्रि संचालन की सुविधाएं, रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) जैमर और काइनेटिक इंटरसेप्टर के लिए उपकरण, लिंक्ड हार्डवेयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उपकरण होंगे।



### ऑपरेशन सिंदूर से ली रणनीतिक सीख

बीएसएफ महानिदेशक ने तीन साल से चल रहे रूस–यूक्रेन युद्ध के बारे में बात की, जिसमें ड्रोन ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर से रणनीतिक सीख ली है। यह बल पाकिस्तानी ड्रोनों से भी निपटता है जिनसे सीमा पार से भारत में मादक पदार्थों, हथियार और गोला–बारूद की तस्करी की जाती है।

# नायब तहसीलदार ने गोली मारकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर



- अपने सरकारी आवास में लाइसेंसी पिस्टल से मार ली गोली

**अमृत विचार:** नायब तहसीलदार ने सरकारी आवास में लाइसेंसी पिस्टल से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

बागपत जिले के बड़ौत के गांव कुरड़ी नांगल निवासी राजकुमार चौधरी (42) बिजनौर सदर तहसील में नायब तहसीलदार थे। वह आफिसर कालोनी में पत्नी, दो बेटियों और मां-पिता के साथ रह रहे थे। वह मंगलवार को आधिकारिक कार्य से इलाहाबाद हाईकोर्ट गए थे और बुधवार सुबह लौटे थे। सुबह करीब साढ़े 10 बजे वह कमरे में थे। गोली की आवाज सुनकर परिजन दौड़े, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। 15 से 20 मिनट तक कोई जवाब नहीं मिला तो अधिकारियों की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया। खून से लथपथ राजकुमार को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही डीएम जसजीत कौर, एसपी समेत कई अधिकारी पहुंचे। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने रिवाल्वर सील कर दिया है।

# जीएसटी सहायक आयुक्त रिश्वत लेते गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली/रामपुर



- स्क्रैप कारोबारी से जीएसटी पंजीकरण को मांगे थे 25 हजार
- बरेली विजिलेंस की टीम ने रामपुर के राज्यकर कार्यालय से दबोचा

**अमृत विचार :** स्क्रैप कारोबारी की शिकायत पर सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) बरेली की टीम ने बुधवार को रामपुर स्थित राज्य कर विभाग कार्यालय से जीएसटी सहायक आयुक्त सतीश कुमार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

रिपोर्ट दर्ज कर विजिलेंस आरोपी को बरेली लाकर पूछताछ कर रही है। रामपुर जिले के भोट थाना क्षेत्र निवासी आले नवी ने पत्नी नाजिमा के नाम से स्क्रैप का काम करने के लिए फर्म बनाई थी। जीएसटी पंजीकरण के लिए उसने राज्य कर के सहायक आयुक्त सतीश कुमार से संपर्क किया तो 25 हजार रुपये रिश्वत मांगे। कई दिन बाद पीड़ित रुपये देने पर तैयार हुआ। उसने बरेली में विजिलेंस से शिकायत भी कर दी। विजिलेंस टीम बुधवार दोपहर रामपुर पहुंची। व्यापारी ने जैसे ही सहायक आयुक्त को पहली किस्त के 15 हजार रुपये दिए, टीम ने उसे दबोच लिया। एसपी विजिलेंस बरेली अरविंद कुमार ने बताया कि गुरुवार को कोर्ट ने पेश कर आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

# गैंगस्टर मैनपाल ढिल्ला कंबोडिया से प्रत्यर्पित

**दिल्ली/गुरुग्राम।** हरियाणा के कुख्यात वांछित अपराधी मैनपाल ढिल्ला को राज्य पुलिस, केंद्रीय गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के सहयोग से सीबीआई द्वारा समन्वित एक अभियान में कंबोडिया से प्रत्यर्पित किया गया।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मैनपाल बादली और सोनू कुमार के नाम से भी पहचाने जाने वाले ढिल्ला पर हत्या समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं और वह उम्रकैद की सजा काट रहा था। उस पर जेल में रहते हुए एक हत्या करने का भी आरोप है। उसे 17 जुलाई 2018 को पैरोल पर रिहा किया गया था, जिसके बाद वह फर्जी पहचान पत्र के साथ विदेश भाग गया था।

**राष्ट्रपति संदर्भ** — सुप्रीम कोर्ट में राज्यों की ओर से पेश की गई दलील– संप्रभुता की इच्छा पर सवाल नहीं उठा सकते गवर्नर

# विधेयकों पर राज्यपालों की मनमर्जी नहीं चल सकती

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि विधेयक के रूप में जनता की आकांक्षाओं को राज्यपालों और राष्ट्रपति की मनमर्जी और इच्छाओं के अधीन नहीं किया जा सकता, क्योंकि कार्यपालिका को विधायी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से रोका गया है।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित राज्य सरकार ने प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ से कहा कि राज्यपाल संप्रभु की इच्छा पर सवाल नहीं उठा सकते हैं और विधानसभा द्वारा पारित विधेयक की विधायी क्षमता की जांच करने के लिए आगे नहीं बढ़ सकते हैं, जो न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस बारे में राष्ट्रपति संदर्भ पर सातवें दिन सुनवाई हुई कि क्या न्यायालय राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के विचार करने के लिए समय-सीमा निर्धारित कर सकता है। पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर भी शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि जनता की आकांक्षा कार्यपालिका (राज्यपाल और राष्ट्रपति) की मनमर्जी और इच्छाओं के अधीन नहीं हो सकती। कार्यपालिका को कानून बनाने की प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से प्रतिबंधित किया गया है। संप्रभु की इच्छा सर्वोच्च है। पीठ ने पूछा कि क्या आपका यह कहना है कि विधेयकों को मंजूरी देनी होगी, भले ही वे विधायी क्षेत्राधिकार के अनुरूप न हों और उनकी वैधता का परीक्षण अदालतों में किया जा सकता है? सिब्बल ने कहा कि कार्यपालिका संप्रभु की इच्छा में बाधा नहीं बन सकती और किसी कानून की संवैधानिकता का परीक्षण न्यायालय द्वारा किया जाना चाहिए, न कि कार्यपालिका द्वारा। उन्होंने कहा कि राज्यपालों को विधेयकों पर तत्काल निर्णय लेना होगा, न कि तीन या छह महीने की अवधि में। सिब्बल ने कहा कि किसी कानून को नागरिकों या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अदालत में चुनौती दी जा सकती है। यह दुर्लभ से दुर्लभतम मामला है कि राज्यपाल यह कहें कि मैं विधेयकों को मंजूरी नहीं दे सकता और इसे रोक सकता हूं।



### अनुच्छेद 200 कानूनों को अवरुद्ध करने का विवेकाधिकार नहीं देता

सिब्बल ने अनुच्छेद 200 में जितनी जल्दी हो सके वाक्यांश पर जोर देते हुए कहा कि राज्यपालों और राष्ट्रपति को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। कहा कि अनुच्छेद 200 राज्यपालों को कानूनों को अवरुद्ध करने का कोई व्यक्तिगत विवेकाधिकार नहीं देता है। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सुब्रमण्यन ने भी कांग्रेस शासित कर्नाटक की ओर से इस संदर्भ के खिलाफ दलील दी। हिमाचल प्रदेश की ओर से अधिवक्ता आनंद शर्मा पेश हुए और उन्होंने 'प्रेसीडेंशियल रेफरेंस' का विरोध किया। सुनवाई नौ सितंबर को फिर से शुरू होगी।

सुपरमैक्स हॉस्पिटल
(A Unit of Supermax Health Care Pvt. Ltd.)



पेट, लीवर एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. एस.के. सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.डी. मेडिसिन (गोल्ड मेडलिस्ट)
के.जी.एम.यू. लखनऊ
DNB, FACG गेस्ट्रो (अमेरिकन कॉलेज ऑफ गेस्ट्रोइन्टोलॉजी)
डायग्नोस्टिक एण्ड थेराप्यूटिक एण्डोस्कॉपिस्ट
भूतपूर्व परामर्श चिकित्सक
विवेकानन्द सुरपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मुरादाबाद
पेट एवं लीवर रोग विभाग, के.जी.एम.यू. लखनऊ

निम्न रोगों के विशेषज्ञ
- लीवर सिरोसिस तथा लीवर (जिगर) सम्बन्धित बीमारियाँ
- साधारण पीलिया, डिपोटाइटस बी/सी (काला पीलिया)
- लीवर (जिगर) तिल्ली का बड़ा होना, फैटी लीवर
- गले में रूकावट, खाना निगलने में तकलीफ
- खाने के बाद उल्टी का इलाज
- गैस, बदहजमी (खाना न पचना) अफरा या पेट फूलना
- छाती में जलन/दर्द, खट्टी डकार
- खून की उल्टी और लैट्रिन (टट्टी) में खून आना
- बार-बार दस्त लगना, खूनी दस्त
- भूख न लगना, वजन घटना
- लीवर में मवाद (पस) / फोड़ा
- पेट में दर्द होना
- पेट/आंतो में टी.बी.
- कब्ज/पेट साफ न होना
- पेंक्रियाज की सूचन
- शराब से हुई लीवर (जिगर) की बिमारियाँ
- अल्सरेटिव कोलाइटिस (आई.बी.डी.)
- पित्त की नली, पेंक्रियाज की नली की पथरी या सिकड़न का इलाज

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ



डॉ. नीतू वर्मा
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (कानुपर)
स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाँझपन रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व परामर्श चिकित्सक
महारानी लक्ष्मीबाई
मेडिकल कॉलेज, झाँसी
परामर्श
समय प्रातः 10:00 बजे से
सायं 03:00 बजे तक

निम्न रोगों के विशेषज्ञ
- गर्भवती महिला का सम्पूर्ण जाँच
- नॉर्मल डिलीवरी एवं दर्द रहित नॉर्मल डिलीवरी
- ऑपरेशन द्वारा बच्चे का जन्म
- बच्चेदानी व अण्डेदानी से रसौली का दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन
- नि:संतान रोगी का जाँच व इलाज
- बच्चेदानी के कैंसर की जाँच व इलाज

जनरल सर्जरी-दूरबीन विधि के द्वारा पित्ते की थैली का ऑपरेशन हार्निया, हाइड्रोसिल एवं अपेंडिक्स के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

ENDOSCOPY ERCP
COLONOSCOPY FIBROSCAN
SIGMOIDOSCOPY

Ph.: 0591-3560194
9410477870, 9758362794
Z-16
आशियाना-2, 24 मी. रोड,
निकट विवेकानन्द हॉस्पिटल, अम्बेडकर पार्क,मुरादाबाद
समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक एवं
सायं 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक
(रविवार में केवल इमरजेन्सी)
24 घंटे इमरजेन्सी की सुविधा
24 घंटे इमरजेन्सी पैथोलॉजी की सुविधा


### नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती हत्यारोपी ने पिता को दिन में ही दे दी थी चेतावनी

# भानू ने कहा था, केंद्र से बाहर नहीं निकाला तो कर दूंगा कोई घटना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंगलवार रात खिड़की के शीशे से अरुण की गला रेतकर कर दी थी हत्या, भेजा जेल
- पुलिस ने अरुण के भाई की तहरीर पर केंद्र संचालक व वार्डन के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** नशामुक्ति केंद्र से बाहर निकलने के लिए आरोपी भानू प्रताप ने अरुण पटेल की हत्या की थी। हत्यारोपी भानू ने सोचा था कि हत्या करने के बाद उसे कोई रोक नहीं पाएगा। मंगलवार दोपहर आए पिता से आरोपी ने बाहर निकालने की बात कही थी। इतना ही नहीं पिता से कहा था कि अगर मुझे बाहर नहीं निकाला तो कोई घटना कर दूंगा। पुलिस ने मृतक के पिता के शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी भानू प्रताप के अलावा नशा मुक्ति केंद्र संचालक कमलजीत सिंह और वार्डन वीरेंद्र के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के रामगंगा विहार केसरी कुंज में नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र है। यहां बरेली जनपद के बिथरी चैनपुर स्थित चंदपुर बिचपुरी निवासी अरुण पटेल को 13 अगस्त को भर्ती किया था। केंद्र में ही आठ माह से अमरोहा के जगवाखुर्द रजकपुर निवासी भानुप्रताप का भी उपचार चल रहा था। सभी एक हॉल में रहते थे।

प्रतिदिन की तरह मंगलवार रात सभी ने खाना खाया। इस बीच भानु अपने साथ अरुण को हॉल के बगल वाले कमरे में ले गया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया था। जिसके बाद खिड़की का शीशा तोड़ा और अरुण का गला रेतकर हत्या कर दी थी। नशामुक्ति केंद्र में मौजूद वार्डन व संचालक ने आरोपी को पकड़ पुलिस को सौंप दिया था। देर रात बरेली से परिजन मुरादाबाद पहुंचे। मृतक के भाई तरुण पटेल के शिकायती पत्र पर पुलिस ने आरोपी भानू प्रताप के अलावा संचालक कमलजीत सिंह और वार्डन वीरेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। भाई का आरोप है कि हत्या में यह दोनों भी शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने भानू प्रताप को जेल भेज दोनों की तलाश कर रही है। वहीं प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। भानू को जेल भेज संचालक व वार्डन की तलाश की जा रही है।

#### आसपास के लोगों के लिए भी हो सकता है खतरा

आबादी के बीच चल रहे नशामुक्ति केंद्र को कॉलोनीवासियों ने बंद कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि आसपास के लोगों के लिए भी घातक साबित हो सकता है। क्योंकि वहां पर बंद कोई भी व्यक्ति बाहर निकलकर किसी पर हमला कर सकता है। ऐसे में वहां के लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## इंस्पायर अवार्ड नामांकन में प्रदेश में जनपद प्रथम

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जनपद इंस्पायर अवार्ड नामांकन में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। माध्यमिक और बेसिक के जो विद्यालय अभी नामांकन करने से रह गए हैं 4 सितंबर को आइडिया नामांकन दिवस मनाया जाएगा इसमें वह शामिल हो सकते हैं। इंस्पायर अवार्ड के स्टेट नोडल संयुक्त शिक्षा निदेशक विवेक नौटियाल के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश इंस्पायर में प्रगति कर रहा है।

डीआइओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि जिले में अच्छा प्रयास चल रहा है। जनपदीय प्रभारी बबिता मेहरोत्रा ने बताया कि चरणबद्ध तरीके से अलग-अलग कार्यक्रम कराकर इंस्पायर में बच्चों का नामांकन कराया गया है।

# डीएम की अनुमति बिना नहीं किया जाए औद्योगिक इकाई का निरीक्षण

### मंडल स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में मंडलायुक्त ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में निर्देश देते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह।

- रामगंगा पर रामपुर को जोड़ने के लिए एक और पुल निर्माण को शासन को भेजें प्रस्ताव

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय सभागार में मंडल स्तरीय उद्योग बंधु की मासिक समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी विभागीय अधिकारी जिलाधिकारी की पूर्व अनुमति और उद्योग विभाग के अधिकारियों को सूचना दिए बगैर औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण नहीं करेंगे। जिससे उद्यमियों को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के लिए व्यवस्थित प्रणाली लागू होनी चाहिए।

रामगंगा नदी पर रामपुर को जोड़ने वाला एक पुल होने के चलते जाम लगने पर हो रही समस्याओं को देखते हुए मंडलायुक्त ने सेतु निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि यहां एक और पुल बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजें। गागन नदी क्षेत्र को भी अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नगर निगम और सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह सुनिश्चित कराएं कि मंडल के सभी जिलों में मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न रहे। डियर पार्क के संचालन के बारे में पूर्व में दिए निर्देश पर प्रगति की समीक्षा की।

वन विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को डियर पार्क के संचालन में आ रही रुकावटों को जल्द दूर कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर आयुक्त प्रथम सर्वेश गुप्ता, अपर आयुक्त द्वितीय शशि भूषण, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार के अलावा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और उद्यमी मौजूद रहे।

#### अतिक्रमण करने वालों पर कराएं प्राथमिकी

मंडलायुक्त ने कांठ रोड पर स्वीकृत इंफ्रा लाइफ इंडस्ट्रियल प्लेज पार्क के संपर्क मार्ग को अवैध कब्जा मुक्त कराने के बाद फिर अतिक्रमण कर रास्ता अवरूद्ध करने की शिकायत पर एसडीएम सदर को अवैध अतिक्रमण करने वाले के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया।

#### सड़क चौड़ीकरण का भेजा प्रस्ताव

डोलरा गांव निकट दलपतपुर में ड्राइपोर्ट परियोजना के लिए सड़क चौड़ीकरण के संबंध में अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि प्रस्ताव तैयार कर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के लिए शासन को भेज दिया गया है। शासन से मंजूरी मिलते ही कार्य शुरू कराएंगे।


बुधवार शाम टाउन हॉल पर बारिश के बीच गुजरते लोग। ● अमृत विचार

# शाम को 20 मिनट हुई बारिश ठंडी हवाओं से खिल उठे चेहरे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सुबह से चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को बुधवार को दोपहर बाद राहत मिली। सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण लोगों को गर्मी से काफी परेशानी हो रही थी। शाम को मौसम का मिजाज अचानक बदला। काले बादल छा गए और हवाओं के साथ शाम चार बजे बारिश शुरू हो गई।

करीब 20 मिनट तक हुई इस बारिश ने गर्मी को कम कर दिया और मौसम सुहावना हो गया। हवा में ठंडक होने से लोगों ने राहत की सांस ली। बच्चे बारिश का मजा लेते दिखे और ऑफिस से लौट रहे लोग भीगने से बचने की बजाय फुहारों का आनंद उठाते नजर आए। बुधवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई और उमस भी काफी कम हो गई। अच्छी बात यह रही कि बारिश थोड़े समय की होने के कारण कहीं भी जलभराव की समस्या नहीं हुई। सड़क और गलियां सामान्य रहीं और यातायात पर भी कोई असर नहीं पड़ा। बाजारों में भी सामान्य रौनक बनी रही, हालांकि लोग फुहारों का मजा लेने के लिए छतों और गलियों में जरूर निकल आए।

# संविदा कर्मियों का हंगामा स्वास्थ्य अधिकारी से भिड़े


सिविल लाइन थाने में तहरीर देने पहुंचे संविदा कर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अभद्रता व मारपीट का आरोप लगाया, दी तहरीर

**अमृत विचार:** नगर निगम के संविदा कर्मचारियों ने बुधवार को नगर आयुक्त के शिविर कार्यालय परिसर में हंगामा किया। उनकी नगर स्वास्थ्य अधिकारी से कुछ मुद्दे पर भिड़ंत हो गई। हालांकि सफाई कर्मियों का आरोप था कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने उनके साथ अभद्रता कर मारपीट की है। लेकिन उन्होंने इंकार किया।

बुधवार को सफाई कर्मचारी रजनीश चौधरी आदि शिविर कार्यालय परिसर में पहुंचे और अपने उत्पीड़न का आरोप लगाया। बाद में कर्मचारी नेता ओमीलाल वाल्मीकि के साथ सफाई कर्मी रजनीश चौधरी आदि सिविल लाइंस थाने पहुंचे। उन्होंने अपने साथ उत्पीड़न का आरोप लगाकर शिकायती पत्र दिया।

## दोस्तों के साथ नहाने गया किशोर रामगंगा में डूबा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** थाना नागफनी क्षेत्र के बंगला गांव निवासी गणेश का बेटा नीरज(17) मंगलवार की देर शाम दोस्तों के साथ में रामगंगा में नहा रहा था। इसी बीच वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। दोस्तों ने शोर मचाते हुए उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ ही देर में वह गायब हो गया।

सूचना पर परिजन और पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों को बुला लिया। देर रात रेस्क्यू अभियान पुलिस को रोकना पड़ा। बुधवार सुबह स्थानीय गोताखोरों के अलावा पीएसी के गोताखोर भी किशोर की तलाश में उतर गए। देर शाम तक किशोर का पता नहीं लग सका। नागफनी थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश की जा रही है।

# पुलिस ने मुठभेड़ में दो गोकश पकड़े, एक के पैर में लगी गोली, दूसरा गिरकर घायल

संवाददाता, भोट


पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार गोकशी के आरोपी। ● अमृत विचार

- जिला अस्पताल में कराया उपचार, कोर्ट से भेजे गए जेल

**अमृत विचार :** पुलिस ने मंगलवार देर रात क्षेत्र के सनकरी गांव के पास मुठभेड़ के बाद गोकशी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी के पैर में गोली लगी है। जबकि एक आरोपी सड़क पर बाइक गिरने से घायल हो गया।

मोहनपुर गांव में मंगलवार सुबह खेत में गोवंशीय पशु का वध कर अवशेष फेंके जाने के मामले में पुलिस ने जिला गोरक्षा प्रमुख की तहरीर पर अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर पशु अवशेषों को पास के ही खेत में दबवा दिया था। मामले में रिपोर्ट होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने पशु वध के आरोपियों की गिरफ्तारी को दो टीमों का गठन किया था। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि मामले की जांच के दौरान इस प्रकरण में तीन आरोपियों के नाम प्रकाश में आने पर पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी में जुट गई थी। मंगलवार रात में मुखबिर की सूचना पर पुलिस थाना क्षेत्र के सनकरी गांव के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो व्यक्ति पुलिस टीम को चेकिंग करते देख बाइक को मोड़ कर भागने लगे। सड़क किनारे गीली मिट्टी होने के कारण उनकी बाइक फिसलकर गिर गयी। मौके पर मौजूद पुलिस टीम बाइक सवार दोनों युवकों की तरफ भागी तो दोनों आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में थाना गंज क्षेत्र के नई बस्ती नानकार निवासी भूरा व अजीमनगर थाना क्षेत्र के खंडिया गांव निवासी मोबीन गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस टीम ने घायल अवस्था में दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो तमंचे, 4 कारतूस, दो खोखे, पशु काटने के उपकरण, दो मोबाइल व एक बाइक बरामद हुई। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने केमरी निवासी अपने एक अन्य साथी के साथ मोहनपुर गांव के जंगल में गोवंशीय पशु का वध कर अवशेष फेंके जाने की जानकारी भी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार किए दोनों शातिर अपराधी हैं। गिरफ्तार भूरा पर जिले के विभिन्न थानों में आठ से भी अधिक तथा मोबीन पर 12 से भी अधिक गोकशी समेत अन्य आपराधिक मामलों के मुकदमे दर्ज हैं। तीसरे साथी की भी तलाश को पुलिस टीम का गठन कर दिया गया है।

### प्रधान ने चहेतों को बेची सरकारी जमीन, प्रशासन ने खाली कराई

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव सहसपुरी में शासन के आदेश पर प्रशासन ने सरकारी जमीन खाली कराई। ग्राम प्रधान राजवीर सिंह ने चहेतों को पंचायत भवन और कन्या पाठशाला की जमीन बेच दी थी और दोनों भवन दूसरी सरकारी जमीन पर बनवा दिए। गांव निवासी कलुवा और नरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में बताया कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज कन्या पाठशाला व पंचायत भवन को प्रधान ने गांव निवासी सोमपाल व रामपाल को बेच दिया है। उस पर दोनों ने अपना निजी कब्जा जमा कर अवैध रूप से निर्माण कर लिया। बुधवार को नायब तहसीलदार ठाकुरद्वारा ने राजस्व विभाग की टीम के साथ गांव पहुंचकर सरकारी भूमि चिन्हित कराकर अतिक्रमण पर बुलडोजर चला कर जमीन खाली करा दी। कार्रवाई के दौरान प्रशासन के साथ पुलिस फोर्स तैनात रहा।

# कांठ के दरोगा योगेश कुमार को पाकबड़ा थाने की कमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एसएसपी ने पुलिस लाइन से कई दरोगाओं को दी तैनाती
- गोमांस को दबाकर मामला रफादफा करने पर नपे कई

**अमृत विचार:** कार से बरामद गोमांस को दबाकर मामले को रफादफा करने के मामले में पाकबड़ा थाने के इंस्पेक्टर मनोज कुमार समेत 10 पुलिसकर्मियों के निलंबन के बाद एसएसपी ने थाने का चार्ज अब कांठ थाने में तैनात दरोगा योगेश कुमार को दिया है। कार्रवाई करते हुए पाकबड़ा थाने के निरीक्षक अपराध इंस्पेक्टर वीरेंद्र बहादुर सिंह को ठाकुरद्वारा भेजा गया है।

एसएसपी ने मंगलवार की देर रात इंस्पेक्टर मनोज कुमार, चौकी इंचार्ज अनिल तोमर, दरोगा महावीर सिंह, सिपाही बसंत कुमार, धीरेंद्र कसाना, मोहित, मनीष, पीआरवी के दरोगा तस्लीम, सिपाही राहुल, चालक सोनू सैनी को निलंबित कर दिया था। देर रात ही एसएसपी ने थाने की कमान दरोगा योगेश कुमार को देते हुए पुलिस लाइन से दरोगा अजय कुमार खटाना, अंकित कुमार, राजेश कुमार, अरूणेश कुमार सिंह, मतीनुर्रहमान मिर्जा को तैनात कर दिया।

पितृपक्ष | सात को पितृ पक्ष के पहले दिन चंद्रग्रहण, 21 सितंबर को विसर्जन पर लगेगा सूर्य ग्रहण

# 122 साल बाद आरंभ व विसर्जन पर ग्रहण की साया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- चंद्रग्रहण में नौ घंटे पहले लग जाता है सूतक, दोपहर 12:57 बजे बंद हो जाएंगे मंदिरों के कपाट

**अमृत विचार:** इस वर्ष 122 वर्ष बाद पितरों के स्मृति पर्व पितृपक्ष के आरंभ व विसर्जन पर ग्रहण का साया रहेगा।


पंडित केदार मुरारी।

पितृपक्ष का आरंभ सात सितंबर को चंद्रग्रहण और विसर्जन पर 21 सितंबर को सूर्य ग्रहण पड़ेगा। इस पर पहले व आखिरी दिन ग्रहण लगेगा। ज्योतिषाचार्य पंडित केदार मुरारी ने बताया कि इस बार पितृपक्ष की पूर्णिमा 7 सितंबर को है। इस दिन चंद्रग्रहण लगेगा।

चंद्र ग्रहण का स्पर्श रात्रि 9:57 बजे, मध्य रात्रि 11:41 व मोक्ष रात्रि 1:27 बजे है। चंद्र ग्रहण में नौ घंटा पूर्व सूतक लग जाता है। इसलिए इस ग्रहण का सूतक सात सितंबर रविवार को दिन में 12:57 पर लगेगा, मंदिरों के कपाट बंद रहेंगें।

#### आवश्यक सामान

तांबे या पीतल के पात्र में जल लेकर उसमें जौ, काले तिल, गंगाजल, सफेद फूल, कच्चा दूध और दही मिलाकर तर्पण के लिए तैयार करें, पितरों का चित्र रखकर उसके सामने एक दीया जलाएं।

#### पितृ तर्पण करने की विधि

घर की महिलाओं द्वारा शुद्ध भोजन बनवाएं, स्वच्छ वस्त्र धारण करें और शरीर को शुद्ध करें, शुद्ध स्थान पर कुशा (एक प्रकार की घास) का आसन बिछा पूर्व की ओर मुंह करके देवताओं का तर्पण करें, उत्तर को मुंह करके ऋषि ( दिव्य मनुष्यों का तर्पण करें और दक्षिण दिशा की ओर मुख कर पितरों का तर्पण करें, तांबे के लोटे में जल, तिल, जौ, दूध, और फूल मिलाकर सीधे हाथ के अंगूठे से पितरों को जल अर्पित करें।

#### मातृ श्राद्ध

माता, दादी और परदादी को भी जल अर्पित करें, उनका नाम और गोत्र लेकर तर्पण करें, सुहागन स्त्री किसी भी दिन मरी हों तो उनका श्राद्ध नवमी के दिन करें।

#### इस मंत्र का करें जाप

ॐ पितृभ्य : नम :" मंत्र का उच्चारण करें और अपने पूर्वजों का स्मरण करें, पहले पिता, फिर दादा, और फिर परदादा का नाम लेकर तीन-तीन बार पितरों को जल चढ़ाएं।

## शहर में आज



☞ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर की ओर से मेधावी छात्र-छात्र एवं शिक्षक शिक्षिका सम्मान समारोह बुद्धि विहार स्थित व्हाइट हाउस बैंक्वेट हाल में 11:00 बजे

☞ स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय हॉकी ट्रायल 11:00 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### इंस्टाग्राम पर फोटो डालने में केस दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना नागफनी क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 अगस्त की सुबह उसकी बेटी ने मोबाइल पर एक पोस्ट देखा। जिसमें बेटी की फोटो डालकर आपत्तिजनक बातें लिखी हुई थीं। पीड़िता के अनुसार पोस्ट सबीहा खान-9949 आईडी से डाली गई है। स्ट का उद्देश्य उनकी बेटी की छवि खराब करना, बदनाम करना और उसका रिश्ता तुड़वाना है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साइबर सेल से जांच की जा रही है।

### फोन से डाटा चुराकर ब्लैकमेल करने में रिपोर्ट

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की एक गांव की युवती ने मुकदमा दर्ज कराया है कि पास के ही गांव के युवक ने मोबाइल सही करने के बहाने से उसके वीडियो फोटो फोन से ले लिए और बाद में वायरल करने की धमकी दी। जिला संभल के थाना असमोली क्षेत्र के गांव भैसोड़ा के निवासी अरमान को थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी युवती ने खराब होने पर मोबाइल ठीक करने के लिए दिया था। जिसमें आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो युवक ने उसमें से ले लिए। उसके बाद अपने साथ संबंध बनाने की धमकी देने लगा। ऐसा नहीं करने पर वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी दी। युवती ने थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### शराब सेल्समैन से मांगी रंगदारी, चार पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर क्षेत्र के दुर्गेशनगर डबल फाटक निवासी धीरज सिंह गागन तिराहे के पास वाइन शॉप पर सेल्समैन है। पुलिस को दी तहरीर में देवेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को भाई धीरज दुकान बंद कर रहे थे तभी सनी दिवाकर, विक्की दिवाकर, सुभाष यादव और नकुल यादव पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने जबरन शराब मांगते हुए 5 लाख की रंगदारी मांगी। देवेश को फोन कर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर राहगीर जुटे तो आरोपी तमंचा लहराते भाग गए। कटघर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### थाने की उर्दू अनुवादक के निधन पर शोक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना गलशहीद में तैनात उर्दू अनुवादक मैराज बानो का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह 55 वर्ष की थीं। खबर से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि मैराज़ बानो निवासी मोहल्ला फैज़गंज थाना मुगलपुरा की मूल निवासी थीं। साल 1995 में उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस में उर्दू अनुवादक के पद पर ज्वाइन किया था। लगभग 30 वर्षों की सेवाओं के दौरान वे विभाग में अनुशासित और कर्मठ कर्मचारी के रूप में जानी जाती थीं। उनके निधन एसपी देहात समेत कई अधिकारी और कर्मचारी शोक व्यक्त करने पहुंचे।

# घर-घर से ई-वेस्ट संग्रह की मिलेगी सुविधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नागरिकों के एक कॉल पर पहुंचेगा विशेष ई-वेस्ट वाहन

**अमृत विचार:** महानगर में अब ई-वेस्ट संग्रह के लिए नगर निगम की नई पहल से नागरिकों को भी सहूलियत मिलेगी। ई-वेस्ट संग्रह के लिए एक कॉल पर निगम के वाहन नागरिकों के घर ई-कचरा लेने पहुंचेंगे।

इलेक्ट्रानिक कचरा आज के दौर में जटिल समस्या बन रहा है। यह मानव जीवन के लिए काफी घातक सिद्ध हो रहा है। इसके निस्तारण के सही उपाय न होने से पर्यावरण को नुकसान के साथ ही जन स्वास्थ्य भी असुरक्षित हो रहा है। इसको देखते हुए अब निगम ने महानगर को स्वच्छ और पर्यावरण हितैषी बनाने के लिए ई-वेस्ट का घरों से संग्रह करने की पहल की है। इसके लिए जारी नंबर पर नागरिक केवल एक कॉल करके अपने घर का ई-वेस्ट (इलेक्ट्रॉनिक कचरा) निगम के विशेष ई-वेस्ट वाहन को सौंप सकते हैं। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की प्रेरणा से शुरु हुई इस सुविधा का उपयोग करके नागरिक अपने घरों से अनुपयोगी मोबाइल, लैपटॉप, टीवी, कूलर, फ्रिज, कंप्यूटर, तार, चार्जर आदि उपकरण सौंप सकते हैं।



निगम में बना कंट्रोल रूम।



इस सेवा का उद्देश्य घर-घर से इलेक्ट्रॉनिक कचरे का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक निस्तारण कराना है। जिससे यह कचरा खुले में न फैले और पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। नागरिकों से अपील है कि वह इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं। ई-वेस्ट को घर में रखने या इधर-उधर फेंकने की बजाय निगम के वाहनों को सौंपकर स्वच्छ व स्वस्थ मुरादाबाद के निर्माण में सहभागिता करें।
**-दिव्यांशु पटेल,** नगर आयुक्त

### यह है हेल्पलाइन नंबर

ई-वेस्ट कलेक्शन हेल्पलाइन नंबर : 0591-4056954। नागरिक इस नंबर पर कॉल करके अपने घर पर ई-वेस्ट वाहन मंगवा सकते हैं।

5 सितंबर की दोपहर 12 बजे से शहर में भारी और चार पहिया वाहनों की आवाजाही बंद

# ईद-मिलादुन्नबी पर लागू रहेगा यातायात डायवर्जन

- पैदल और दोपहिया वाहनों को ही मिलेगी अनुमति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ईद-मिलादुन्नबी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुगम यातायात व्यवस्था के साथ संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष डायवर्जन प्लान जारी किया है। पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि 5 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर क्षेत्र में वाहनों के आवागमन को लेकर विशेष प्रतिबंध लागू रहेंगे। उन्होंने बताया कि 5 सितंबर को दोपहर 12:00 से यातायात डायवर्जन व्यवस्था लागू हो जाएगी। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उनका कहना है कि भीड़ और परिस्थिति को देखते हुए यातायात व्यवस्था में समय-समय पर बदलाव किया जा सकता है।

### यह रहेगी डायवर्जन व्यवस्था

- ताजपुर रेलवे क्रॉसिंग मोड़ से जामा मस्जिद तक-दोपहर 12 बजे से भारी, तीन और चारपहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। केवल दोपहिया वाहन जा सकेंगे।
- अपना धर्म काटा से जामा मस्जिद की ओर दोपहिया वाहन भी नहीं जा पाएंगे, केवल पैदल लोग ही प्रवेश कर सकेंगे।
- इंद्रा चौक, जीआईसी चौराहा से जामा मस्जिद की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।
- प्रिंस रोड कट से इंद्रा चौक तक ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा नहीं जा पाएंगे।
- कोहिनूर तिराहा से दससराय चौकी/डबल फाटक तक केवल पैदल और दोपहिया वाहनों को ही अनुमति होगी।
- पीली कोठी चौराहा से जैन मंदिर व गुरहट्टी चौराहा की ओर भारी एवं छोटे वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- फव्वारा चौक से रेलवे स्टेशन/इम्पीरियल तिराहा तक भारी व छोटे व्यावसायिक वाहन प्रतिबंधित।

### बसों के संचालन में बदलाव

- बिजनौर/कांठ मार्ग से आने वाली रोडवेज बसें दोपहर 12 बजे से कोठीवाल डेंटल कॉलेज तिराहे से ही यात्रियों को उतारकर लौटेंगी।
- संभल/दिल्ली/बिलारी रोड की बसें आजाद नगर मोड़ तक आएंगी और वहीं से सवारियां लेकर वापस लौटेंगी।
- रामपुर/बरेली रोड की बसें काशीपुर तिराहा तक ही संचालित होंगी।
- काशीपुर/टांडा/बाजपुर मार्ग की बसें भी काशीपुर तिराहा से आगे नहीं आएंगी।

# ईद मिलादुन्नबी को लेकर उत्साह कल निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

## महानगर और देहात क्षेत्र के बाजारों में जमकर हो रही लाइटों व झंडों की खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- तिरंगा व इस्लामिक झंडों से सजे मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र

**अमृत विचार:** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन यानि ईद मिलादुन्नबी को लेकर महानगर में काफी उत्साह है। महानगर से लेकर देहात तक मुस्लिम इलाकों में काफी जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। गली-मोहल्लों में बच्चों के काफिले निकल रहे हैं तो मस्जिदों में फज्र की नमाज के बाद सलातो-सलाम का नजराना पेश किया जा रहा है। लोगों ने घरों को लाइटों और इस्लामिक झंडों से सजाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को महानगर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा।

इस बार 5 सितंबर को पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश यानि ईद मिलादुन्नबी मनाया जाएगा। जिसको लेकर मुस्लिम क्षेत्रों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में लाइटों और झंडों की बिक्री पिछले एक सप्ताह से हो रही है। वहीं दूसरी ओर लोगों ने अपने घरों और मस्जिदों को आकर्षक तरीके से सजाया है। मदरसों, मस्जिदों और घरों पर लहराते हुए झंडे प्यारे नबी की आमद का अहसास करा रहे है। वहीं

शुक्रवार को महानगर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा। जिसकी शुरूआत महानगर के जीआईसी चौराहे से होगी। यहां पहले शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद की अध्यक्षता में जलसा होगा। जिसके बाद जुलूस-ए-मोहम्मदी रवाना किया जाएगा। यह जुलूस दीवान का बाजार स्थित जामिया नईमिया मदरसे पर पहुंचकर संपन्न होगा। इससे पूर्व बड़ों से लेकर बच्चों में जुलूसे मोहम्मदी को लेकर उल्लास नजर आ रहा है। लोग बाजाारों में घरों की सजावट के लिए झंडे, पगड़ी और हजरत मोहम्मद साहब की याद से जुड़े प्रतीकात्मक सामान की खरीदारी कर रहे हैं। घरों पर रोशनी की जा रही है। मोमबत्तियां और दीये भी खरीदे जा रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन ने भी जुलूस-ए-मोहम्मदी को शांति पूर्ण माहौल में निकालवाने की तैयारियां पूरी कर ली है।


लाल मस्जिद के पास इस्लामिक झंडा पसंद करते बच्चे। ● अमृत विचार


बाजारों में की गई सजावट।

### जुलूस में शामिल नहीं होंगे डीजे व बड़े वाहन

कुछ दिन पहले मरकजी जमीयत अहले सुन्नत के नायब सदर मुफ्ती दानिश उल कादरी ने बताया कि जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर की गई बैठक में ऐलान किया गया है कि जुलूस में मिनी मैट्रो, ठेले और आटो रिक्शा की इजाजत रहेगी। सभी लोग जुलूस में अदब के साथ झंडे लेकर पैदल ही चलेंगे। किसी भी गाड़ी की छत से लंगर अथवा किसी भी प्रकार चीज नहीं फेंकी जाएगी। उन्होंने बताया कि जुलूस में डीजे लगे बड़े वाहन, खाली बड़े वाहन लाना भी मना है। इन नियमों का पूरी तरह पालन किया जाएगा।

# घर के आसपास न होने दें गंदगी सतर्कता ही बचाव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामले देख मुख्य चिकित्साधिकारी ने लोगों को जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा कि घर के आसपास गंदा पानी व गंदगी एकत्र न होने दें। इससे संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा अधिक हो जाता है। बीमार पड़ने पर डॉक्टरों से परामर्श के बाद ही दवा लें।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि अभी तक जिन गांवों में संक्रामक बीमारी फैलने की सूचना मिली है। वहां टीम भेजकर मरीजों का इलाज करवाया गया है। बताया कि इन स्थानों पर की गई जांच में पता चला कि बीमार लोगों के आसपास गंदगी फैली थी। जिसकी वजह से वे संक्रामक रोगों की चपेट में आए।

बदलते मौसम में बचाव सबसे अच्छा तरीका है। इस समय बच्चे, बुजुर्ग व गर्भवती महिलाएं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। जरा सी लापरवाही उन पर भारी पड़ सकती है। उनका कहना है कि बुखार, बदन में दर्द होने पर स्वयं से मेडिकल से दवा लेकर न खाएं। दिक्कत होने पर तुरंत चिकित्सकों से परामर्श लें और इलाज कराएं।

# जयंती पर पं. कमलापति को कांग्रेसियों ने किया याद


पं. कमलापति त्रिपाठी को जयंती पर श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पूर्व रेल मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री के योगदान को किया याद

**अमृत विचार:** महानगर के चौमुखापुल स्थित महानगर कांग्रेस कार्यालय पर बुधवार को मासिक बैठक के साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व रेल मंत्री और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित कमलापति त्रिपाठी की जयंती मनाई गई।

महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि पंडित कमलापति त्रिपाठी सच्चे कांग्रेसी थे। उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों और मूल्यों से समझौता नहीं किया। उन्होंने जाति और धर्म आधारित राजनीति को बढ़ावा नहीं दिया और सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि उनकी जयंती पर सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और स्वस्थ राजनीतिक परंपरा को आगे बढ़ाएं। वहीं मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देते हुए संगठन की मजबूती और शीघ्र विस्तार पर मंथन किया गया। कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों और विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान हकीम नाज़िम, अरशद परवेज़ एडवोकेट, नज़ाकत अंसारी, फहीम मिर्ज़ा, मुशाहिद चौधरी, पार्षद नदीम उद्दीन कातिब, मोहम्मद समी, अफसर अंसारी, परवेज़ नन्हे, मुर्सलीन खान, ज़मीर अंसारी, भयंकर सिंह बौद्ध, आसिफ नवाब, मोहम्मद सलीम उर्फ सोनी सैफी, शहज़ाद खान, शकील सिद्दीकी, शादान कुरैशी, गुड्डे भाई, बन्ने पहलवान, अनवर मुमताज़, अनमोल गुप्ता, शरीफ घोसी, नदीम गुड्डन समेत अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।

# शिक्षकों की सुरक्षा से खिलवाड़ सहन नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के मुरादाबाद आगमन पर उनसे मुलाकात की। 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। इसमें शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, पुरानी पेंशन बहाली ,निःशुल्क कैशलैस चिकित्सा सुविधा लागू करने, स्व वित्त पोषित विद्यालयों की सेवा नियमावली बनाने ,एवं सी टी ग्रेड से एल टी ग्रेड में सम्मिलित शिक्षकों की वेतन ग्रेड विसंगति एवं संस्कृत विद्यालयों में वेतन विसंगति दूर करने की मांग शामिल रही।

महासंघ के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने बताया की महासंघ प्राथमिक, माध्यमिक, विश्वविद्यालय एवं तकनीकी कॉलेजों के लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, शैक्षिक उन्नयन व राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 में शिक्षकों की पहले से चली आ रही सेवा सुरक्षा से खिलवाड़ किया गया है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिक्षा मंत्री के माध्यम से सरकार से मांग की कि प्रदेश के लाखों शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को पूर्व की तरह सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए, प्रबंधकों के शोषण से उनकी रक्षा की जाए। सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सह संयोजक डॉ. मधुबाला त्यागी, जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव मोहन सिंह, वरिष्ठ शिक्षक नेता वीर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विजय कुमार राम, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जगदीश चंद्र, श्यामवीर सिंह, ठाकुर पुष्पेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, रामवीर सिंह, मुशाहिद हुसैन आदि शामिल रहे।


रामगंगा तट पर विसर्जन के लिए पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार


रामगंगा नदी के तट पर भगवान गणेश की प्रतिमा लेकर पहुंचे बच्चे। ● अमृत विचार

# बप्पा के जयकारों के साथ निकली विसर्जन यात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रामगंगा तट पर थिरकते पहुंचे श्रद्धालु, कई मोहल्लों से निकली विसर्जन यात्राएं

**अमृत विचार :** गणेश चतुर्थी के आठवें दिन बुधवार को महानगर में श्रद्धा और उल्लास का माहौल रहा। जगह-जगह स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विधिवत पूजन-अर्चन करने के बाद श्रद्धालुओं ने जयकारों के बीच विघ्नहर्ता को विदा किया। ढोल और बैंड-बाजों की धुन पर थिरकते हुए गणेश भक्त शोभा यात्रा के साथ रामगंगा तट पर पहुंचे और जयकारों के बीच प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

नवाबपुरा, दीनदयाल नगर, दीनदारपुरा, आशियाना, हरथला, मंडी चौक स्थित गणेश मोहल्ला और गुजराती मोहल्ला समेत कई क्षेत्रों से भव्य विसर्जन यात्राएं निकाली गईं। श्रद्धालु हाथों में केसरिया ध्वज और भगवान गणेश की प्रतिमाएं लिए बप्पा का गुणगान करते हुए चले। जगह-जगह रास्ते में गुलाल और फूल वर्षा कर स्वागत किया गया।

दीनदारपुरा स्थित श्री रघुनाथ जी महाराज मंदिर में सात दिन तक गणपति की विधिवत पूजा के बाद आठवें दिन रघुनाथ जी रामार्या सेवा ट्रस्ट की ओर से शोभायात्रा का आयोजन किया गया। भक्ति गीतों और जयकारों से गूंजती शोभायात्रा के साथ गणेश प्रतिमा को रामगंगा में विसर्जित किया गया। भक्तों ने कहा कि बप्पा को विदा करना भावुक क्षण जरूर है, लेकिन विश्वास है कि अगले साल वे फिर घर-घर विराजेंगे और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करेंगे। इस मौके पर पंडित राघवेंद्र जोशी, दीपक गोयल, विपिन गुप्ता, संजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, गोपाल रस्तोगी, गोविंद, सिद्धार्थ, अमित अग्रवाल, केशव, निकुंज, राकेश अग्रवाल, ऋषि रस्तोगी, सचिन गुप्ता आदि रहे।

### गोताखोरों ने विसर्जित की प्रतिमाएं

रामगंगा नदी का स्तर बढ़ा हुआ है। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से पीएसी की ओर से तैनात गोताखोर ही श्रद्धालुओं से प्रतिमाएं लेकर नदी में विसर्जित कर रहे हैं। श्रद्धालुओं को नदी में नहीं जाने दिया जा रहा है। वहीं, पुलिस बल की भी तैनाती की गई है।


विसर्जन यात्रा के दौरान खूब उड़ा रंग और गुलाल। ● अमृत विचार


प्रतिमा निहारता श्रद्धालु।


विसर्जन करने पहुंचे भक्त।


रामगंगा नदी में प्रतिमा विसर्जित करता गोताखोर। ● अमृत विचार

## स्वास्थ्य कोना

जिला अस्पताल में एक माह में 300 में से 35-40 बच्चे किए जा रहे भर्ती

# 10 फीसदी से ज्यादा नवजात पीलिया के शिकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जन्म के बाद शुरुआती सात दिनों तक नवजात की निगरानी बेहद जरूरी

**अमृत विचार :** जिले में जन्म लेने वाले हर दस में से एक से ज्यादा नवजात पीलिया (जॉन्डिस) की चपेट में आ रहे हैं। जिला महिला अस्पताल के आंकड़े बताते हैं कि एक माह में औसतन 300 नवजातों में से 35 से 40 बच्चों को इलाज के लिए भर्ती करना पड़ा। चिकित्सकों के अनुसार नवजातों में पीलिया होना आम बात है, लेकिन समय पर उपचार न मिलने पर यह गंभीर भी हो सकता है।

जिला महिला अस्पताल में पीडियाट्रिशियन डॉ. किरन पांडे ने बताया कि महिलाओं की अनियमित जीवनशैली और गर्भावस्था के दौरान हार्मोनल असंतुलन बच्चों में इस समस्या को बढ़ा सकता है। इसके अलावा, नवजात शिशुओं के शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं (रेड ब्लड सेल्स) की मात्रा अधिक होती है। इन कोशिकाओं के टूटने से रक्त में बिलिरूबीन की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे पीलिया के लक्षण दिखाई देते हैं। उनका कहना है कि जन्म के बाद शुरुआती सात दिनों तक नवजात की निगरानी बेहद जरूरी है। यदि बच्चा सुस्त हो, कम दूध पी रहा हो या त्वचा और नाखून और आंखें पीली दिखें तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। समय पर फोटोथैरेपी और दवाओं के जरिए ज्यादातर बच्चों को बिना किसी जटिलता के ठीक किया जा सकता है। बताया कि गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और प्रसव के बाद नवजात की सही देखभाल करने की सलाह दी जाती है, ताकि पीलिया के मामलों को कम किया जा सके।


जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू में भर्ती नवजात को देखते चिकित्सक।

### ऐसे करें बचाव

- नवजात के शरीर में बिलिरुबिन की मात्रा कम करने के लिए बार-बार स्तनपान कराना चाहिए ताकि बार-बार पेशाब आए।
- बच्चे के शरीर पर सूरज की किरणें पड़ने पर भी बिलिरुबिन की मात्रा कम होती है।
- एसएनसीयू में पीलिया से ग्रसित बच्चों को फोटोथेरेपी दी जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### ईद मिलादुन्नबी को चार सेक्टर में बांटा क्षेत्र

**कांठ, अमृत विचार :** ईद मिलादुन्नबी के त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए एसडीएम ने तहसील क्षेत्र को चार सेक्टर में बांटकर कर मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए हैं। सभी को ड्यूटी पर समय से पहुंचकर पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम संत दास पवार ने 4 सेक्टर में तहसील बांट तहसीलदार राजकुमार को स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। नायब तहसीलदार कांठ योगेश शर्मा को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र, अनिल मिश्रा से अपने क्षेत्र में नजर रखने एवं नायब तहसीलदार छजलैट को जुलूस एवं खंड विकास अधिकारी को छजलैट में भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि किसी तरह की कोई नई परंपरा न डाले।

### रामगंगा उफनाई, बाढ़ का पानी खेतों में घुसा

**डिलारी, अमृत विचार :** कालागढ़ डैम से पानी छोड़ने पर रामगंगा नदी उफना गई है। बाढ़ का पानी खेतों में घुसने से किसानों की फसल डूब गई है। रामगंगा के किनारे बसे गांव मलकपुर सेमली, सुल्तानपुर खादर, पैंदापुर, दौलतपुर तिगरी, काजीपुरा बढेरा, मुस्तफापुर, चटकाली, सलीम सराय, रहता माफ़ी, मुलावन, करणपुर आदि खादर क्षेत्र में बाढ़ का पानी घुसने से धान, ज्वार, मक्का, आदि बर्बाद हो गई है। किसान हुकूमत अली, लिफाकत हुसैन, शहजाद नफीस, महेंद्र सिंह, हरपाल, किशन सिंह, नरेश कुमार, वेद प्रकाश आदि ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### तीन भाइयों पर निरोधात्मक कार्रवाई

**भोजपुर अमृत विचार :** उप निरीक्षक रजनीश पंवार एवं हेड कांस्टेबल कुलदीप अत्रि की चालानी रिपोर्ट पर उप जिला मजिस्ट्रेट सदर ने कार्रवाई की है। नगर पंचायत के मोहल्ला फतेहपुरी निवासी तीन भाइयों विनोद कश्यप, मनोज कश्यप एवं सोनू कश्यप को पैतृक घर के बंटवारे के दौरान झगड़ने की आंशका को देखते हुए एक लाख रुपये के मुचलकों और इतनी ही राशि के जमानती दाखिल करने को नोटिस भेजें हैं।

### बुखार से युवती की मौत

**भोजपुर, अमृत विचार :** बुधवार को मोहल्ला जमीदारान निवासी मोहम्मद अली की बेटी साईन(22) की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक युवती को रविवार को बुखार आया था। सोमवार को कस्बे में स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया था। बुधवार को मौत हो गई। चिकित्सक के अनुसार युवती की मौत की वजह प्लेटलेट्स कम होना है।

### स्वास्थ्य विभाग ने सील किये दो अस्पताल

**कुंदरकी, अमृत विचार :** बुधवार को शिकायत के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामारी कर दो अस्पतालों को सील किया। ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे झोलाछापों के अवैध अस्पताल, फर्जी लैबों और जच्चा-बच्चा केंद्रों पर आए दिन कोई ना कोई मामला सामने आ रहा है। अभी तक इनकी लापरवाही के चलते कई की मौत भी हो चुकी है। कई बार अस्पताल सील किए गए लेकिन कुछ समय बाद सील तोड़कर दोबारा संचालित हो जाते हैं। चिकित्सा प्रभारी सौरव बरतरिया ने बताया कि ग्राम पंचायत फतेहपुर खास में अशरफी डेंटल अस्पताल और खजरा में डॉ. नदीम के क्लीनिक को सील किया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
मो. 7906815587

**सूचना**

मैं 25.08.2025 को अपने घर से विन्दलस को जा रहा था। तभी रास्ते में मेरा बैग कहीं गिर गया है। मैंने काफी तलाश किया लेकिन मेरा बैग नहीं पाया है मेरे बैग में आवश्यक कागजात थे जिसमें मेरी बी.सी.ए. की मार्कशीट सैकिण्ड, थर्ड, व फोर्थ सैमिस्ट की अंकतालिका थी। व अन्य कागज भी थे। मैं कॉलेज टी.एम.यू., बी.सी.ए. बैच 2022-25 का संस्थागत छात्र हूं मेरा रोल नं. टीसीए 2201583 है। **शिवम् राघव पुत्र श्री प्रवीण कुमार नि. आजाद नगर, रेलवे हरथला कॉलोनी, मुरादाबाद**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र जसपाल व उसकी पत्नी श्रीमती माला को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **श्रीमती स्वप्ना देवी पत्नी किशन लाल निवासी ग्राम आगापुर, सिविल लाइन्स, रामपुर**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# भाकियू टिकैत का एसडीओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन

## अवर अभियंता पर अवैध कार्य का आरोप, कार्रवाई की मांग

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर रुस्तम नगर सहसपुर के एसडीओ कार्यालय में उन्होंने धरना प्रदर्शन किया। एसडीओ विद्युत को भी ज्ञापन दिया। जिसमें सफीलपुर बिजली घर के जेई खिलाफ शिकायत की गई। कहा कि मांगों का समाधान नहीं होता तो 12 सितंबर के बाद बिजली घर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के पदाधिकारी रुस्तम नगर सहसपुर के एसडीओ कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अवर अभियंता महेंद्र सिंह द्वारा विभागीय नियमों के विरुद्ध अवैध कार्य किए जाने पर कार्रवाई की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अवर अभियंता द्वारा विभागीय नियमों के विरुद्ध विद्युत कनेक्शन किए गए। जिनकी जांच की जाए।इसके अलावा अनेकों शिकायतें की गई, कहा कि यदि सभी समस्याओं का समाधान ना हुआ तो 12 सितंबर से किसान यूनियन अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष रणवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष माजिद हुसैन अंसारी, जाकिर हुसैन, ब्लॉक मीडिया प्रभारी गुड्डू कुरेशी,अनीस अहमद, अमित चौधरी, राजकुमार यादव के अलावा भारी तादाद में किसान यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।


एसडीओ कार्यालय में धरने पर बैठे भाकियू टिकैत के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● समस्याओं का समाधान ना होने पर 12 से धरने की चेतावनी

# शोभा यात्रा कमेटी के अध्यक्ष बने राज सिकंदर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार .** बुधवार को वाल्मीकि प्राकट्य दिवस पर निकाली जाने वाली शोभा यात्रा को लेकर वाल्मीकि समाज की बैठक भावाधस नगर अध्यक्ष ओंमकार सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कमेटी का गठन किया।

सर्वसम्मति से राज सिकंदर को शोभायात्रा का अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद उन्होंने कमेटी में संरक्षक अशोक सम्राट, उप संरक्षक राज कुमार आदिवासी, उपाध्यक्ष अक्षय वाल्मीकि, महामंत्री आशुतोष वाल्मीकि, उपमंत्री अभिषेक कुमार, कोषाध्यक्ष अमन सम्राट, उप कोषाध्यक्ष अंकित कुमार, झांकी प्रबंधक ओंमकार , मुख्य सचिव प्रियांशु ठाकुर, सचिव दीपक कुमार, विकास कुमार, साहिल हमराही, देव सिंह नाशवान, शिवा रत्नाकर को मीडिया प्रभारी चुना गया। मीटिंग का अध्यक्ष सुभाष चौधरी ने तथा संचालन राकेश हमराही ने किया। बैठक में देवेंद्र नागपाल, राकेश दानव, सुशांत , मुकुल, राजकुमार राजा, धर्मेन्द्र आदि शामिल रहे।

# पालिका ने नोकझोंक के बीच तिकोनिया से अतिक्रमण हटाया


सड़क पर खड़े फल विक्रेताओं को हटाती नगर पालिका की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के मुख्य बाजार, गलियों से लेकर चौराहों तक फल विक्रेता बीच सड़क में ठेले लगाकर यातायात बाधित कर देते हैं।

लगातार शिकायत मिलने पर अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह के आदेश पर नगर पालिका टीम ने ठाकुरद्वारा- काशीपुर मुरादाबाद बस स्टैंड तिकोनिया पर खड़े फल विक्रेताओं को सड़क किनारे ठेले लगाने के निर्देश दिए थे। ऐसा नहीं होने पर बुधवार को टीम तिकोनिया चौराहे पहुंच गई। फल विक्रेताओं ने नगर पालिका कर्मचारियों से नोक झोंक शुरू कर दी। टीम ने तिकोनिया पर लगे बेतरतीब ठेलों को हटवा दिया। चेतावनी दी कि यदि दोबारा ठेले सड़क पर खड़े किए तो सारा सामान जब्त कर जुर्माना पड़ेगा ।

● दोबारा करने पर कार्रवाई और जुर्माने की चेतावनी

# वेतन बढ़ने पर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों में हर्ष

**बिलारी, अमृत विचार:** क्षेत्र के रुस्तम नगर सहसपुर में बुधवार को सहदेव निवास पर सफाई कर्मचारियों की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा कैबिनेट की बैठक में न्यूनतम वेतन 20 हजार मासिक करने से कर्मचारियों में हर्ष है।

प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सहदेव ने कहा कि स्थानीय संघ बरसों से न्यूनतम वेतन तय करने की मांग करता आ रहा है। सोलह जून को शासन से वार्ता हुई थी। मुख्यमंत्री ने तोहफ़ा देकर न्याय संगत कार्य किया है। कहा कि जो तीन वर्ष तक कार्य करने का आदेश दिया गया है उसे मुख्यमंत्री निरस्त करें। अब स्थाई करने की मांग को लेकर सड़क से लखनऊ तक संघर्ष करेगा। बैठक में गजराम सिंह, सुनील लस्करी,अमर काका, प्रेम बाबू, अजय राजभर, अजय चौहान, विशाल वाल्मिकि, सोनू रत्नाकार, संजीव वाल्मीकी आदि ने विचार व्यक्त किए।अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष मानिकलाल नागर व संचालन प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सहदेव ने किया।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर दर्ज गैंगस्टर मामले में बहस पूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर के चर्चित कुशांक गुप्ता हत्याकांड में आरोपी ललित कौशिक के खिलाफ गैंगस्टर के मामले में बुधवार को बहस पूरी हो गई। इस केस के दूसरे आरोपी केशव शरण शर्मा के ओर से उनके अधिवक्ता सोमवार को बहस करेंगे।

थाना सिविल लाइंस के रामगंगा विहार में 12 जनवरी 2023 को स्पोर्ट्स सामान के कारोबारी कुशांक गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने दीन दयाल नगर निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक, भोजपुर के हिमायूंपुर निवासी खुशवंत सिंह उर्फ भीम और पाकबड़ा के गिंदौड़ा निवासी केशव शरण शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस ने दावा किया कि ललित कौशिक ने सुपारी देकर केशव और भीम से कुशांक की हत्या कराई थी। इसके बाद पुलिस ने तीनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया था। गैंगस्टर मामले की सुनवाई अदालत में चल रही है। बुधवार को ललित कौशिक पक्ष की ओर से उनके अधिवक्ता ने बहस की। बुधवार को इस मामले में बहस पूरी हो गई है। अब दूसरे आरोपी केशव की ओर से उनके अधिवक्ता बहस करेंगे। इस मामले में सोमवार को सुनवाई होगी जबकि तीसरे आरोपी खुशवंत उर्फ भीम की फाइल दूसरी अदालत में चल रही है।

● अब सोमवार को दूसरे आरोपी केशव शरण शर्मा के मामले में होगी बहस

# नाले टूटने से बस्तियों में भरा पानी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** पट्टी मौढ़ा कांठ में सड़क के नाले टूटने से दूषित पानी आवासीय बस्तियों में भरा हुआ है। सभासद की शिकायत पर अधिशासी अधिकारी ने 3 दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

पट्टी मौढ़ा वार्ड नंबर 5 में लगभग 4 साल पहले सड़क के दोनों ओर नाले-नालियों का निर्माण किया गया था। घटिया सामग्री लगने से नाले-नालियां टूट गई हैं। जिससे निकासी न होने से पानी आवासीय बस्तियों में जमा हो गया है। दूषित पानी भरा होने के कारण नागरिकों के आवासीय मकान में दरार पड़ गई हैं ।उठती दुर्गंध एवं गंदगी से हानिकारक जीव पैदा हो गए हैं। सैकड़ों लोग बुखार से पीड़ित हैं। यहां के लोग नारकीय जीवन व्यतीत करने के लिए मजबूर हैं। आवासीय बस्ती के लोगों द्वारा हस्ताक्षरित किया गया प्रार्थना पत्र वार्ड नंबर 5 के सभासद मनोज चौहान ने अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल को देकर नाले और नालियों के निर्माण की मांग की है। सभासद ने अधिशासी अधिकारी को बताया कि पूर्व में भी जांच के उपरांत कार्रवाई अमल में नहीं आई है। अधिशासी अधिकारी ने सभासद को तीन दिन का समय दिया है।


पट्टी मौढ़ा कांठ मैं भरा दूषित पानी। ● अमृत विचार

● सभासद ने की शिकायत अधिशासी अधिकारी ने दिया आश्वासन

# चारा उपलब्ध नहीं करा रहे प्रधान

**छजलैट, अमृत विचार:** गो सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा ने बुधवार को टीम के साथ सादकपुर खिचड़ी की गोशाला में गोवंश की सेवा की।

बताया कि वर्तमान समय में यहां 450 गोवंश संरक्षित है। डीएम द्वारा हर गोशाला को 10 ग्राम पंचायत से जोड़ा गया है। गांव में गौचर एवं ग्राम समाज की भूमि पर हरा चारा उगाकर गोशाला पहुंचाने की जिम्मेदारी है। प्रत्येक पंचायत का दिन निश्चित है। इसके बावजूद प्रधान हरा चारा उपलब्ध नहीं करा रहे है। इस कारण गोवंश बीमार पड़ रहे हैं। टीम की मांग पर एक केटल सैट बनाने का डीएम ने आदेश दिया है जिसका कार्य भी शुरू नहीं हुआ। कर्मचारी एवं अधिकारी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा।

कहा कि तहसील स्तरीय मीटिंग बुलाकर समस्याओं का निस्तारण करने का प्रयास होना चाहिए।

● सादकपुर खिचड़ी की गोशाला पहुंची गोसेवा गतिविधि की टीम


गो सेवा करती गोसेवा गतिविधि की टीम। ● अमृत विचार

# गणपति देव को प्रथम मनाना है...

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नगर के वैश्य विश्नोई शिव मंदिर में आयोजित 09 दिवसीय गणेश महोत्सव में बुधवार को गणपति बप्पा मोरया का उद्घोष करते हुए पूजा अर्चना की गई। देर शाम भजन संध्या आयोजित की गई जिसमें भजनों पर भक्त जमकर झूमे।

भागवत आचार्य शुभम शास्त्री ने वैदिक मंत्र उच्चारण द्वारा पूजा कराई। मुख्य यजमान अभय कुमार विश्नोई का मुकेश माहेश्वरी व सविता विश्नोई का ममता विश्नोई ने पटका पहनाकर सम्मान किया। मंदिर प्रांगण में अनिल जागरण पार्टी एवं म्यूजिकल ग्रुप द्वारा गणेश भजन संध्या आयोजित की गई। जिसमें कलाकार सोनू साहू द्वारा गणपति को प्रथम मनाना है, उत्सव को सफल बनाना है व अनिल वर्मा द्वारा हनुमान तुम्हारे सीने में दुनिया का मालिक रहता है, सजा दो मंदिर को गुलशन सा मेरे गणपति महाराज आए हैं आदि भजनों से भक्तगणों का मन मोह लिया। प्रसाद मनोज विश्नोई व भंडारा मार्केट के सर्व समाज भक्तों ने कराया। गुरुवार को वैश्य बिश्नोई शिव मंदिर से भगवान गणपति प्रतिमा की विशाल विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी, जो वैश्य विश्नोई शिव मंदिर से प्रारंभ होगी, यात्रा बस स्टैंड, मिश्रीपुर बौराहा, जाहरवीर मंदिर होते हुए अपने स्थान नील सरोवर के लिए प्रस्थान करेगी। कार्यक्रम में कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल विश्नोई कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार विश्नोई, अभय कुमार बिश्नोई, सुनील कुमार बिश्नोई, बृजेन्द्र कुमार विश्नोई, अनुज कुमार बिश्नोई गौरव कुमार बिश्नोई, , निरुपम बिश्नोई, मनोज कुमार बिश्नोई, बबलू मराठा, हिमांशु बिशनोई, भारत विश्नोई, मोहिता अर्चना बिश्नोई आदि मौजूद रहे।


वैश्य विश्नोई शिव मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● वैश्य विश्नोई शिव मंदिर में नौ दिवसीय गणेश महोत्सव में भजन संध्या आयोजित

# सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**डिलारी अमृत विचार:** ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव जुल ढकिया निवासी अरमान बाइक से बुधवार की शाम 7:00 बजे घर जा रहा था तभी डिलारी करणपुर मार्ग पर अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। थाना डिलारी पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिलारी में भर्ती करा दिया। हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने शहर के निजी चिकित्सालय में भर्ती करा दिया जहां हालत चिंता जनक बनी हुई है।

# 17 से 2 अक्टूबर तक मनेगा सेवा पखवाड़ा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी मंडल कांठ की संगठनात्मक बैठक बुधवार को पार्टी कार्यालय वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी के क्रेशर प्रांगण में हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि मछुवारा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक आचार्य नरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत गरीब बस्तियों में जाकर उनकी समस्याओं को जानना और निस्तारण करवाना प्रत्येक बूथ पर स्वच्छता अभियान चलना, सार्वजनिक स्थानों पर जन सेवा संबंधित कार्य,अस्पतालों में मरीजों को फल आदि वितरण करना, प्रत्येक बूथ पर लोगों में राष्ट्र भावना जागृत करना आदि कार्य कराए जाएंगे। कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होता है। बूथ जीतेगा तो पार्टी जीतेगी। राष्ट्र हित के लिए भाजपा जरूरी है। बैठक में मंडल अध्यक्ष अंकुश कुमार अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवराज सिंह जाटव , मुकेश माहेश्वरी,सूरज सिंह गुर्जर, मनीष चौहान, सत्यवान सिंह राजपूत, निरुपम बिश्नोई,प्रमोद कुमार चौहान, चंचल पाल, देवेंद्र सिंह, रिजवानअल्वी, विजय वीर सिंह,बलवंत सिंह, हरिओम सिंह ,राजवीर सिंह ,नीरज बिश्नोई,राज बहादुर जाटव, ओम प्रकाश लोधी, नीरूपम बिश्नोई ,साजिद इदरीसी, रामचंद्र जाटव, डॉ नेपाल सिंह ,सर्वेश पाल, प्रमोद जाटव,राजकुमार सिंह, जयपाल सिंह, धर्मेंद्र बिश्नोई, सीताराम सिंह , मुकुल प्रजापति, राजीव गुर्जर, अभिषेक, पारुल चौहान, सतवीर कश्यप, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


भारतीय जनता पार्टी की बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● भाजपा कांठ मंडल की संगठनात्मक बैठक आयोजित

# चोरी के इरादे से घुसे युवक को पीटा

**भोजपुर, अमृत विचार :** चोरी के इरादे से घर में घुसे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। लात-घूसों से जमकर पीटने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर चालान कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव बीजना निवासी रियासत ने बताया है कि मंगलवार की रात साढ़े नौ बजे भाई शाने आलम के साथ घर पर था। चोरी के इरादे से युवक घर में घुस आया। उसे पकड़ने का प्रयास किया तो मारपीट करने लगा। दोनों ने उसे पकड़ा तो उसने नाम पन्ना लाल पुत्र राजदेव निवासी गांव कनेरी थाना फूलपुर जिला आजमगढ़ बताया। भाइयों ने चोर को पकड़ कर पीटा और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल का डाक्टरी मुआयना कराकर चालान कर दिया।

**कार्यालय जिला पंचायत, सम्भल (बहजोई)**

पत्रांकः 752/जि.पं.स./नि.अनु./पं.रा.वि./2025-26 दिनांकः 02.09.2025

**पुनः (Retender) ई-निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 382/जि.पं.सं./नि.अनु./पं.रा.वि./2025-26 दिनांक 26.06.2025 द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग एवं 15 वां वित्त आयोग (टाईड एवं अनटाईड फण्ड) की संस्तुतियों के अन्तर्गत 100 नवीन निर्माण कार्यों एवं 02 कार्यों की पुनः ई-निविदायें पोर्टल https://etender.up.nic.in पर सबमिट किये जाने के लिए दिनांक 18.07.2025 समय 05:00 बजे तक आमंत्रित की गयी थी। उक्त निविदाओं के कार्यों पर पर्याप्त बिड न होने के कारण निम्नलिखित 30 कार्यों की पुनः ई-निविदाएं https://etender.up.nic.in पर सबमिट किये जाने के लिए दिनांक 24.09.2025 तक आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 25.09.2025 से निविदा समिति द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। समस्त शर्तें यथावत् रहेंगी। उक्त विज्ञप्ति एवं निविदा के साथ अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड किये जाने वाले अभिलेखों/शर्तों का सम्पूर्ण विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अथवा पोर्टल http://sambhal.nic.in, https://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

**अभियन्ता** **अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, सम्भल** **जिला पंचायत, सम्भल**

# कार और 10 लाख न मिलने पर विवाहिता को निकाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र निवासी एक विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न, पति पर अवैध संबंध और जान से मारने की कोशिश का गंभीर आरोप लगाया है। महिला थाना पुलिस ने पति, सास, ननद और देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता ने उसकी शादी 10 फरवरी 2022 को मथुरा निवासी सागर शर्मा के साथ हुई थी। शादी में मायके पक्ष ने लगभग 30 लाख रुपये खर्च कर फर्नीचर, घरेलू सामान, सोने-चांदी के जेवर और कपड़े समेत 8 लाख रुपये नकद कार के लिए दिए थे। बावजूद इसके ससुराली कार और 10 लाख रुपये नगद की अतिरिक्त मांग करने लगे। आरोप लगाया कि पति का अन्य महिलाओं से अवैध संबंध है। विरोध करने पर पति ने कई बार उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। उसने सास रागिनी शर्मा से शिकायत की तो उन्होंने कह दिया कि यह शौक तो राजाओं-महाराजाओं के होते हैं, इसमें बुरा क्या है। पीड़िता के अनुसार 3 फरवरी 2025 को सास, ननद और देवर ने मिलकर उसे गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारा और गला दबाकर जान लेने की कोशिश की। आरोप है कि उन्होंने सभी जेवर कब्जे में रख लिए और घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता का कहना है कि 7 फरवरी 2025 को उसके माता-पिता व अन्य परिजन जब समझाने पहुंचे, तब भी ससुराल पक्ष ने स्पष्ट कह दिया कि बिना कार और 10 लाख रुपये लिए बहू को घर में नहीं रखेंगे और कार्रवाई करने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी। तब से विवाहिता अपने मायके में है। अब उसने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है।

● पति पर अवैध संबंध और हत्या की कोशिश का आरोप, महिला थाना पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

# गांव में घुसे चोर पीछा करने पर जंगल में भागे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार रात आधा दर्जन चोर गांव में घुस आए। एक ग्रामीण ने चोरों को गांव में घुसता देख लिया। उसने मोबाइल से अन्य को जागरूक किया और पीछा किया तो चोर जंगलों में भाग गए ।

कोतवाली क्षेत्र के गांव इनायत नगर गांव में मंगलवार व बुधवार की रात्रि 1:00 बजे लगभग आधा दर्जन चोर नकाब लगाकर आबादी में घुस रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने बदमाशों को देख लिया। उसने मोबाइल फोन से लोगों को जानकारी दी। ग्रामीणों ने एकजुट होकर चोरों को ललकारते हुए लाठी डंडे लेकर पीछा किया तो चोर जंगलों की ओर भाग निकले।

पीआरबी पुलिस को सूचना दी। रास्ते में पानी भरा होने के कारण ग्रामीण व पुलिस चोरों का पीछा नहीं कर सकी। गांव के बृजेश सिंह ने बताया कि बीते महीने से चोर घटना को अंजाम देने की फिराक में है। रात भर लोग घरों की रखवाली कर रहे हैं।

# शिक्षा और डिजिटल क्षेत्र में दीपिका सिंघल सम्मानित


दीपिका सिंघल को सम्मानित करतीं अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** शिक्षा और डिजिटल के क्षेत्र में इंदिरा गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन की डायरेक्टर दीपिका सिंघल को एवार्ड मिलने पर राजकीय आईटीआई कांठ के अधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

सीओए क्लस्टर ऑफ अचीवर्स बैनर तले गुडगांव में आयोजित 29 वें एडिशन दिल्ली अवार्ड में आयोजित समारोह में दीपिका सिंघल (डायरेक्टर इंदिरा गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन) को मुख्य अतिथि फ़िल्मी कलाकार परिणिति चोपड़ा द्वारा शिक्षा और डिजिटल के क्षेत्र में एक्सीलेंस इन एजुकेशन स्किलिंग एंड डिजिटल इन्क्लूजन के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राजकीय आईटीआई कांठ के एमडी डॉ. सौरभ सिंघल, प्रधानाचार्य बिंटू एवं नोडल अधिकारी कपिल सैनी ने शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह उपलब्धि संस्था के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्मानित होने पर आईटीआई कॉलेज नींगू नगला कांठ में हर्ष का माहौल है।

**न्यूज ब्रीफ**

## अजीतपुर क्षेत्र की बिजली रहेगी बाधित

**रामपुर, अमृत विचार :** बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता पीके शर्मा ने बताया कि 33 केवी विद्युत उपकेंद्र अजीतपुर प्रथम से पोषित 11 केवी रायपुर 1 फीडर और 11 केवी इंडस्ट्रीयल फिडर पर लाइन नीचे होने के कारण पोल लगने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। गुरुवार सुबह 8 बजे से 11 बजे तक 11 केवी रायपुर 1 फीडर व 11 केवी इंडस्ट्रियल फिडर से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## जिले को 1323 टन यूरिया मिली

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि कृभको यूरिया की 1323 टन की रैक जिले को प्राप्त हो चुकी है। जिसको जनपद के सभी उर्वरक बिक्री केंद्रों पर भेजा जा रहा है। किसान आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करें एवं उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी अनिवार्य रूप से उर्वरक विक्रेता को उपलब्ध कराएं।

## रामपुर डायल 112 को मिला प्रथम स्थान

**रामपुर, अमृत विचार :** डायल 112 को परफॉर्मेंस डेस्क बोर्ड पोर्टल के रैंकिंग सिस्टम में अगस्त में प्रथम स्थान पर आने पर डायल 112 टीम को पुलिस अधीक्षक ने बधाई दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में डायल 112 परफॉर्मेंस डेस्क बोर्ड पोर्टल की अगस्त की रैंकिंग में रामपुर ने उत्तर प्रदेश में 97 .53 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। डायल 112 रैंकिंग में सितम्बर 2024 से लगातार प्रथम स्थान पर रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा डायल 112 को 12 बार प्रथम स्थान पर रहने के कारण डायल 112 जनपद रामपुर की पूरी टीम को बधाई देते हुए उत्साहवर्धन किया।

## मानसिक मंदित ने छात्रा को उठाया, लोगों ने पीटा

**मसवासी, अमृत विचार :** मझरा खुशहालपुर मार्ग पर मानसिक मंदित ने स्कूल से घर लौट रही छात्रा को पकड़ लिया। बुधवार दोपहर एक बजे मजरा खुशहालपुर के ग्रामीण की 14 वर्षीय बेटी शमशान मार्ग स्थित स्कूल से लौट रही थी। रास्ते में उसे मानसिक विक्षिप्त मिल गया। उसने उसे कंधे पर उठा लिया और पटकने का प्रयास किया। इसी दौरान छात्रा चीखने लगी। उसकी चीख सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने विक्षिप्त को पकड़कर पीट दिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरेपी टांडा थाना क्षेत्र के गांव का रहने वाला है।

### श्री पारसनाथ दिगंबर और श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुई पूजा

# आत्मशुद्धि और आंतरिक पवित्रता का भक्तों ने लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** महापर्व दशलक्षण पर बुधवार को पर्व का सातवां दिन उत्तम तप दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शहर के मोहल्ला फूटा महल स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर और राहे मुर्तजा स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन में दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। भक्तों ने भगवान की पूजा-अर्चना कर आत्मशुद्धि और आंतरिक पवित्रता का संकल्प लिया।

बुधवार शाम को धर्मसभा में इंदौर और मथुरा के विद्वानों ने तप धर्म का महत्व समझाया। ब्रह्मचारिणी बबीता एवं ब्रह्मचारिणी प्रज्ञा दीदी (इंदौर) ने कहा कि तपस्या केवल शरीर को कष्ट देने का नाम नहीं, बल्कि आत्मा को निर्मल बनाने और कामनाओं पर विजय पाने का साधन है। तप से ही आत्मबल की वृद्धि होती है और व्यक्ति जीवन में सच्ची शांति का अनुभव करता है। शास्त्री अंकित जैन (मथुरा) ने कहा कि तप धर्म साधक को अहंकार, मोह और आसक्ति से दूर करता है। तपस्या के माध्यम से आत्मा की आभा और अधिक प्रखर होती है, जिससे मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रवचनों के उपरांत दोनों मंदिरों में भव्य आरती हुई। आरती के बाद बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नृत्य, भजन और धार्मिक गीतों ने उपस्थित सभी को भक्ति-रस में सराबोर कर दिया।



जैन मंदिर में पूजा अर्चना करते लोग। ● अमृत विचार

# धूमधाम से निकाली विसर्जन यात्रा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गणेश भक्त मंडल द्वारा बुधवार को श्री हरिहर मंदिर से गणेश भगवान की विसर्जन यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालु डीजे पर बज रहे भजनों पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। बुधवार शाम को कोसी नदी में ले जाकर उनका विसर्जन किया गया।

गणेश चतुर्थी के मौके पर पुराना गंज स्थित श्री हरिहर मंदिर में गणेश भगवान की प्रतिमा को स्थापित किया गया था। जिसमें लगातार भजन और प्रसाद बांटने का आयोजन हो रहा था। बुधवार शाम को भक्तों ने गणेश भगवान की विसर्जन यात्रा निकाली। उनकी पूजा करके उनकी यात्रा निकाली। जोकि श्री हरिहर मंदिर से होते हुए गांधी समाधि के रास्ते आंबेडकर पार्क पहुंची। उसके बाद कोसी नदी के लिए रवाना हो गई। जगह-जगह भक्तों द्वारा विसर्तन यात्रा का स्वागत किया गया।

**ब्रज धाम से पधारे श्याम देबू दीवान ने गाए भजन :** श्री हरिहर मंदिर में रोजाना गणेश भगवान के भजन गाए जा रहे। उसी के चलते मंगलवार रात को 16वां विशाल गणेश महोत्सव ब्रज धाम से पधारे श्याम देबू दीवान ने भजन गाए। कार्यक्रम में 56 प्रकार की मिठाई का भोग श्याम बाबा का विशेष दरबार लगाया। उसके बाद गणेश भगवान की आरती करके भक्तों को प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर अजय गुप्ता, अनूप गुप्ता, गौरव गुप्ता, शुभ गुप्ता, कार्तिक गुप्ता, हनी गुप्ता, वंश गुप्ता, आलोक देओल, बॉबी देओल, सजल गुप्ता आदि मौजूद रहे।



विसर्जन के लिए गणेश भगवान की प्रतिमा ले जाते भक्त। ● अमृत विचार

# शहर में श्मशान और मंदिर तक पहुंचा कोसी का पानी

## दढ़ियाल बांध पर खतरे के निशान को छूकर बह रही कोसी नदी, रामनगर बैराज से चार बार छोड़ा पानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के श्मशान और कोसी मंदिर तक कोसी नदी का पानी पहुंच गया है। जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है। दढ़ियाल बांध पर कोसी नदी खतरे के निशान को छूकर बह रही है। बुधवार को सुबह 8 बजे उत्तराखंड के रामनगर बैराज से कोसी नदी में 29,324 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

कोसी नदी का जल स्तर बढ़ने से कई स्कूलों समेत प्रानपुर, बैजना और बैजनी में कोसी नदी का पानी भर गया। कई प्राथमिक स्कूलों में पानी भर जाने के कारण गांवों में कक्षाएं लगीं। नहर खंड विभाग ने बुधवार को चार बार अलर्ट जारी किया है। सुबह 5 बजे रामनगर बैराज से कोसी नदी में 34,158 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके बाद सुबह 8 बजे रामनगर बैराज से 29,324 क्यूसेक पानी छोड़ा जिसके बाद दढ़ियाल बांध पर कोसी का जलस्तर बढ़ गया। दढ़ियाल बांध पर खतरे निशान 209.69 मीटर है जबकि, कोसी नदी का बहाव 209.30 पर रहा। दोपहर 12 बजे रामनगर बैराज से 26,955 क्यूसेक पानी छोड़ा गया इसके बाद अपराह्न 2 बजे 24,376 क्यूसेक पानी कोसी नदी में छोड़ा गया। कोसी का जल स्तर बढ़ने से आसपास के गांवों में कोसी की जलधारा पहुंच गई है। श्मशान में पानी भर जाने के कारण लोगों को परेशानी हुई। इसके अलावा घाटमपुर, प्रानपुर, बैजना, बैजनी गांवों के प्राथमिक स्कूलों में भी कोसी नदी का पानी भर गया, जिसके कारण बच्चों की कक्षाएं गांव में लगीं। प्रानपुर मार्ग पर मंगलवार की रात कोसी नदी का पानी आ गया था। एसडीएम टांडा द्वारा सुरक्षित रहने का संदेश दिया गया है।



गांव में बने घर में बच्चों को पढ़ाई शिक्षिका। ● अमृत विचार



रामपुर के श्मशान में भरा कोसी नदी का पानी। ● अमृत विचार

> बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है। कोसी नदी में ज्यादा पानी होने के कारण श्मशान घाट, कोसी मंदिर और नदी के आसपास के गांवों तक पानी पहुंच गया है। स्थिति सामान्य है यदि, और बारिश होती है तब देखा जाएगा।
>
> – **नवीन कुमार**, एक्सईएन नहर खंड

### शाहबाद में रामगंगा उफनाई

कालागढ़ बांध से पानी छोड़े जाने के कारण रामगंगा नदी में भी उफान है। बुधवार को गंगापुर भोपतपुर बांध से 70,800 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। खतरे का निशान 171 .80 मीटर पर है और नदी का बहाव 170 .46 मीटर पर हुआ। हुसैन गंज बांध से 70,200 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। हुसैन गंज बांध पर 196 .36 मीटर पर है जबकि, रामगंगा नदी का बहाव 196 .10 पर रहा। रामगंगा नदी में उफान से आसपास के गांवों में पानी भर गया है जिसके कारण लोगों में दहशत है। प्रशासन ने मंदिर और मस्जिदों से ऐलान कराया है कि लोग रामगंगा नदी की ओर नहीं जाएं।

### प्राथमिक विद्यालय बजावाला में भरा पानी, गांव में लगीं कक्षाएं

**सैदनगर, अमृत विचार :** सैदनगर क्षेत्र के बजावाला प्राथमिक विद्यालय बाढ़ की चपेट में आ गया है। विद्यालय के अंदर पानी भरा हुआ है। जिसके चलते पढ़ाई का कार्य दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है। जबकि स्वार क्षेत्र के पसियापुरा चांदपुर गांव के स्कूल तक भी बाढ़ का पानी पहुंच गया है। गांव के रास्ते बंद होने के कारण स्कूल का स्टाफ खेमपुर कोसी बांध से ही वापस लौट गया। जिसके चलते स्कूल में पढ़ाई का कार्य रुका हुआ है।



बैजना–बैजनी के मार्ग पर बहते कोसी नदी के बीच से गुजरते राहगीर।

## प्रचलित कोर्स के जरिए रोजगार के बारे में बताया

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में प्रवेश पूर्व समाधान विषय पर एक कैरिअर काउन्सिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार एवं एमआईएस मैनेजर कौशल विकास विषय विशेषज्ञ प्रमोद कुमार मिश्रा ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में अतिथियों ने संस्थान में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को सर्वप्रथम अपनी रूचि के विषय को पहचानने, उस विषय में वर्तमान में प्रचलित कोर्स के जरिये रोजगार प्राप्त करने के बारे में मार्गदर्शन दिया।प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार ने छात्र-छात्राओं से संस्थान में उपलब्ध संसाधनों, सरकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त कर शैक्षिक ज्ञान में वृद्धि कर सामाजिक उत्थान का आह्वान किया। प्रदेश सरकार द्वारा मिशन रोजगार के माध्यम से प्रत्येक युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वरिष्ठ सहायक राजीव कुमार यादव द्वारा रोजगार संगम पोर्टल पर संस्थान में प्रशिक्षणरत अभ्यर्थियों को पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी तथा इस दिशा में सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। कार्यशाला में कुल 158 छात्र-छात्राओं ने उपस्थित रह कर कैरियर काउन्सिलिंग का लाभ प्राप्त किया।

# किसानों तक पहुंचाएं नई तकनीक : राम किशन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र**

**अमृत विचार :** पहाड़ी गेट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में 13 दिवसीय एग्री जंक्शन (कृषि उद्यमी) प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन उप निदेशक कृषि राम किशन सिंह व देशराज मीणा की उपस्थिति में हुआ।

प्रशिक्षणार्थिओं को संबोधित करते हुए उप निदेशक कृषि राम किशन सिंह ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में एग्री जंक्शन के माध्यम से नई तकनीकों को किसानों तक पहुंचाएं। कृषि आधारित उद्यमों जैसे राइस मिल, आयल स्पेलर, आटा चक्की, बेकरी आदि व्यवसायों को अपनाएं। जिससे स्वयं के व्यवसाय के साथ साथ अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। लोगों को वित्तीय साक्षरता के लिए जागरूक करें। कार्यक्रम में आरसेटी निदेशक देशराज मीणा ने कहा एग्री जंक्शन के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को अधिक उपज वाली किस्मों की खेती करने के लिए प्रेरित करें। हानिकारक उर्वरकों की बिक्री से बचें, अच्छे और लाभदायक उर्वरकों को बिक्री को बढ़ावा दें। सरफराज हुसैन कहा प्रशिक्षण कृषि में स्वरोजगार के अलावा बीज उर्वरक, कीटनाशक संबंधित जानकारी के साथ मार्केटिंग, संचार कौशल, उद्यमिता विकास व बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षणार्थिओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# बिना तहकीक के बयान न करें : रेहान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **मदरसा फुरकानिया में हुआ जलसा सीरत ए नबी**

**अमृत विचार :** मिस्टनगंज स्थित मदरसा जामे उल उलूम फुरकानिया में बुधवार को सीरत-ए-नबी का जलसा हुआ। मदरसे के प्रधानाचार्य मौलवी मोहम्मद रेहान खां कादरी वजीही ने कहा कि नबी ए करीम के बारे में तहकीक के बाद ही बयान करें।

उन्होंने कहा कि कभी भी बात भी बिना तहकीक के बयान नहीं होना चाहिए। क्योंकि हदीस-ए-मुबारक में है कि जिसने किसी झूठी बात की निस्बत मेरी तरफ की उसका ठिकाना दोजख होगा। जलसे का आगाज मदरसे के तालिबे इल्म कारी मोहम्मद शाजमान और अली फुरकानी की तिलावते कुरआन मजीद से हुआ। मौलवी मोहम्मद इंतजार हसन, मौलवी मोहम्मद इखलास, मौलवी मोहम्मद जाबिर और मोहम्मद मुशाहिद फुरकानी ने नाते पाक पेश की। मौलवी मोहम्मद अयान, मौलवी जैनुर रहमान, मौलवी ताजीमुल इस्लाम, मौलवी मसूद फुरकानी ने अपनी तकरीरों के जरिए नबी ए करीम की जिंदगी से रुबरु कराया। मौलवी सालेहउद्दीन ने कहा कि हुजूर की जात वो हस्ती है जहां गुनहगार आते थे और पाको साफ होकर जाते थे। मौलवी अब्दुल वहाब खां, फैजान कादरी वजीही के साथ तमाम सामाईन ने बारगाह-ए-रिसालत में सलातो सलाम पेश किया। मौलवी मोहम्मद नासिर खां ने दुआ कराई। जलसे में डॉ. शायर उल्लाह, मसूद अली, मुकर्रम रजा खां इनायती, अब्दुल नूर आसामी, कारी यासीन अहमद, मौलवी मारिफ फुरकानी, डॉ. महफूज अहमद, मआरिफ उल्लाह खां, मिदहत उल्लाह खां रहे।



जलसा सीरत ए नबी में दुआ करते उलमा। ● अमृत विचार

## सैफनी में उलमा और इमामों की बैठक

**सैफनी, अमृत विचार :** मदरसा नूरुल उलूम सैफनी में बुधवार को उलमा और इमामों की बैठक हुई। बैठक में तय किया कि जुलूस-ए-मुहम्मदी शुक्रवार को निकाला जाएगा।

बैठक में बताया कि लोग साफ-सुथरा इस्लामी लिबास पहनें, खुशबू लगाएं। दरूदो सलाम पढ़ते चलें। गलत हरकतों, ऊंची आवाज, नाच-गाने और गुटखा से बचने की अपील की। तबर्रुक को अदब से बांटने और छतों से न फेंकने की हिदायत भी दी। उलमाओं ने कहा कि जुलूस में डीजे से बचें, क्योंकि इससे तकलीफ होती है। जुलूस मजार शरीफ पर शुक्रवार दोपहर 2 बजे दुआ के साथ खत्म होगा। जुमे की नमाज 2:30 बजे दरगाह वाली मस्जिद, मदरसा वाली मस्जिद, चौकी वाली मस्जिद, बड़ी मस्जिद, तैबा, मेंहदी वाली मस्जिद और अबू हनीफा वाली मस्जिद में अदा की जाएगी।

# भूमि पूजन के साथ हुआ श्री श्याम महोत्सव का आरंभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **आज लगेगा रक्तदान शिविर, शुक्रवार को निशान यात्रा**

**अमृत विचार :** बुधवार को युवा कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में होने जा रहे 11वें श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के मौके पर बाकर इंटर कॉलेज के मैदान में भूमि पूजन हुआ। पूजन सुबह 10 बजे रजा टेक्सटाइल बाकर इंटर कॉलेज के कोसी मंदिर के पुजारी विष्णु शर्मा द्वारा किया गया।

समिति के अध्यक्ष अमन गर्ग बताया गुरुवार को समिति द्वारा रक्तदान शिविर कीर्तन स्थल पर सुबह 11 बजे से होगा। 5 सितंबर को निशान यात्रा आवास विकास से कीर्तन स्थल तक शाम 6:30 पर पहुंचेगी। 6 सितंबर को होने जा रहे श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के मौके पर बाबा का श्रृंगार, अखंड, ज्योत, फूल, बंगला, 56 भोग लगाए जाएंगे। इस बाबा के संकीर्तन में विनोद इंदौरिया, पुजारी सूरजगढ़ दरबार, प्रमोद त्रिपाठी मुंबई एवं खुशबू राधा वृंदावन, श्रेष्ठ दिक्षित कानपुर संकीर्तन में भाग लेंगे। श्याम बाबा का कीर्तन रात्रि 8 बजे शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर भजन और बाबा श्री श्याम के जयकारे लगाकर वातावरण भक्ति में हो गया। इस मौके पर कोसी मंदिर के पुजारी विष्णु शर्मा द्वारा पूजा अर्चना कराई। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अमन गर्ग, गोविंद अग्रवाल, श्याम जैन, प्रशांत गुप्ता, अभिषेक जैन, सिद्धार्थ भटनागर, कमल कुमार तुरैहा, विशाल, अनमोल, अभिषेक सक्सेना, शौर्य, बृजेश कुमार, अमित, प्रियांश आदित्य, योगेंद्र आदि रहे।

**योजना** भमरौआ शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में होंगे विकास कार्य

# 5 .5 करोड़ से 5 मंदिरों का होगा सौंदर्यीकरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शासन द्वारा पर्यटन स्थलों के विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित धनराशि 5.5 करोड़ रुपये की 5 परियोजनाएं अनुमोदित की गईं हैं। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बताया कि इनमें रामपुर के प्राचीन भमरौआ शिव मंदिर, शाहबाद के परौता शिव मंदिर, चमरौआ के पातालेश्वर शिव मंदिर सहित पांच मंदिरों का सौंदर्यीकरण होगा।

जिलाधिकारी ने बताया जिले के पर्यटन विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। स्वीकृत धनराशि से जिले के प्राचीन मंदिरों के सौंदर्यीकरण और पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम कृष्णा शांतिपुरम कॉलोनी में स्थित काली मंदिर के पर्यटन विकास कार्य के लिए 1 करोड़ रुपये, विधानसभा क्षेत्र चमरौआ में स्थित श्री पातालेश्वर शिव मंदिर, भमरौआ के पर्यटन विकास कार्य के लिए 1 करोड़ रुपये, ग्राम डिलारी तहसील स्वार में प्राचीन शिव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य के लिए 1 करोड़ रुपये, रामपुर शहर स्थित गांधी समाधि स्थल पर लाइटिंग के कार्य के लिए 1.5 करोड़ रुपये और विधानसभा क्षेत्र मिलक-शाहाबाद में प्राचीन शिव मंदिर परौता, शाहबाद के पर्यटन विकास कार्य के लिए 1 करोड़ रुपये की अनुमानित धनराशि से विकास के कार्य कराये जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि पर्यटन विभाग धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ ही उन्हें आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।



गांधी समाधि। ● अमृत विचार

### आकाश सक्सेना ने भेजे थे प्रस्ताव

भमरौआ शिव मंदिर सहित अन्य प्राचीन मंदिरों और गांधी समाधि पर विकास कार्यों को लेकर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने प्रस्ताव शासन को भेजे थे। शहर विधायक ने बताया कि मंदिरों के साथ राजघाट की तर्ज पर गांधी समाधि जगमग होगी। जल्द ही गांधी समाधि को फसाड लाइटों को लगाने का काम शुरू होगा। यहां महात्मा गांधी की अस्थियों को चांदी के कलश में दफनाया गया है। दिल्ली के राजघाट के अलावा यह देश की दूसरी गांधी समाधि है। शहर विधायक ने फसाड लाइटें लगवाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। शासन ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

## प्रतियोगिता में 106 परीक्षार्थी शामिल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद की ओर से डीएवी कन्या इंटर कॉलेज में भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित की गई।

बुधवार को प्रतियोगिता में नगर बिलासपुर से गायत्री गर्ल्स इंटर कॉलेज, ब्रह्म दत्त सरस्वती विद्या मंदिर, सर्व संस्कृति, आरएएन पब्लिक स्कूल एवं डीएवी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। सभी स्कूलों से 106 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक दीपक गुप्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। जूनियर क्लास 6 से क्लास 8 ओर सीनियर क्लास 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग लेते है। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुनील गुप्ता, महिला संयोजिका भारती अग्रवाल, प्रेक्षा अग्रवाल, दीपा रस्तोगी, जूही अग्रवाल, अनुपमा अग्रवाल, लवी अग्रवाल, अतिन अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल शाखा सचिव सपन अग्रवाल उपस्थित रहे।

# युवा कांग्रेस का प्रदेशव्यापी हस्ताक्षर अभियान शुरू



साक्षरता अभियान के दौरान मौजूद कांग्रेसी।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मंगलवार से युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कचहरी वाले कारखाने से की। लोगों से हस्ताक्षर कराकर उनको अपने वोट के प्रति जागरूक किया।

युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आरिफ अल्वी ने कहा देश की जनता वोट का हिसाब मांग रही है, देश की जनता का वोट कैसे और क्यों चोरी किया गया, क्या अब देश में सरकारें भी वोट चोरी करके बनेगी। लोकतंत्र के लिए खतरनाक है जो जवाब चुनाव आयोग को देना चाहिए, वह भाजपा दे रही है। बिहार में वोट अधिकार यात्रा करके राहुल गांधी ने साबित कर दिया कि वोट को किसी हाल में चोरी नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर नोमान खां, मनी कपूर, यासीर शाह, यावर खां, अजीममुद्दीन, मोहम्मद फाजिल, कार्तिक कुमार, दिनेश सिंह, तनवीर अली, शाहनवाज, लव कश्यप, मुकेश कुमार, इसरार अली रहे।

## ग्रामीणों ने की फॉगिंग की मांग

**शाहबाद, अमृत विचार :** बुधवार को शाहबाद के गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं ने मासिक पंचायत हुई। पंचायत के बाद क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नायब तहसीलदार राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि ओसी गांव में आबादी के ऊपर से 11000 विद्युत लाइन गुजर रही है, उसको हटाया जाए। शाहबाद क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा होने के कारण जिन व्यक्तियों के मकान व दीवार गिर जाने के कारण उनके रहने के लिए जगह नहीं है, उन लोगों को जगह उपलब्ध कराई जाए। शाहाबाद में मच्छर व बीमारी का प्रकोप फैलने की आशंका के मद्देनजर कीटनाशक दवाओं के छिड़काव कराने की भी मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकिल खान, असलम, पिंटू ,संजीव, सतपाल, आनंदपाल, दिनेश, महिपाल, प्रदीप यादव, जावेद खान, झंडू सिंह जगतपाल सिंह, चंचल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी से दुष्कर्म में दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर/शाहबाद, अमृत विचार :** किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से दोनों जेल चले गए। शाहबाद थाना क्षेत्र के ग्रामीण का कहना था कि 22 अगस्त को उसकी बेटी घर पर अकेली थी। तभी विकास दिवाकर निवासी ग्राम रसूलपुर व उसके अज्ञात साथी ने नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया था। आरोपियों ने ग्रामीण के भाई को जान से मारने की धमकी दी थी। बुधवार को पुलिस ने विकास दिवाकर व रिंकू चौधरी निवासी ग्राम रसूलपुर को ग्राम मंगोली में बिलारी रोड से गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से दोनों जेल चले गए।

### यतीमखाना मामले में 10 को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा शासन काल में स्वार रोड पर बनी यतीमखाने की बस्ती को बुलडोजर चलवाकर गिरवा दिया था। जिसमें सपा नेता आजम खां सहित कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि बचाव पक्ष का गवाह आया था। जिसमें उसकी मुख्य परीक्षा हो गई है। अब 10 सितंबर को सुनवाई होगी। इसके अलावा क्वालिटी बार कब्जाने के मामले में बुधवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हुई। जिसमें बचाव पक्ष की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र दिया। अब इस मामले में 20 सितंबर को सुनवाई होगी। सपा नेता आजम खां वीसी के जरिए पेश हुए।

### आपराधिक घटनाएं रोकने को मुस्तैद रहें

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजली कटारिया ने धनौरा थाने में बैठक में बीट प्रभारियों को निर्देशित किया कि वह आमजन से संवाद स्थापित करें। आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए सभी बीट व चौकी प्रभारी क्षेत्रों में मुस्तैदी से ड्यूटी दें और जो भी लंबित शिकायतें हैं उनका तुरंत निपटारा करें। सभी विवेचकों को जारी नए डीजी परिपत्रों की जानकारी दी गई। साथ ही पुलिस क्षेत्रधिकारी द्वारा विवेचनाओं के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने, ऑपरेशन क्लीन अभियान के प्रभावी कार्रवाई करने के सम्बन्ध में निर्देश दिए गए।

# करोड़ों की जमीन मुक्त कराई

## कलेक्ट्रेट के सामने बना लिए थे चाय के होटल, आवास विकास ने लगवाया बोर्ड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



राहे रजा पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान जेसीबी।





जमीन कब्जा मुक्त कराने के बाद लगा बोर्ड।

**अमृत विचार :** राहे रजा पर कलेक्ट्रेट के सामने आवास विकास की भूमि पर हुए अतिक्रमण पर बुधवार सुबह 7 बजे से जेसीबी गरजी और भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। इसकी अनुमानित कीमत करीब 6 करोड़ रुपये हैं। इस जमीन पर लोगों ने चाय के होटल बना लिए थे, जिन्हें ध्वस्त करा दिया गया। जमीन कब्जा मुक्त होने के बाद अधिकारियों ने जमीन के चारों ओर तारकशी कराकर जमीन के कब्जा होने का बोर्ड लगा दिया है।

राहे रजा पर कलेक्ट्रेट के सामने बुधवार की सुबह निर्माण खंड रुहेलखंड 2 के अधिशासी अधिकारी रजनीश कुशवाहा के नेतृत्व में आवास विकास की टीम जेसीबी के साथ पहुंची। टीम ने आवास विकास की भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए चाय के होटलों को जेसीबी चलवाकर ध्वस्त करा दिया। साथ ही, कुछ दुकानदारों ने स्वयं भी दुकानों को तोड़ कर हटा लिया। अवर अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि खसरा 71 की 800 वर्ग मीटर भूमि, जिसकी कीमत 6 करोड़ रुपये है, उसे कब्जामुक्त करा लिया है। उन्होंने बताया कि राहे रजा स्थित भूमि पर 40 वर्ष से कब्जा था। कब्जा हटाने के लिए कब्जा धारकों से कहा गया था लेकिन, तय समय सीमा में कब्जा धारकों ने आवास विकास की भूमि को कब्जा मुक्त नहीं किया जिसके कारण जेसीबी से अतिक्रमण को साफ करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिलर लगवाकर कब्जा मुक्त कराई गई भूमि के चारों ओर तारकशी करा दी गई है। इस मौके पर सहायक अभियंता निर्माण खंड रुहेल खंड-2 के सहायक अभियंता प्रदीप यादव के अलावा स्थानीय प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### दुकानदार बोले, ये हमारी पुश्तैनी जमीन है

दूसरी ओर दुकानदार विजय सैनी ने बताया कि वर्ष 1983 में आवास विकास ने कालोनी बनाई थी, उस समय उनके पिता ने जमीन नहीं दी थी। बताया कि राजस्व अभिलेखों में जमीन श्रेणी 5 में खसरा 71 पर उनके बाप-दादा के नाम दर्ज थी, लेकिन अब आवास विकास के नाम आ गई है। दुकानदार नरेश सैनी ने बताया कि मंगलवार रात उनसे कहा था कि अतिक्रमण हटा लें और बुधवार सुबह जेसीबी से दुकानों को ध्वस्त करा दिया। जबकि उनको मुआवजा नहीं मिला है। इस रकबे में उनके परिवार के लोगों की तीन दुकानें थीं, अब तीन परिवारों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। दुकानदार चंद्रसेन ने बताया कि उनका मामला कोर्ट में विचाराधीन है, मामले में गुरुवार को भी सुनवाई है।

## नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के तहत पुलिस ने चेकिंग की

**रामपुर, अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के अन्तर्गत शासन के आदेश पर जिले में 1 सितंबर से नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीमों ने पेट्रोल पंपों पर जाकर पंपकर्मियों को सरकारी निर्देशों का पालन करने को कहा।

पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर क्षेत्राधिकारी यातायात व प्रभारी यातायात और यातायात पुलिस की मौजूदगी में चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने नगर क्षेत्र में पेट्रोल पंपों पर जाकर नो हेलमेट-नो फ्यूल के संबंध में पेट्रोल पम्प मालिकों को, कर्मचारियों और आम जनमानस को अभियान के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस ने पेट्रोल खरीद रहे लोगों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा। पेट्रोल पंप मालिकों को दिशा निर्देश दिए गए कि नो हेलमेट नो फ्यूल के विषय में पारित आदेश का कड़ाई से अनुपालन करें। बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल देने पर कार्रवाई होगी।



पार्टी के पदाधिकारियों के साथ मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

## प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनेगा: हरीश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश कार्यशाला में मिले निर्देशों के अनुरूप रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, नमो मैराथन आदि कराएंगे।

जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाएंगे, स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 24 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविर लगेंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री का संबोधन सुना जाएगा। 17 सितंबर से ही दो अक्टूबर तक प्रदर्शनी लगेगी। 18 सितंबर से दो अक्टूबर को मंडल स्तर पर रक्तदान शिविर लगेंगे। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण के बाद एक पेड़ मां के नाम, कार्यकर्ता के घर भोजन जैसे कार्यक्रम होंगे। 27 से 28 सितंबर तक विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान व दिव्यांगों को उपकरण वितरण होंगे। प्रदेश कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने भी विशेष निर्देश दिए हैं। इसके लिए सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी तैयार रहें। कार्यक्रम के लिए अशोक विश्नोई को संयोजक बनाया है।

## ईद मिलादुन्नबी पर सब्ज परचम की जमकर बिक्री

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● दुकानों पर 5 रुपये से लेकर 500 रुपये तक के हैं सब्ज परचम

**अमृत विचार :** ईद मिलादुन्नबी पर बाजार गुलजार हो गए हैं। सब्ज परचम (इस्लामिक झंडे) और झालरों की खूब बिक्री हो रही है। किला मैदान से 5 सितंबर को जुलूसे मोहम्मदी निकलेगा।

5 सितंबर को किला मैदान से जुलूसे मोहम्मदी निकलेगा। मौलाना रेहान खां ने बताया रबी उल अव्वल इस्लामी कैलेंडर का तीसरा महीना है। इस महीने में हजरत मोहम्मद का जन्मदिन मीलाद उन नबी को मनाया जाता है। मौलाना जमान बाकरी ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस की याद में मनाया जाता है। यह उत्सव मोहम्मद साहब के जीवन और उनकी शिक्षाओं की भी याद दिलाता है। मौलाना रेहान खां ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी पर दिन घर, मस्जिद और कार्यक्षेत्र को सजाया जाता है। इस दिन कुरआन का पाठ करते हैं और उनके संदेशों को जीवन में उतारते हैं। मोहम्मद साहब के सम्मान में इस दिन हर जगह जुलूस निकाले जाते हैं और लोग इस दिन गरीबों व जरूरतमंदों को दान व जकात करते हैं।



दुकान पर बिकते इस्लामिक झंडे।

## महिला से मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खाता चिंतामन निवासी महिला फरजाना ने कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले हुए बच्चों बच्चों के विवाद को लेकर गांव निवासी इस्लाम, अली बख्श, करीमा और सबीना ने उसको गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, क्षेत्र के ग्राम खाते नगरिया खाता निवासी महिला रजनी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका देवर अनुज जबरन उसके घर पर आया और गाली देने लगा। विरोध किया तो मारपीट कर दी। जिससे उसके बाएं पैर में चोट लग गई। आरोपी भीड़ को देख मौका देखकर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मामले में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कागजात पूरे होने पर भी दो बार फाइल की रिजेक्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली/रामपुर

● आरोपी अधिकारी ने कहा था, बिना रुपये दिए नहीं होगा पंजीकरण

● परेशान कारोबारी ने विजिलेंस से की थी घूस मांगने की शिकायत

**अमृत विचार :** स्क्रैप कारोबारी ने अपनी पत्नी के नाम पर जीएसटी पंजीकरण कराने के लिए दिए सारे कागजातों को पूरे करने के बावजूद राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त सतीश कुमार ने दो बार फाइल को रिजेक्ट कर दिया। पीड़ित ने कारण जानना चाहा तो साफ कह दिया कि बिना पैसे दिए पंजीकरण नहीं होगा। परेशान स्क्रैप कारोबारी ने रिश्वत देने की हामी भरते हुए सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) बरेली कार्यालय में शिकायत कर दी। इसके बाद टीम ने घेराबंदी करके घूसखोरी के आरोपी में सहायक आयुक्त को रुपये लेते हुए दबोच लिया।

पीड़ित व्यापारी आले नवी ने बताया कि उसने अपनी पत्नी के नाम से फर्म बनाई थी। साथ ही जीएसटी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। मांगे गए सभी कागज दिए जाने के बाद भी आरोपी राज्यकर विभाग के सहायक आयुक्त ने उसकी फाइल को दो बार रिजेक्ट कर दिया। इस पर पीड़ित ने फाइल को रिजेक्ट करने का कारण पूछा तो आरोपी ने साफ कह दिया कि कहीं भी जाओ कोई भी कागजात लगाओ, जब-तक रुपये नहीं दोगे तब तक जीएसटी पंजीकरण नहीं होगा।

पीड़ित ने बताया कि निराश होकर उसने आरोपी की शिकायत करने का मन बना लिया और रिश्वत देने की बात करके मामला तय करने की कोशिश की। कई बार की हुई वार्ता के बाद आरोपी सहायक आयुक्त ने दो हिस्सों में 25 हजार की घूस लेने पर सहमति जताई थी। सहायक आयुक्त के रिश्वत लेने की सहमति जताते ही विजिलेंस कार्यालय में शिकायत करते हुए कुछ तथ्य भी उन्हें उपलब्ध कराए। इसके बाद विजिलेंस टीम के बताए अनुसार घूस के पहले हिस्से के 15 हजार रुपये लेकर स्क्रैप कारोबारी बुधवार को उनके कार्यालय में पहुंच गया। जैसे ही आरोपी ने रुपये पकड़े पहले से ही विभागीय कार्यालय में मौजूद टीम के सदस्यों ने उन्हें मौके से दबोच लिया।

### अन्य कर्मचारियों में मचा हड़कंप

राज्यकर विभाग के सहायक आयुक्त के रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के बाद वहां पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में सनसनी फैल गई। कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद व्यापारी भी एकत्रित हो गए। जानकारी करने के बाद व्यापारी वहां से चले आए। पूरे दिन कर्मचारियों में तरह-तरह की चर्चा होती रही।

### एसपी विजिलेंस ने जारी किया हेल्प लाइन नंबर

एसपी विजिलेंस अरविंद कुमार ने बताया कि स्क्रैप कारोबारी से 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए जीएसटी सहायक आयुक्त सतीश कुमार को बुधवार को रामपुर स्थित उनके कार्यालय से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोपी को गुरुवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई राजपत्रित अधिकारी सरकारी कार्य के बदले में रिश्वत की मांग करता है तो इस हेल्पलाइन नम्बर पर 9454401866 पर शिकायत करें।

## महारानी पद्मावती की शोभायात्रा निकाली

संवाददाता, ढकिया



महारानी पद्मावती की शोभायात्रा का उद्घाटन करते डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त।

**अमृत विचार :** कस्बे में बैंड बाजों के साथ महारानी पद्मावती की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल झांकियां दर्शकों का मन मोह रही थी। शोभायात्रा का कस्बे में फूल बरसाकर स्वागत किया।

महारानी पद्मावती की याद में ढकिया में प्राचीन काल से चार दिवसीय ध्वजा मेला लगता है। बुधवार शाम को ध्वजा मेला का उद्घाटन हुआ। ध्वजा मेला उद्घाटन के मौके पर रानी पद्मावती की शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ निकाली। शोभायात्रा का उद्घाटन भाजपा एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने फीता काटकर किया। ग्राम देवता स्थान पर पूजा अर्चना के बाद मुख्यातिथि ने 61 फुट ऊंची ध्वज पताका भी फहराई। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड बाजे उनके पीछे महारानी पदमावती की झांकी, कबूतरों पर बैठे भगवान श्री कृष्ण की झांकी, हनुमान जी की पूंछ पर बैठे लव-कुश, मीराबाई के प्याले में भगवान श्री कृष्ण, सरशैया पर लेटे पितामह भीष्म को जल पिलाते अर्जुन, कृष्ण की बंसी पर बैठी मां सरस्वती की झांकियां चल रही थी। शोभायात्रा मेन मार्केट, चौकी मार्ग, मस्जिद मार्ग होते हुए मेले में पहुंची। जहां ध्वजा पताका फहराई गई और प्रसाद वितरण करके मेले का आरंभ किया। शोभायात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया। शोभायात्रा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पश्चिमी उप्र अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, क्षत्रिय महासभा के रामपुर जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, नर्वदेश्वर राव, यशपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, अतुल सिंह, रंजीत सिंह, मेला कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजपाल सिंह, कुंवरपाल सिंह, सतीश कुमार सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, मनोज फौजी, दिग्विजय फौजी, कोमिल सिंह, नेपाल सिंह, अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

## सीतापुर जेल में आजम खां से मिलीं महिला सपा नेता

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

● डेढ़ घंटे तक चली मुलाकात सियासी पहलुओं पर चर्चा

**अमृत विचार :** सीतापुर कारागार में निरुद्ध आजम खां से महिला सपा नेता अनुराधा सहित तीन लोगों ने मुलाकात की। लगभग डेढ़ घंटे तक चली बातचीत के दौरान सियासी पहलुओं पर भी चर्चा हुई, खाद्य सामग्री भी मिलने वालों द्वारा अंदर ले जाई गई।

सपा नेता आजम खां से मिलने रामपुर से महिला सपा नेता अनुराधा अपने पति धर्मवीर और शावेज खान के साथ कारागार पहुंचीं। नियमानुसार, कारागार प्रशासन से अनुमति ली गई। इनके साथ खाद्य सामग्री भी थी। सीसीटीवी की निगरानी में प्रवेश मिला और फिर आजम खां से मुलाकात की। सितंबर माह की पहली मुलाकात का क्रम डेढ़ घंटे चला। चर्चा है कि राजनैतिक पहलुओं पर दोनों के मध्य चर्चा हुई। प्रदेश और खासकर रामपुर के ताजा हालातों पर बातें हुईं। जेल से निकलने के बाद मीडिया से दूरी बनाते हुए तीनों लोग रामपुर लौट गए। स्थानीय अभिसूचना विभाग की टीम कारागार परिसर से सूचनाएं एकत्र करते हुए मुख्यालय और रामपुर को प्रेषित करती रही।

### अगस्त में परिवार कर चुका है मुलाकात

अगस्त माह में पत्नी तंजीम फातिमा और पुत्र आदीब आजम खां ने मुलाकात कर चुके हैं। उस दौरान परिवार ने सपा नेता के बीमार होने की बात मीडिया से साझा की थी।

## प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी दो बच्चों की मां

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के गांव में विवाहिता अपने दो बच्चों को छोड़कर प्रेमी के पास चली गई। प्रेमी से शादी की जिद करने लगी, बाद में किसी तरह विवाहिता को उसकी ससुराल भेजा गया।

मसवासी चौकी क्षेत्र के गांव निवासी विवाहिता का पड़ोस के युवक से प्रेम प्रसंग था। विवाहिता का पति मजदूरी कर अपने परिवार चलाता है। लेकिन इसी बीच उसकी पत्नी पड़ोस के अविवाहित युवक से प्रेम संबंध हो गए। बुधवार को विवाहिता अपने दो बच्चों को घर पर छोड़कर पुलिस चौकी आ गई। इस पर यहां पुलिस ने उसके प्रेमी को भी बुला लिया। यहां ससुराल पक्ष के लोग भी प्रधान के साथ पुलिस चौकी पहुंचे। इसके बाद मान मनोबल का दौरा शुरू हो गया। काफी देर तक विवाहिता को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह प्रेमी के साथ रहने की जिद करती रही। बाद में पुलिस चौकी से विवाहिता को किसमझाकर उसकी ससुराल भेज दिया गया

## हॉकी खिलाड़ियों का प्रदेशीय टीम के लिए हुआ ट्रायल



नवाब जुल्फिकार अली खां स्पोर्ट्स स्टेडियम में गेंद पर कब्जे का प्रयास करते खिलाड़ी।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पनवड़िया स्थित नवाब जुल्फिकार अली खां स्पोर्ट्स स्टेडियम पर बुधवार को हॉकी स्किल टेस्ट में हिट, पुश, स्कूप, ड्रिब्लिंग आदि कराया गया। इसके अलावा फिजिकल टेस्ट में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ और सेटअप आदि देखा गया। हॉकी सिविल सर्विसेज राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल हुआ। राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में 22 खिलाड़ी शामिल हुए। चयन प्रक्रिया में जिला अधिकारी जोगिंदर सिंह द्वारा नामित कमेटी के अध्यक्ष डिप्टी कलेक्टर आशुतोष, खेला इंडिया के प्रशिक्षक मोहम्मद फहीम, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार, हॉकी कोच फरहत अली खां, खेमपाल सिंह, इमरान खां, आकाश शर्मा और फजील अहमद आदि मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय वॉलीबाल में दढ़ियाल की टीम का दबदबा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को बालक वर्ग अंडर 14, 17 और 19 की जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में दढ़ियाल के गांधी इंटर कॉलेज की टीम का दबदबा रहा।

अंडर 19 के फाइनल मुकाबले में गांधी इंटर कॉलेज दढ़ियाल की टीम ने नवाबगंज इंटर कॉलेज को 25-16 ओर 25-10 के अंतर से हराया। टीम ने बालक वर्ग के तीनों प्रारूपों में अपना कब्जा जमाया। वॉलीबाल बालक वर्ग के संयोजक गांधी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विधिराम रहे। मुकाबले अंडर 14 वर्ग के पहले फाइनल मुकाबले में गांधी इंटर कॉलेज दढ़ियाल ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर से 25-10 और 25-16 के अंतर से मैच जीत लिया। बालक वर्ग अंडर 17 के दूसरे फाइनल मुकाबले में गांधी इंटर कॉलेज ने जैन इंटर कॉलेज को 25-15 और 25-17 के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। खेलों में गांधी इंटर कॉलेज, जैन इंटर कॉलेज, हरि इंटर कॉलेज, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, राजकीय रजा इंटर कॉलेज, हसरत इंटर कॉलेज, नवाब इंटर कॉलेज नवाबगंज, रेनबो इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज खाडी-खेड़ा, आरपीएस इंटर कॉलेज की टीमों ने प्रतिभाग किया। मैच रेफरी की भूमिका में मनोज कुमार, विकास कुमार सागर रहे। चयनकर्ताओं में सलीम यूसुफ जैदी, सलीम मियां और हरपाल सिंह शामिल रहे।

## न्यूज डायरी



### मंडलायुक्त से मिले रालोद कार्यकर्ता

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू के नेतृत्व में कार्यकर्ता मुरादाबाद मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह से मिले और एक साल का कार्यकाल बढ़ाने पर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह, हाफिज फैयाज हसन गुड्डू, फुरकान अली, रिजवान अली, रहमत अली, गुलवेज पाशा, मंजु खान मौजूद रहे।

### महिला से छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलकखानम थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला का कहना है कि राशिद नाम का युवक महिला के घर पहुंच गया। उसके बाद उसको फोन देकर महिला से कहा कि रोजाना मुझसे से बात किया करो। महिला के मना करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज कर दी थी। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। आरोपी मौका पाकर फरार हो गया। बाद में दो दिन बाद आरोपी फिर से महिला के घर पहुंच गया। उसको अकेला पाकर दबोच कर उसके साथ छेड़खानी की और विरोध करने पर उसको जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### स्कूल में छात्र-छात्राओं को फर्जी कॉल के बारे में जानकारी दी

**मसवासी, अमृत विचार :** बुधवार को शिकारपुर स्थित विकास भारती स्कूल में साइबर सेल कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में सीओ स्वार अतुल कुमार पांडेय ने छात्रों को साइबर क्राइम में होने वाले ऑनलाइन फ्रॉड जैसे फिशिंग, हैकिंग, बैंकिंग धोखाधड़ी और फर्जी कॉल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्र सतर्क रहकर और सही समय पर शिकायत दर्ज कराकर इन अपराधों से बच सकते हैं। विद्यालय की प्राचार्या स्मिता गुप्ता ने कहा कि साइबर सुरक्षा के बिना आधुनिक शिक्षा अधूरी है। चेयरमैन संसार सिंह ने छात्रों से आह्वान किया कि वे इंटरनेट का उपयोग सदैव सकारात्मक दिशा में करें। इस मौके पर विद्यालय के समस्त अध्यापक और अध्यापिकाएं मौजूद रहे। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन संसार सिंह तथा प्रबंधक विकास कुमार भी मौजूद रहे।

### शिक्षक के जुड़वा बेटी-बेटे का जूनियर असिस्टेंट पद पर चयन



**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस के फैजनगर निवासी धर्मवीर सिंह चमरौआ के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात है। उनका कहना है उनके बेटे आशुतोष कुमार का चयन बदायूं में तथा बेटी सुरभि का चयन बरेली जूनियर असिस्टेंट स्वास्थ्य विभाग में हुआ है। दोनों जुड़वा भाई-बहन है। दोनों की प्रारंभिक शिक्षा उच्च प्राथमिक विद्यालय मिलक चिकना में हुई है। दो साल पहले उन्होंने परीक्षा दी थी। जिसका परिणाम अब आया है।



### रालोद हमेशा किसानों और गरीबों के साथ : शाहिद

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित राष्ट्रीय लोकदल के कार्यालय पर बैठक में जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने घोषणा की है। सांसद एवं विधायक अपना एक माह का वेतन बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए समर्पित करेंगे। यह निर्णय न केवल जनसेवा की मिसाल है। राष्ट्रीय लोकदल का इतिहास है कि जब किसान और मजदूर पर संकट आया है, तब रालोद के मुखिया ने पूरी ताकत से उनका साथ दिया है। रालोद किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह बिट्टू ने कहा कि किसान और मजदूर रालोद की आत्मा हैं।

### पांच लोगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**शाहबाद, अमृत विचार :** गिरोह बनाकर चोरी, नकबजनी अपराध करने में पांच अपराधियों पर शाहबाद पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। बुधवार को शाहबाद पुलिस ने गैंग लीडर जाकिर अल्वी निवासी मोहल्ला गुलाब बाग थाना बिसौली जनपद बदायूं, सुमित प्रजापति निवासी मोहल्ला धोबिया ताल थाना बिसौली जनपद बदायूं, बाबू अल्वी निवासी मोहल्ला बेदान थाना शाहबाद रामपुर, लताफत निवासी मोहल्ला गुलाब बाग थाना बिसौली जनपद बदायूं, वसीम निवासी मोहल्ला गुलाब बाग थाना बिसौली जनपद बदायूं के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। कोतवाल पंकज पंत ने बताया कि यह लोग गैंग बनाकर अपराध करते थे। पांचों लोगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

## ब्रीफ न्यूज

### युवती को बहला फुसलाकर ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को एक युवक 30 अगस्त को ले गया। युवती के परिवार वालों के अनुसार उसकी दो माह बाद शादी है। युवती घर से गहने व लाख रुपये भी लेकर चली गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में युवती के भाई की तहरीर पर रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### चेयरमैन, ईओ ने कुपोषित बच्चों को पोषण किट बांटी

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद नजीबाबाद में बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने की। इस अवसर पर नगर पालिका की अधिशाषी अधिकारी मुक्ता सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी विमल चौबे, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अखलाक अहमद, नगर पालिका के कर अधीक्षक योगेंद्र सिंह ,सफाई एवं खाद निरीक्षक आदेश सैनी, राजस्व निरीक्षक विपिन चौहान, सभासद ऐश्वर्या, सुल्तान अहमद ,मोहम्मद इब्राहिम मौजूद रहे। कुपोषित बच्चों को पोषण की किट दी गईं।

### श्री कृष्ण विवाह का प्रसंग सुनाया गया

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव अहरौला में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक राधिका माधव ने प्रवचन किए। उन्होंने कहा श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। राधिका माधव ने रास पंच अध्याय का वर्णन करते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। लोकेश सिंह,कुलदीप चौहान, टेकचंद सिंह,कुलदीप सिंह,बंटी चौहान,मूलचंद सिंह,सतीश चौहान, प्रीतम सिंह,चंद्रपाल सिंह,सुखपाल सिंह,प्रेम सिंह,संजय सिंह,दीपक चौहान,आशु चौहान,संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

### घर में घुसकर मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**सैदनगली,अमृत विचार :** सैदनगली क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट करने एवं चाकू से हमला कर जख्मी कर देने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मां, बेटे व बेटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नगर पंचायत सैदनगली के मुहल्ला सादात की हिना फात्मा ने बताया कि 13 जुलाई को उनके तहेरे ससुर जफर अब्बास के यहां मजलिस हुई थी। शाम चार बजे उनकी ननद समाना को देखकर अकीक सुल्तान, उनके बेटे सलमान अब्बास व बेटी नवाज फात्मा ने अभद्र टिप्पणी की। विरोध करने पर आरोपी घर में घुसकर मारपीट करने लगे। बचाने आई उसके साथ भी मारपीट की। सलमान अब्बास ने चाकू से घायल कर दिया। वह रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंचीं लेकिन, पुलिस ने दबाव के चलते उल्टे उनके परिवार वालों के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी विकास सहरावत ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मां, बेटे व बेटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# भाई ने गड़ासे से गला काटकर की बहन की हत्या

## बुधवार सुबह घर से गेहूं निकालकर बेचने जा रहा था, बहन ने विरोध किया तो आपा खोकर मारा गड़ासा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



मौके पर पूछताछ करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भाई ने अपनी बहन की गड़ासे से गला काटकर हत्या कर दी। भाई घर से गेहूं बेचने जा रहा था, बहन ने विरोध किया तो गड़ासे से वार कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव आरिफपुर माफी में हरि सिंह की 15 साल पहले मृत्यु हो गई थी। परिवार में अब पत्नी अनीता देवी के अलावा चार बेटे और दो बेटियां हैं। बड़ा बेटा शैलेंद्र और जितेंद्र नौकरी करते हैं। एक बेटी की शादी हो चुकी है। अनीता के पास दो बेटे भूपेंद्र, पुष्पेंद्र और बेटी रेखा रहती थी। बुधवार की सुबह तड़के सब लोग सो रहे थे। करीब 5 बजे पुष्पेंद्र घर से गेहूं निकाल कर बेचने के लिए ले जा रहा था। इस दौरान अनीता की आंख खुल गई। उन्होंने उसे रोका तो वह झगड़ने लगा। शोर शराबा सुनकर रेखा भी जाग गई। उसने भी विरोध कर बीच बचाव की कोशिश की।

● **पुलिस ने आरोपी भाई को गांव के पास खेत से दबोचा**



आरोपी पुष्पेंद्र।



मृतका रेखा।

इस दौरान गुस्से में पुष्पेंद्र ने पास में पड़ा गड़ासा उठाकर रेखा की गर्दन पर मार दिया। इससे उसकी मौत हो गई। मां की चीख निकलते ही पूरा परिवार जाग गया और मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। रेखा की लाश घर के अंदर खून से लथपथ पड़ी थी।

सूचना पर पुलिस पहुंच गई। एसपी अखिलेश भदौरिया ने भी मौका मुआयना किया। इस दौरान पुष्पेंद्र हत्या करके मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुछ देर बाद पुलिस ने आरोपी पुष्पेंद्र को खेत से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पुष्पेंद्र पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### नवंबर में होनी थी रेखा की शादी

परिजनों के मुताबिक रेखा परिवार की सारी जिम्मेदारियां संभालती थी। उसकी नवंबर में शादी होनी थी। घर में तैयारी चल रही थी तथा नवरात्र में गोद भराई होनी थी। उसकी मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### पुष्पेंद्र करता था आवारागर्दी

ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी पुष्पेंद्र अपना खर्च चलाने के लिए घर का सामान बेच देता था। पूरा दिन आवारागर्दी करता रहता था। पिछले 6 महीने से पुष्पेंद्र का कोई अता पता नहीं था। करीब 6 दिन पहले ही वह घर आया था। शराब पीने के लिए सामान बेच देता था। बुधवार को भी वह घर से गेहूं बेचने के लिए जा रहा था विरोध करने पर उसने अपनी बहन की हत्या कर दी।

# तिगरी में गंगा फिर उफनाई फसलें जलमग्न, दहशत

संवाददाता, गजरौला

● **लगातार बारिश और बिजनौर बैराज से छोड़ा गया पानी**

**अमृत विचार:** चार दिन से लगातार हो रही बारिश और बिजनौर बैराज से पानी छोड़े जाने के चलते तिगरी गंगा फिर उफान पर है। गंगा धाम तिगरी में बुधवार को पांच सेमी की वृद्धि के संग जलस्तर 200.70 मीटर गेज पर पहुंच गया। रात तक जलस्तर में और भी इजाफे की आशंका है।

बाढ़ खंड के अवर अभियंता सुभाष कुमार ने बताया कि मंगलवार को गंगा का जलस्तर 200.65 मीटर गेज पर था। इसमें पांच सेमी की वृद्धि होने से बुधवार को जलस्तर 200.70 पर पहुंच गया। जिसके चलते तिगरी व निकटवर्ती खादर क्षेत्र के एक दर्जन गांवों के जंगल फसलें जलमग्न है। पशुओं को सूखा चारा खिलाकर ही काम चलाया जा रहा है। ओसीता जगदेपुर वाले अंडर पास पर बाढ़ का पानी भरा होने के कारण दिल्ली से अंडरपास के माध्यम से तिगरी और मंडी धनौरा मार्ग पर आवागमन पटरी पर नहीं लौट पा रहा है। तिगरी में शवों के अंतिम संस्कार के लिए भी गंगा से काफी दूर स्थान का उपयोग किया जा रहा है। माना जा रहा है कि जब तक बरसात नहीं थमेगी, बाढ़ के पानी से पूरी तरह मुक्ति मिलना संभव नहीं है।

खादर क्षेत्र के गांव मंदिर वाली भुड्डी, शीशों वाली, जाटो वाली, दारानगर, अलीनगर, चकनवाला ऐतमाली, ओसिता जगदेपुर, तिगरी समेत दस से अधिक गांवों के लोग बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हैं। सोविंद्र सिंह, महकार सिंह, अनूप राणा, रंजीत राणा, मनोज राणा का कहना है कि पिछले कई वर्षों में बाढ़ से इतनी परेशानी हुई है।

# पुलिस ने गोकशी का आरोपी दबोचा

संवाददाता सैदनगली

**अमृत विचार:** थाना सैदनगली क्षेत्र में पुलिस और गोकशों की मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने एक गोकश को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से उसकी बाइक व कटान के उपकरण बरामद किए हैं।

सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि मंगलवार की देर रात सैदनगली क्षेत्र के गांव चांदपुर में मिले गोवंशीय अवशेष के मामले पुलिस चेकिंग कर रही थी। बुधवार की सुबह ढक्का सैदनगली मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस को एक बाइक पर सवार दो लोग दिखाई दिए। रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की फयरिंग में एक बदमाश घायल हो गया। जबकि उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान उझारी निवासी शोएब के रूप में हुई है। जबकि उसका साथी दानिश फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि शोएब पर पहले भी अमरोहा और दिल्ली में गोकशी के मुकदमे दर्ज हैं। मुठभेड़ के बाद, पुलिस ने शोएब के पास से एक बिना नंबर की बाइक, एक तमंचा, कारतूस, और गोकशी



मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर सीओ दीप कुमार पंत व थाना प्रभारी। ● अमृत विचार

● **पैर में मारी गोली, गोकशी के उपकरण बरामद**

के औजार बरामद किए हैं। यह मुठभेड़ पुलिस फरार आरोपी दानिश की तलाश में जुटी हुई है। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि 2 दिन पहले सैदनगली के चांदपुर में उसके द्वारा गोकशी की गई थी। मंगलवार की रात अवशेष बरामद हुए थे। सीओ ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश शुऐब शातिर किस्म का अपराधी है। जिस पर गोकशी के मुकदमे दर्ज हैं। उसके फरार साथी को पकड़ने के लिए तलाश की जा रही है।



घायल गोकश को ले जाती पुलिस।

# गंगा में डूबे युवक का गोताखोरों ने निकाला शव

**बुरावली, अमृत विचार:** थाना रहरा क्षेत्र के गांव छपना का एक युवक बिरामपुर गांव के पास गंगा के तेज बहाव से डूब गया था। ग्रामीणों व गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसके शव निकाला। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



मृतक शाहिद।

मंगलवार को छपना गांव के चार युवक मंगलवार को ग्राम बिहरामपुर के पास मछली पकड़ने गए थे। जाल डालते समय चार युवक डूब गए थे। जिसमें से तीन सुरक्षित निकल आए जबकि शाहिद पुत्र साबिर डूब गया था। बुधवार को ग्रामीणों व गोताखोरों को उसका शव मिला। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि 20 दिन पहले ही शाहिद की शादी जिला संभल के गांव मतवाली से हुई थी। पत्नी के हाथों में से मेहंदी भी नहीं छूटी थी कि पति का साथ छूट गया। पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सड़क की मांग, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते गांव झुडी खादर के ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव में ग्रामीणों ने सड़क बनवाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव झुडी खादर के ग्रामीणों ने सड़क बनवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए कहा है कि यह गांव का मुख्य मार्ग है। इस मार्ग से दूसरे गांवों को भी ग्रामीण जाते हैं। यह मार्ग पहाड़पुर वक्काल,सुमाठेर,कनैटा,बहापुर, उझारी आदि गांव को मार्ग जोड़ता है। ग्रामीण रणजीत सिंह का कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान ग्रामीणों ने एक किलोमीटर संपर्क मार्ग को बनवाने की मांग की थी। उस समय अधिकारियों व नेताओं ने मार्ग बनवाने का आश्वासन दिया था। मार्ग पर काफी काफी गहरे गड्ढे हैं जगह-जगह कीचड़ वह गंदगी फैली हुई है। लोग पैदल निकलने को मजबूर हैं। ग्रामीण सुनील का कहना है कि बच्चे कीचड़ में गिरकर चोटिल हो जाते हैं ।

● **गांव झुडी खादर में मार्ग पर जलभराव से परेशान हैं ग्रामीण**

ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही मार्ग नहीं बनवाया गया तो वह जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में रनजीत सिंह, बंटी,सुनील,छतर सिंह,सुरेंद्र सिंह, कुंवर पाल,करन सिंह,ताराचंद, प्रेमपाल,सतपाल,सोमपाल,वीर सिंह, अतर सिंह,देवराज, खड़क सिंह आदि मौजूद रहे।

# बस ने बाइक रौंदी अल्युमिनियम कारीगर की मौत

**सैदनगली, अमृत विचार:** हसनपुर रोड स्थित गांव रिठाली के पास टूरिस्ट बस और बाइक की भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमरोहा के थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव उझारी निवासी मोहित सैनी के रूप में हुई। वह अल्युमिनियम का काम करता था।



मृतक मोहित सैनी।

मोहित अपनी बहन पूजा के घर संभल कोतवाली क्षेत्र के गांव शहजादी सराय से अपने घर वापस जा रहा था। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद परिजनों को जानकारी मिली। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव जब घर पहुंचा तो परिवार के लोगों में कोहरामच गया। जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

# महिला मेट ने ब्लॉक पर किया प्रदर्शन



ब्लॉक पर प्रदर्शन करतीं महिला मेट। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** ब्लॉक क्षेत्र की महिला मेट ने ब्लॉक कार्यालय पर प्रदर्शन कर आईडी, पासवर्ड डलवाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वह जनपद के उच्च अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराएंगी।

बुधवार को नगर के ब्लॉक के गांवों में तैनात महिला मेट ब्लॉक कार्यालय पर एकत्र हुईं। अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर ब्लॉक कार्यालय में ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि उनके पास आईडी पासवर्ड नहीं है। कई बार कहने के बाद भी उन्हें उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा जिसके कारण वह अपनी उपस्थिति नहीं लगा पाती हैं। पिछले मस्ट्रॉल भी फीड नहीं हो पा रहे हैं जिसकी वजह से पिछला भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द उन्हें आईडी पासवर्ड नहीं दिए गए तो वह जनपद के उच्च अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराएंगी। प्रदर्शन करने वालों में प्रीति, सोनी ,पूनम, ममता, मुकेश, मीनाक्षी, मिथिलेश, कामिनी, प्रेमवती, सुमन, मालती, शबनम ,संतोष, सुधा, जागेश देवी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



विज्ञान प्रदर्शनी का फीता कार्ड आरंभ करते अतिथि।

### श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**हसनपुर,अमृत विचार :** श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बुधवार को प्रदर्शनी का शुभारंभ ताहरपुर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य धर्मपाल अग्रवाल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य कोमल रानी ने किया। प्रदर्शनी में 59 विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए गए। जिनकी सभी के द्वारा प्रशंसा की गई। इसके बाद कक्षा 8 से लेकर 12 तक के छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किए गए मॉडलों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान चयनित किए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य मुकेश बाबू, संदीप कुमार,धर्मपाल सिंह, प्रेम राज सिंह, ऋषिपाल सिंह, रोहित कुमार,मनोज कुमार,धर्मेंद्र कुमार, पदम सिंह सहित कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा।



बैठक में भाकियू संयुक्त मोर्चा के कार्यकर्ता।

### बाढ़ प्रभावित पंजाब में राहत सामग्री भेजने पर चर्चा

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की बुधवार को बैठक में पंजाब में हुए प्राकृतिक आपदा पर चिंता व्यक्त की गई एवं आपदा प्रभावित क्षेत्र में हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए सभी से एक जुट होकर सहायता सामग्री एकत्र करने की अपील की। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी, उपाध्यक्ष विजय वीर सिंह, मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, राष्ट्रीय सचिव चंद्रपाल सिंह, जिला अध्यक्ष राहुल सिद्धू, कामिल चौधरी, तेजपाल सिंह,नितिन चौधरी, अभिषेक भुल्लर, अंकुर चौधरी, जितेंद्र चौधरी, अमित चीमा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



छत पर चढ़ा सांड।

### सीढ़ियों से होकर 12 फीट ऊंची छत पर चढ़ा सांड़

**हसनपुर, अमृत विचार :** सांड़ एक मकान की 12 फीट ऊंची छत पर सीढ़ियों के सहारे चढ़ गया। ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। बमुश्किल सांड़ को वहां से उतारा। आदमपुर क्षेत्र में आवारा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। बुधवार की सुबह ढबारसी गांव में एक सांड़ किसान रानी सिंघल के मकान की 12 फीट ऊंची छत पर सीढ़ियों के सहारे चढ़ गया। घटना से गांव में अफरातफरी मच गई। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सभी ने मिलकर सांड को नीचे उतारने का प्रयास किया। कई घंटों की मेहनत के बाद सांड को उतारा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में आवारा सांडों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे लोगों की जान-माल को खतरा बढ़ गया है।




विधायक को ज्ञापन सौंपते वाल्मीकि समाज के लोग।

### वाल्मीकि प्रकट दिवस पर अवकाश घोषित करने की मांग

**हसनपुर,अमृत विचार :** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के तत्वाधान में वाल्मीकि चेतना दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा सम्मिलित हुए। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश भीम अनार्य ने की। ज्ञापन के माध्यम से भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस पर सरकारी अवकाश घोषित करने की मांग की। सफाई कर्मचारियों के पदों पर नियुक्ति जल्द की जाए। नीरज पाराशर, अजय पाल, देशराज, पुरुषोत्तम करोतिया, विजय पारछा, दयाराम, पप्पू, रवि कुमार,आकाश,संजय कुमार, मुकुल,रोबिन कुमार,विशाल चंद,विनय, सुमित, जयचंद, पवन, कमल सिंह,शंकर लाल, हर्ष व अन्य मौजूद रहे।

# शोभायात्रा निकालकर बप्पा को दी विदाई



गणपति की मूर्ति को विसर्जन करने ले जाते भक्त। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव सेवा समिति के तत्वाधान में नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित गणेश चौक पर गणपति विसर्जन कार्यक्रम हुआ। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई।

बुधवार की सुबह से ही गणपति विसर्जन की तैयारी समिति द्वारा शुरू कर दी गई थी। जहां श्रद्धालुओं ने भगवान गजानन का विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ जयघोष के साथ कोई डीजे की धुन पर तो थिरक रहा था तो कोई अबीर-गुलाब उड़ा रहा था। जिनमें महिला-पुरुष और युवा श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नाचते-गाते ओर अबीर-गुलाल उड़ाते हुए भगवान गजानन को लेकर चल रहे थे। अगले बरस जल्दी आने की कामना के साथ भक्तों ने गणपति विसर्जित शोभा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर नितिन सक्सेना, अंकित यादव, अभिषेक, आयुष, आनंद,सोनू, पंकज, दीपक अग्रवाल, उषा शर्मा, मीरा सक्सेना, विजय शर्मा, निर्मित अग्रवाल, हितांशी अग्रवाल, युवराज अग्रवाल, भूमिजा, मायका शर्मा, मंजुला शर्मा आदि मौजूद रहे।

● **गणपति की विसर्जन शोभायात्रा में भक्तों ने उड़ाया अबीर-गुलाल**

# गहमा गहमी के बीच हुई नगर पालिका बोर्ड बैठक

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** नगर पालिका बोर्ड की बैठक बुधवार को पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। नगर में वंदन योजना के अंतर्गत पौराणिक स्थलों का सौंदर्यकरणे, मुख्यमंत्री वैश्विक नागरोदय योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्य, नगर में लगने वाले होर्डिंग्स आदि पर शुल्क लगाने को लेकर चर्चा की गई। आय व्यय माह जून व जुलाई 2025 का ब्यौरा भी पेश किया गया।

सभासद अशोक घरोटिया द्वारा पूर्व में हुई बोर्ड की बैठक में दिए गए प्रस्तावों के कार्यों का ब्यौरा मांगे जाने पर बैठक में गरमा गर्मी का माहौल देखने को मिला। दूसरी ओर सभासद नौशाद मंसूरी द्वारा चौधरी चरण सिंह पार्क में बने तलाब में नाले का पानी भेजने की बात कहे जाने पर सभासद नूतन रानी, गौरव धारीवाल सहित अन्य सभासदों द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया ।साथ ही नालों की सफाई करने के लिए मशीन खरीदने व नगर पालिका की खाली पड़ी दुकानों के किराए हेतु प्रस्ताव कराए जाने को लेकर भी चर्चा की गई। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि सभी वार्डो की साफ-सफाई व्यवस्था का उचित ध्यान रखा जाये। अधिशासी अधिकारी अवधेश वर्मा, लिपिक उमेश कुमार, सोनू पिवाल, सभासद प्रशांक त्यागी, जगत सिंह सैनी, राजू बादशाह, गौरव धारीवाल, मंजीत कौर, नूतन रानी, सरस्वती गोयल, राजीव दीक्षित,अशोक घरोटिया, आलम शेख, नौशाद मंसूरी, गुरुचन सिंह दुलीचंद गिहार सहित आदि सभासद मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### वरिष्ठ अधिवक्ता मुनीष चंद्र मित्तल का निधन



मुनीश चंद्र मित्तल।

**बबराला, अमृत विचार :** बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर की एल्डर कमेटी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठतम अधिवक्ता मुनीष चंद्र मित्तल (83) का बुधवार को निधन हो गया। वह पिकुछ समय से अस्वस्थ थे। परिजनों के अनुसार दोपहर बाद उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। बड़ी संख्या में अधिवक्ता और परिचित उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे।

### स्वास्थ्य विभाग ने कैंप लगा कर किया इलाज

**कैला देवी, अमृत विचार :** पंवासा विकास खंड के गांव बागड़पुर छोइया में वायरल बुखार से पीड़ित ग्रामीणों के इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग ने कैंप लगा कर दवाई दी। पिछले शुक्रवार को भी स्वस्थ की टीम ने गांव में कैंप लगाया था। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी यूपी बृजेश देवेन्द्र यदुवंशी ने पुनः स्वास्थ्य कैंप आयोजित कराने के लिए कहा था।

### ब्राह्मण महिला सभा ने भजन गाए

**संभल/ चंदौसी, अमृत विचार :** गणेशोत्सव पर भजन गाकर ब्राह्मण महिला सभा की महिलाओं ने पूजा अर्चना की। मयूर विहार स्थित सभा की नगर सचिव रानी शर्मा के निवास स्थान पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। अध्यक्ष उर्मिला शर्मा, सचिव रानी शर्मा, कोषाध्यक्ष मीरा दुबे ने दीप प्रज्वलित किया। ब्राह्मण महिला सभा की जिला महामंत्री रंजना शर्मा, इन्द्रेश शर्मा, विमलेश शर्मा अंशु नागर, सुधा शर्मा, साधना पाठक, सपना शर्मा, मीरा शर्मा, रेखा शर्मा, पारुल, स्नेहलता पांडे, शिप्रा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आकर ग्रामीण गंभीर घायल

**बहजोई, अमृत विचार :** धनारी के गांव विचपुरी निवासी प्रेम सिंह बहजोई बबराला मार्ग स्थित रेलवे ट्रैक के नजदीक लाइन क्रॉस कर रहा था तभी चंदौसी की ओर से आई ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर घायल हो गया। एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी बहजोई में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर बताते हुए अलीगढ़ के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। ग्रामीण ने पूछताछ में बताया कि वह अपने घर में कलेश से परेशान था।

# सीबीआई ने रात भर खंगालीं फाइलें

## बैंक के मैनेजर व फील्ड ऑफिसर गिरफ्तार, महिला ने रिश्वत की शिकायत की थी

कार्यालय संवाददाता, संभल/ चंदौसी




यूपी सर्व ग्रामीण बैंक शाखा यहीं की गई छापामारी। ● अमृत विचार

- बैंक के मैनेजर व फील्ड ऑफिसर को गाजियाबाद ले गई टीम
- महिला ने परिधान निर्माण इकाई स्थापित करने को लिया था त्रण

**अमृत विचार:** संभल जनपद के चंदौसी शहर की संभल गेट स्थित यूपी सर्व ग्रामीण बैंक शाखा में सीबीआई की टीम ने रात भर फाइलें खंगालीं। तड़के ऋण स्वीकृत करने की एवज 30 हजार की रिश्वत वसूलने के आरोपी बैंक मैनेजर व फील्ड ऑफिसर को गिरफ्तार कर लिया। टीम दोनों को अपने साथ गाजियाबाद ले गई। सीबीआई की कार्रवाई से बैंक में हड़कंप मचा है।

चंदौसी में अपने भाई के साथ कपड़े की दुकान चलाने वाली महिला ने मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के तहत छोटी परिधान निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए तीन लाख ऋण के लिए यूपी सर्व ग्रामीण बैंक संभल गेट शाखा में आवेदन किया था। इस महिला ने सीबीआई गाजियाबाद में शिकायत दर्ज कराई थी कि बैंक ने 2 लाख 70 हजार रुपए का उसका ऋण मंजूर कर दिया। इसमें से एक लाख बयासी हजार पांच सौ रुपये उसे दे दिए गए लेकिन बाकी रकम के लिए बैंक मैनेजर व फील्ड ऑफिसर 30 हजार की रिश्वत मांग मांगने लगे।

इसके बाद ही 2 सितंबर को सीबीआई टीम चंदौसी पहुंची। सीबीआई की टीम दोपहर बाद 3:45 बजे बैंक शाखा में दाखिल हुई तो सुबह 5:00 बजे तक सीबीआई ने बैंक की तमाम फाइलें खंगालीं। इसके बाद बैंक के शाखा प्रबंधक पिंकेश कुमार और फील्ड ऑफिसर शैलेंद्र सिंह को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया और अपने साथ गाजियाबाद ले गई। सीबीआई गाजियाबाद ने दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

**डीएम ने भी जताई थी नाराजगी:** बैंक शाखाओं को सरकार और प्रशासन स्तर से भी लगातार चेताया जाता है कि वह सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की फाइलों को बेवजह न लटकाएं और या तो पात्रों को ऋण स्वीकृत करें या फिर ऋण अस्वीकृत करने की वजह बतायें। पिछले दिनों जिलाधिकारी संभल डा. राजेंद्र पैंसिया ने बैंक प्रतिनिधियों की बैठक में इस हालात को लेकर साफ चेतावनी दी थी। कहा था कि बिना वजह फाइलों को लटकाकर रखने की बात बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### बैंक अफसरों की बोलती बंद

यूपी सर्व ग्रामीण बैंक की शाखाओं में क्या चल रहा है इस पर नजर रखने के लिए जहां क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित है वहीं बैंक का मुख्यालय भी मुरादाबाद में ही है। इसके बावजूद बैंक के मैनेजर व फील्ड आफिसर सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं में ही पैसा वसूलने में लगे हैं। सवाल यह है कि बैंक के बड़े अधिकारी आखिर क्या निगरानी कर रहे थे। अफसर पैनी निगाह रखते जो बैंक को सीबीआई कार्रवाई की फजीहत न झेलनी पड़ती।

## शतरंज प्रतियोगिता में पहले दिन खेले गए 22 मैच

**संभल/ चंदौसी, अमृत विचार:** श्री गणेश मेला में शतरंज प्रतियोगिता में पहले दिन 22 मैच खेले गये।

शिशुपाल वार्ष्णेय व राजेन्द्र कुमार रज्जु की स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता का आरम्भ उर्मिला व उनके पुत्र मनोज कुमार ने गणेश प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व शतरंज खेल कर किया। उनके साथ डॉ. राजीव गुप्ता व शशिकांत गुप्ता तथा आयोजन समिति के अश्वनी शर्मा, राजू बनर्जी, करुणेश शर्मा, प्रातिभ, सूरज व शुभम भी रहे। नॉक आउट आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में 9 वर्ष से लेकर 72 वर्ष तक कि आयु के 64 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। आयुष ने बशर, अंशित अग्रवाल ने सनी दयाल, मेहर कठेरिया ने रुद्रांश वार्ष्णेय, निश्चय वार्ष्णेय ने अनुज रावत, डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने मोहित गुप्ता, वैभव ने अभय जैन, माणिक कठेरिया ने अभियांश वार्ष्णेय, लोकेश ने मनीष कुमार व प्रातिभ ने आयुष को हराकर दूसरे चक्र में प्रवेश पाया। मनोज कुमार मीनू, ललित कुमार, प्रजीत, सतेंद्र मामा, लोजेन्द्र शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

# जुलूस में बड़े डीजे पर प्रतिबंध नई परंपरा पर होगी कार्रवाई



अमन कमेटी की बैठक में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल/ चंदौसी

- सीओ अनुज चौधरी ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर की बैठक

**अमृत विचार:** चंदौसी में ईद मिलादुन्नबी से पहले बुधवार को सीओ अनुज कुमार चौधरी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ बैठक कर त्योहार परंपरागत तरीके से मनाने की बात कही।

कोतवाली परिसर में आयोजित बैठक में सीओ अनुज कुमार चौधरी ने कहाकि जो आयोजन जिस तरह से पहले से होता चला आया है इस साल भी उसी तरह से होगा। कुछ नया करने का प्रयास किया तो इसे नई परंपरा मानकर सख्त कार्रवाई की जायेगी। जुलूस में बड़े डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। छोटे डीजे में भी आवाज को मानक के अनुसार कम रखना होगा जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना न पड़े। ईओ धर्मराज राम ने जुलूस मार्ग के गड्ढों की मरम्मत करा देने का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी, शहर इमाम मौहम्मद नाजिम, मुजीब कुरैशी, फकरे आलम, नाजिम, जिब्रान मेंबर, इरफान मेंबर, अन्ना, शरिक कुरैशी, साजिद कुरैशी, पप्पू शैरी, तरूण नीरज, हरीश अरोरा आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने कमलापति त्रिपाठी की जयंती मनाई



पंडित कमलापति त्रिपाठी की जयंती मनाते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**संभल, अमृत विचार:** जिला कांग्रेस कार्यालय पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित कमलापति त्रिपाठी की जयंती मनाई।

जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की एवं अन्य ने पंडित कमलापति त्रिपाठी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उनके संघर्ष, त्याग, बलिदान और राजनीतिक सेवाओं को याद किया। अन्य पदाधिकारीगण ने भी अपने-अपने वक्तव्य के माध्यम से उनकी स्मृतियों को साझा किया। इसके उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक के अंदर संगठन सृजन को लेकर के विचार विमर्श हुआ और मंडलों और ब्लॉकों की नवनियुक्त कमेटियों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष श्री शिव किशोर गौतम, महिला जिला अध्यक्ष कल्पना सिंह, मुशीर खान तरीन, साहू संजीव कुमार सिंह, तहसीन मुल्ला जी, सतपाल, असरार अहमद, जेपी सहगल, युनुस अंसारी आदि मौजूद रहे।

## 650 छात्र-छात्राओं ने दी भारत को जानो परीक्षा

**संभल/ चंदौसी, अमृत विचार:** भारत विकास परिषद शाखा चंदौसी के तत्वाधान में भारत को जानो प्रतियोगिता में नौ विद्यालयों के 650 छात्र - छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

शाखा सचिव विपिन कुमार ने बताया बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र- छात्राओं में देश के प्रति प्रेम, गर्व और समर्पण के भाव को जागृत करना है। उन्हें भारत की प्राचीन संस्कृति, धर्म, इतिहास, भूगोल, विज्ञान, संतों, ऋषियों एवं महापुरुषों आदि की जानकारी प्राप्त हो सके। रमेश अधीर, डा. एसएन शर्मा, महेश कठेरिया, संजीव शर्मा, दृगपाल सिंह, आशा बिसारिया, डॉ. जयशंकर दुबे, संजय कुमार गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डीसी गुप्ता, कीर्ति कुशवाहा, वीरपाल सिंह, जगपाल सिंह, अंजू गुप्ता, सुषमा उपाध्याय, सीमा सागर, नरेंद्र कुमार, पुनीत चौधरी, श्वेता मनचंदा, भोपाल शास्त्री, कपिल वार्ष्णेय आदि का सहयोग रहा।

# स्वास्थ्य और विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएं उठाईं

संवाददाता, बहजोई



बहजोई में जनप्रतिनिधियों की समस्याएं सुनते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

- डीएम-एसपी के सामने जनप्रतिनिधियों ने उठाईं जनसमस्याएं
- डीएम बोले- जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का प्राथमिकता से हो निस्तारण

**अमृत विचार:** डीएम एसपी के साथ बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जिले भर में आमजन की समस्याएं उठाईं। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों पर सवाल खड़ा कर सुधार की मांग रखी गई तो ग्रामीण इलाकों में जल निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाने के बाद टूटी सड़कों को सही न करने का भी मुद्दा उठाया गया। डीएम, एसपी ने जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का निस्तारण शीघ्र ही करने के निर्देश।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई की मौजूदगी में बैठक में गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी यादव ने सीएचसी गुन्नौर पर हेल्थ एटीएम खराब होने का मुद्दा उठाया। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने दावा किया कि हेल्थ एटीएम क्रियाशील हैं। जनप्रतिनिधियों ने जल निगम द्वारा ग्रामों में पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए तोड़ी गयी सड़कों को ठीक न कराये जाने की बात कही। डीएम ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण से कहा कि आगामी बैठक में कितने ग्रामों में कार्य हो चुका है क्या स्थिति है उसकी पीपीटी प्रस्तुत करें। कितनी धनराशि कार्य के लिए शासन से आयी है यह सभी आंकड़े भी प्रस्तुत करें। एमएलसी हरी सिंह ढिल्लो के प्रतिनिधि द्वारा प्राइवेट अस्पतालों पर सीसीटीवी कैमरे एवं आशाओं पर कार्रवाई की मांग को लेकर बताया गया कि जो आशाएं कार्य नहीं कर रही हैं उनको हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

संभल विधायक विधायक नवाब इकबाल महमूद ने तख्त गुसाई स्थित विद्यालय से पीएसी को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग रखी। डीएम ने कहा कि जमीन चिन्हित की जाए ताकि पीएसी को अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जा सके। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, राज्यसभा सांसद जावेद अली खान, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम गुन्नौर अवधेश कुमार, चंदौसी आशुतोष तिवारी, एसडीएम संभल विकास चंद्र, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# व्यापारियों के हितों के लिए जारी रहेगा संघर्ष

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का स्थापना दिवस मनाया
- कार्यक्रम में 11 व्यापारियों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी




अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यक्रम में सम्मानित किये गये व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के स्थापना दिवस समारोह में व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया। इस दौरान 11 व्यापारियों को सम्मानित किया गया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के 32 वें स्थापना दिवस का कार्यक्रम कैथल गेट स्थित बारह सैनी धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि 31 वर्षों में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापारियों के हित के लिए लगातार संघर्ष किया। व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से लेकर शासन तक कार्रवाई कराई गई। इसी वजह से व्यापारी अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में अपना विश्वास जताते हुए शामिल हो रहे हैं।

प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने जो पौधा 31 वर्ष पूर्व लगाया था आज उसकी शाखाएं उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के अलावा नौ राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों में फैल चुकी हैं। व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ, व्यापारी पेंशन योजना जैसी सरकारी योजनाएं व्यापारियों तक पहुंचाने के लिए व्यापार मंडल ने संघर्ष किया। जिला संगठन मंत्री उमेश वार्ष्णेय ने कहा की अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एकमात्र ऐसा संगठन है जो व्यापारियों की आवाज उठाता चला आ रहा है। सम्मेलन में वसीम अख्तर, जयशंकर दुबे, सुशील अग्रवाल, अनुज वार्ष्णेय, राजीव चड्ढा, सुभाष मित्तल, प्रहलाद लोधी, संजीव अग्रवाल, अशोक बजाज, मोहम्मद शाकिर, गौरी शंकर यादव, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद फहीम अहमद व धर्मेंद्र वार्ष्णेय आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूक हों छात्र-छात्राएं

**बहजोई, अमृत विचार:** बहजोई स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में गोष्ठी में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूक किया गया।

इंस्पेक्टर क्राइम अजीत सिंह ने बताया कि डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर अपराधी भी नए-नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं। ऑनलाइन धोखाधड़ी, बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया अकाउंट की हैकिंग या आर्थिक हानि हो तो तुरंत इसकी शिकायत टोल फ्री नंबर 1930 पर दर्ज कर सकते हैं। डॉ गीता, गौरव कुमार, भगवान सिंह चौहान, संजय कुमार, पूजा शर्मा, प्रीति शर्मा, रामतीर्थ, नेपाल सिंह यादव, प्रिंसी चौधरी, डॉ विष्णु दत्त, यशपाल सिंह यादव, मेघा मल्होत्रा, भुवनेश कुमार, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करें एकत्र

**बबराला, अमृत विचार :** आईटीसी मिशन सुनहरा कल के तहत विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम संचालित किया गया। अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के तहत वार्ड वार घरों से कचरे के पृथक्करण की जानकारी दी गई। सफाई मित्रों ने लोगों को सोर्स सेग्रीगेशन के महत्व से अवगत कराया और गीला व सूखा कचरा अलग–अलग करने का तरीका डेमो व प्रशिक्षण के माध्यम से समझाया। कहा गया कि शहर को साफ सुथरा रखने के लिए लोग गीले व सूखे कचरे को अलग–अलग एकत्र करने की आदत डालें।



बबराला में लोगों को जानकारी देते अधिशासी अधिकारी।



स्कूल में बच्चों से गणपति पूजन करातीं अध्यापिकाएं।

### गणेश पूजन से दूर हो जाती हैं बाधाएं

**संभल/ चंदौसी, अमृत विचार :** चंदौसी के एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल बच्चों ने गणेश जी की पूजा की। अध्यापकों ने बच्चों को भगवान गणेश के बारे में बताया। संचालिका संगीता भार्गव ने बच्चों को बताया कि गणेश जी हिंदू धर्म के सबसे प्रमुख और पूजे जाने वाले देवताओं में से एक हैं। उन्हें भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र के रूप में जाना जाता है। गणेश बुद्धि, सौभाग्य और समृद्धि के देवता हैं। किसी भी कार्य की शुरुआत से पहले उन्हें बाधाओं को दूर करने वाले विघ्नहर्ता के रूप में पूजा जाता है। भगवान गणेश को हाथी का सिर और मानव धड़ वाले रूप में दर्शाया जाता है। उन्हें गणपति, विनायक और गजानन जैसे नामों से भी जाना जाता है। स्कूल में गणेश चतुर्थी से अब तक प्रतिदिन गणपति की पूजा अर्चना की जा रही है। बुधवार को गणेश पूजा सुमन भार्गव द्वारा की गई। पूजन में काजल, इशिता, प्रिया, रूपाली, संतोष, याशी, हुमा, दीपा, दिया, अर्शी, सिल्की, मीनू, अध्या, शिल्पा, शालू, काजल, निशा, सोनल, सरिता, पारुल व वंशिका आदि अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।



संभल से चादर लेकर कलियर रवाना होते जायरीन।

### चादर व लंगर लेकर कलियर रवाना हुए जायरीन

**संभल, अमृत विचार :** हज़रत मख़दूम अलाउद्दीन साबिर पाक कलियरी के 757 वें उर्स के मौके पर संभल से जायरीन का जत्था चादर व लंगर से भरा वाहन लेकर रवाना हुआ। बदायूं दरवाज़ा चौधरी सराय स्थित खानकाह साबरिया चिश्तिया युसूफिया अरमुगानिया से सज्जादानशीन व अध्यक्ष सैय्यद सूफी युनूस हसन चिश्ती साबरी के नेतृत्व में ज़ायरीन का जत्था कलियर शरीफ के लिए रवाना हुआ। मुल्क व संभल शहर में अमन शांति एवं भाईचारे के लिए युनूस मियां ने दुआ कराई। जिक्र रसूले पाक हुआ इसके बाद चादर उठी। कलियर शरीफ में उर्स मेले मे लंगर बांटा जाएगा तथा कैम्प लगाकर ठहरने आदि की व्यवस्था की जायेगी। जमील अहमद साबरी, सैयद रहमत इलाही, वसीम सलमानी साबरी, मुशर्रफ हुसैन, तसलीम वारसी, हाजी भूरा वारसी, सैयद मौहम्मद फैज़ आदि मौजूद रहे।



शिक्षकों के साथ खंड शिक्षा अधिकारी विनोद गंगवार।

### बीईओ को दी विदाई

**संभल/ चंदौसी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बनियाखेड़ा एवमं नगर क्षेत्र चंदौसी इकाई के तत्वाधान में खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार गंगवार को विदाई दी गई। कार्यक्रम में बनियाखेड़ा के अध्यक्ष देवेश प्रताप सिंह, ब्लॉक मंत्री पंकज शर्मा, नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार, नगर मंत्री अभिषेक कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, ओंकार सिंह, राजेंद्र कश्यप, अफसर अली, आशुतोष गुप्ता, नवनीत, ऋषभ कुमार, शिवम् कुमार सिंह, कुमुद पाठक, वसीम अहमद, राशिद खान आदि उपस्थित रहे।

# तप से आत्मा करती है अपने असली स्वरूप का अनुभव



श्री दिगंबर जैन मंदिर में कलश कलश स्थापित करते जैन समाज के श्रद्धालु।

**बहजोई, अमृत विचार:** श्री दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे पर्युषण महापर्व के तहत उत्तम तप धर्म की आराधना श्रद्धा व भक्ति के साथ सम्पन्न हुई। मूलनायक भगवान श्री 1008 चंद्रप्रभु का भव्य महामस्तकाभिषेक सम्पन्न हुआ।

सुनील कुमार जैन, प्रतीक जैन, मनोज जैन, प्रेरक जैन, हेमंत जैन, पारस जैन व संजय जैन, रजनी जैन, शिखा जैन, रंजना जैन, संतोष देवी जैन एवं नीलिमा जैन ने धार्मिक कार्यों में प्रतिभाग किया। जैन शास्त्री चंद्र कुमार जैन ने कहा कि तप आत्मा का असली आभूषण है। यह मोह, राग और भोग की प्रवृत्तियों को शांत कर आत्मा को पवित्रता और निर्मलता की ओर ले जाता है। तप के माध्यम से आत्मा अपने असली स्वरूप का अनुभव करती है और मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होती है। संचालन महामंत्री सम्भव जैन ने किया।

# बरसात में गिरा मकान, तीन पशु दबे

कार्यालय संवाददाता, संभल/ कैला देवी



मकान का मलबा देखते घर के लोग। ● अमृत विचार

- मलबे में दबका घर का सामान भी नष्ट हो गया

**अमृत विचार:** पंवासा विकासखंड के गांव गौंहत में बारिश के दौरान मकान की दीवार व लिंटर भर भराकर गिर पड़ा। मलबे में दबकर तीन पशु घायल हो गये जबकि घरेलू सामान भी नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने मशक्कत कर मलबे में दबे पशुओं को बाहर निकाला।

पिछले तीन दिन से हो रही बारिश ने ग्रामीणों के सामने मुसीबत खड़ी कर दी हैं। फसलों को नुकसान के साथ ही अब मकानों के गिरने का सिलसिला भी शुरु हो गया है। गौंहत गांव निवासी सोपाली के मकान का लिंटर बारिश के कारण गिर गया। मकान के चारों तरफ जमा बरसात के पानी की वजह से दीवारें कमजोर हो गईं। इसके बाद ही दीवार गिरी तो लिंटर जमीन पर आ गया। इतनी तेज आवाज हुई कि पूरा गांव उस तरफ दौड़ पड़ा जहां से आवाज आई थी। लेंटर गिरने से नीचे बंधे तीन पशु दब गये जबकि बर्तन व अन्य घरेलू सामान भी खराब हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद मलबे के नीचे दबे पशुओं को बाहर निकाला। हादसे के समय परिवार के सदस्य बरामदे में थे इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई। पीड़ित सोपाली का कहना है लिंटर गिरने से उसका लगभग 2 लाख का नुकसान हुआ है।

# यमुना उफान पर, जिलों में बिगड़ रहे हालात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **लोगों को सुरक्षित निकलने की दी गई चेतावनी**

**अमृत विचार :** यमुना नदी उफान पर है, ऐसे में आसपास के जिलों के हालात बिगड़ रहे हैं। बाढ़ क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित निकलने की चेतावनी जारी की गई है। यमुना समेत अन्य नदियों की बाढ़ से प्रदेश के तमाम जिलों के सैकड़ों गांव जलमग्न हैं। इस बीच राज्य में बीते तीन दिनों से मानसूनी बारिश का दायरा सिमटने के बाद अगले चार-पांच दिनों के लिए उमस भरी गर्मी का दौर फिर शुरू होना संभव है।

दरअसल, बीते दिनों भारी बारिश के कारण यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया है। निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। यमुना नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण आसपास के इलाकों के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। ऐसे इलाकों में एनडीआरएफ की टीम तैनात है। निचले इलाकों के घरों से लोगों को निकाल लिया गया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि गुरुवार को उप्र. के दक्षिणी जिलों में हल्की बारिश की स्थितियां बन सकती हैं। गुरुवार के लिए प्रदेश में कहीं भी भारी बारिश की चेतावनी नहीं है।

## किसानों को समय से मिले बीमा का लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने बाढ़ प्रभावित किसानों को समय से बीमा का लाभ देने और 25 अक्टूबर तक रबी फसलों के बीज उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। बुधवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि निदेशालय में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा की। यहां कृषि मंत्री ने कहा कि रबी फसलों (गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर, सरसों, अलसी आदि) के सभी बीज 25 अक्तूबर तक सभी राजकीय बीज भंडारों पर उपलब्ध करा दिये जाएं। सभी अनुदानित बीजों का वितरण बुआई से पूर्व 25 नवंबर तक अनिवार्य रूप से पूरा कर लिया जाए।

# माननीयों की 'रुचि' में फंसीं मोटराइज्ड साइकिलें

## 2 अक्टूबर को दिव्यांगों में वितरण की तैयारी, बिना सहयोग के 27 जिलों में नहीं पड़ी बिड

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** माननीयों के सहयोग से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग 2 अक्टूबर को सभी जिलों में भव्य कार्यक्रम करके दिव्यांगों को मोटराइज्ड साइकिलें बांटने की तैयारी में लगा है। लेकिन, ज्यादातर सांसदों और विधायकों ने अपनी निधि से 20 हजार रुपये देने में रुचि नहीं दिखाई है। इन्हीं कारणों से 2 सितंबर तक 27 जिलों में खरीद करने के लिए बिड नहीं पड़ पाई और सम्बंधित अधिकारी माननीयों के चक्कर लगा रहे हैं।



दरअसल, एक मोटराइज्ड साइकिल की कीमत 45 हजार रुपये है। नई व्यवस्था के तहत खरीद में सांसद या विधायक अपनी निधि से 20 हजार रुपये देकर सहयोग करेंगे। शेष 25 हजार रुपये विभाग खर्च करके साइकिलें खरीदेगा। हर जिले में 10-10 मोटराइज्ड साइकिलें बांटने का लक्ष्य है। लेकिन, माननीयों में रुचि नहीं है। इनके अलावा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड से भी सहयोग लिया जा सकता है, पर यह भी आसान नहीं है। इसके अलावा 20 हजार रुपये लाभार्थी स्वयं भी मिला सकते हैं, पर वे सक्षम नहीं हैं।

### अयोध्या, जालौन, कानपुर नगर समेत 33 जिले तैयार

कई सांसद और विधायक मदद के लिए आगे बढ़े हैं। इनकी स्वीकृति से जालौन, अयोध्या, कुशीनगर, कानपुर नगर व बागपत ने बिड पूर्ण कर ली है। इसके अलावा माननीयों की स्वीकृति पर बरेली, बाराबंकी, भदोही, एटा, आगरा, अंबेडकरनगर, अमरोहा, बलरामपुर, मैनपुरी, मेरठ, प्रयागराज, सहारनपुर, शामली, श्रावस्ती, इटावा, गाजीपुर, हापुड़, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, सीतापुर, सोनभद्र, उन्नाव, रामपुर, संभल, गाजियाबाद ने बिड डाल दी।

### 15 जिलों ने निधि लेने के बाद नहीं डाली बिड

2 सितंबर को निदेशालय ने समीक्षा की तो पता चला लखनऊ, वाराणसी, मऊ, रायबरेली, ललितपुर, आजमगढ़, बलिया, बिजनौर, चंदौली, देवरिया, फिरोजाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हाथरस, शाजहांपुर, सिद्धार्थनगर में माननीय से निधि (अतिरिक्त धनराशि) लेने के बाद 2 सितंबर तक मोटराइज्ड साइकिलें खरीदने के लिए बिड नहीं डाली गई।

> मोटराइज्ड साइकिलें मार्च तक वितरण करनी हैं। लेकिन, 2 अक्टूबर को बांटने की तैयारी कर रहे हैं। ज्यादातर जिलों ने बिड की प्रक्रिया कर ली है। किसी तरह की समस्या नहीं है। अभी एक माह का समय बाकी है।
>
> **-अमित राय, उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण निदेशालय, लखनऊ**

## न्यूज ब्रीफ

### रामपुर में मुक्त कराई 6 करोड़ की जमीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आवास विकास ने रामपुर में 6 करोड़ मूल्य की लगभग 1390 वर्गमीटर जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई है। इस भूमि पर 40 वर्षों से लोगों ने कब्जा किया था। यह भूमि खसरा संख्या-71 शादीनगर हरदोपट्टी, तहसील सदर रामपुर की आवास विकास परिषद की है। आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह के निर्देश पर आवास विकास के अधिशासी अभियंता मुरादाबाद रजनीश कुशवाहा ने जिलाधिकारी रामपुर से सम्पर्क करते हुए भूमि खाली कराने का अनुरोध किया था। गुरुवार को आवास विकास के अभियंता व अधिकारियों के साथ राजस्व एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से भूमि पर किये गए अवैध निर्माण ध्वस्त करके जमीन खाली करा परिषद ने अपने कब्जे में ले लिया।

### पंचायत चुनाव को लेकर रालोद ने बनाई रणनीति

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंचायत चुनाव ही विधान सभा चुनाव का आधार होता है। इसलिए रालोद गांव-गांव, बूथ-बूथ तक संगठन को सक्रिय करेगा। यह बात बुधवार को रालोद के प्रदेश कार्यालय में पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में पंचायत चुनाव संचालन समिति के संयोजक एवं राष्ट्रीय सचिव डॉ.कुलदीप उज्जवल ने कही। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर जिले में पांच सदस्यीय कमेटी गठित होंगी। समितियों के गठन की जिम्मेदारी जिला अध्यक्षों को दी गई है। प्रदेश स्तर पर गठित पंचायत चुनाव संचालन समिति इन कमेटियों की मॉनिटरिंग करेगी। राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बताया कि विभिन्न राज्यों में आई बाढ़ को देखते हुए रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने रालोद के सभी सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य से अपना एक माह का वेतन बाढ़ राहत के लिए देने के निर्देश दिए हैं।

### रिक्त होने वाले पदों के लिए मांगा अधियाचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार के विभागों में अगले एक साल में (30 जून 2026 तक) रिक्त होने वाले पदों पर भर्ती के लिए 15 सितंबर तक उप्र. लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को अधियाचन भेजे जाएंगे। यह निर्देश बुधवार को प्रमुख सचिव कार्मिक एम देवराज ने, सभी विभाग अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिवों को दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि समयान्तर्गत अनुपालन न होने की दशा में संबन्धित जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध, उनके नियंत्रक अधिकारी स्तर पर कार्रवाई की जाए।

# देश व प्रदेश का भविष्य हमें तय करना है : योगी

## मुख्यमंत्री ने समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान की शुरुआत की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और यूपी का भविष्य कैसा हो, यह हमें तय करना है। हमें अपने युवाओं को तैयार करना है, क्योंकि हम जिस मनोदशा में जिएंगे, उसी दिशा में आगे बढ़ेंगे। हमें कैसा भारत और उत्तर प्रदेश चाहिए, यह हमारे विजन में होना चाहिए। योगी लोकभवन सभागार में बुधवार को समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान के शुरुआत के अवसर पर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने यहां बजुर्गों को उत्साहित करते हुए कहा कि रिटायर्ड होने का मतलब टायर्ड होना नहीं है। आपका अनुभव इस अभियान को गति देगा। यह अभियान शताब्दी संकल्प अभियान के क्रम में है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर प्रयत्नशील है और इसमें 25 करोड़ जनता को भागीदार बनाना है। आप सभी प्रबुद्धजनों का सहयोग युवाओं को जागरूक करने और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगा।

इस अवसर पर दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, प्रभारी मुख्य सचिव दीपक कुमार, प्रमुख सचिव आलोक कुमार, संजय प्रसाद समेत अधिक संख्या में प्रबुद्धजन मौजूद रहे।



लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी, मंच पर उपस्थित अन्य कैबिनेट मंत्री।

### यूपी बना आठवीं अर्थव्यवस्था

उत्तर प्रदेश के संदर्भ में योगी ने कहा कि 1947 और 1960 तक यूपी का राष्ट्रीय जीडीपी में योगदान 14 प्रतिशत था, लेकिन 2016-17 तक यह 8 प्रतिशत हो गया और यूपी आठवीं अर्थव्यवस्था बन गया। बीते आठ वर्षों में हमने निराशा को उत्साह में बदला। आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, यूपी के पास सब कुछ है, बस संकल्प की जरूरत है।

### धिक्कारा तो मुरझा गया

मुख्यमंत्री ने प्रख्यात वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का जिक्र करते हुए कहा कि जैसी मनोदशा होगी, वैसा विकास होगा। बसु ने दो पौधों पर प्रयोग किया, एक को प्रेरित किया तो वह बड़ा वृक्ष बना, जबकि दूसरे को धिक्कारा, तो वह मुरझा गया। उन्होंने कहा कि यह जीव मात्र पर लागू होता है। मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है। यूपी और भारत की स्थिति भी यही थी। नकारात्मकता से निराशा बढ़ी, लेकिन अब उत्साह का माहौल है।

### वो खाली डिब्बा

एक भावुक किस्सा साझा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बिहार चुनाव के दौरान एक गरीब व्यक्ति ने खाली डिब्बा दिखाकर उन्हें धन्यवाद दिया, जो कोविड के समय में यूपी में मिले भोजन का था। उन्होंने कहा कि यह सेवा का भाव है, जो लोगों के मन में विश्वास जगाता है।

# 200 से ज्यादा कंपनियों से यूपी में बड़े निवेश कराने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- **चीन 1 स्ट्रैटेजी के तहत विदेशी निवेशकों से की जा रही बात**
- **दूतावास समेत अन्य संस्थाओं से मिलकर सरकार कर रही प्रयास**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के लिए एक बड़े अभियान की शुरुआत की है। सरकार का फोकस विदेश से पूंजी लाना और राज्य को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए योगी सरकार चीन 1 स्ट्रैटेजी पर काम कर रही है और अब तक करीब 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से बातचीत की जा चुकी है। चीन 1 लीड्स को वास्तविक निवेश में बदलने के लिए राज्य सरकार विदेशों में भारत की एंबेसीज और अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर प्रयास कर रही है।

चीन 1 लीड्स के तहत जिन देशों पर सबसे ज्यादा फोकस है, उनमें अमेरिका, जापान, चीन, फ्रांस, डेनमार्क की कंपनियां शामिल हैं। इनमें अमेरिका से 30 से ज्यादा, जर्मनी से 30 के करीब, जापान से 20, चीन से 14, स्विट्जरलैंड और फ्रांस से 7-7, डेनमार्क से 6 और स्पेन से 5 कंपनियां शामिल हैं। इन देशों की कंपनियां भी उत्तर प्रदेश में निवेश की इच्छुक हैं। उनकी इच्छा को धरातल पर उतारने के लिए यूपी सरकार विशेष टीम और कंट्री-स्पेसिफिक डेस्क बनाने पर भी विचार कर रही है। इस कवायद के तहत संबधित देशों में इंडियन एंबेसी की भी मदद ली जा रही है।

70 कंपनियां पहले से ही उत्तर प्रदेश में कार्यरत हैं। इसके अलावा 11 कंपनियों के पास नए प्रोजेक्ट्स हैं। 20 कंपनियों ने सीधे यूपी सरकार के साथ एमओयू किया है। वहीं, 473 कंपनियों के साथ सरकार लगातार एक्टिव फॉलो-अप कर रही है। विदेशी निवेशकों को बेहतर सुविधा देने के लिए यूपी सरकार ने एक अभिनव कदम उठाया है। 814 कंपनियों (फॉर्च्यून 500 और इंडिया नेक्स्ट 500 से जुड़ी) के लिए अकाउंट मैनेजर्स नियुक्त किए गए हैं। इन कंपनियों में शिपिंग, शिप बिल्डिंग, टेलीकॉम, रिटेल, पेट्रोकेमिकल्स, इंश्योरेंस और पब्लिक सेक्टर बैंक शामिल हैं। साथ ही गुजरात स्टेट पेट्रोनेट और टीएन न्यूजप्रिंट जैसी स्टेट पीएसयू कंपनियां भी इस मिशन में शामिल हैं। इस पहल के माध्यम से अब तक 50 नए एमओयू साइन किए जा चुके हैं, जबकि 16 नई लीड्स और 282 कंपनियों के साथ चर्चा अभी भी चल रही है।

### एक ग्लोबल बिजनेस स्ट्रैटेजी है चीन 1

चीन 1 स्ट्रैटेजी एक ग्लोबल बिज़नेस स्ट्रैटेजी है, जिसे दुनिया भर की मल्टीनेशनल कंपनियां अपनाती हैं और अब प्रदेश सरकार भी इस पर आगे बढ़ रही है। इसका उद्देश्य यह है कि कंपनियां अपना मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई चेन सिर्फ चीन पर निर्भर न रखकर, एक या अधिक अतिरिक्त देशों में भी सेटअप करती हैं। उत्तर प्रदेश को इससे सबसे बड़ा फायदा मिल सकता है, क्योंकि यहां बड़ी जनसंख्या और सस्ता और स्किल्ड वर्कफोर्स उपलब्ध है।

# छात्रों को पिटवाकर मरहम लगाने का नाटक कर रही भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** बराबंकी में रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी से एलएलबी कोर्स की मान्यता रद्द होने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे एबीवीपी कार्यकर्ताओं और छात्रों पर पुलिस के लाठीचार्ज से सियासत तेज हो गई है। सपा प्रमुख अखिलेश ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को आपसी झगड़ों में पिटवाया जा रहा है और फिर दिखावटी माफी मांगकर मरहम लगाने का नाटक किया जा रहा है।

सपा प्रमुख ने बुधवार को आरोप लगाया कि यह सत्ताधारियों की अंदरूनी लड़ाई है, जिसमें 'परिषद' और 'वाहिनी' के बीच टकराव में छात्र पिस रहे हैं। सपा प्रमुख ने मांग की कि सरकार घायलों का समुचित इलाज करवाए और हर घायल को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा दे।

वहीं सपा प्रमुख ने पार्टी मुख्यालय में बुधवार को जिलों से आये नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झूठे सपने दिखाकर लोगों को विनाश के कगार पर पहुंचा दिया।

# प्रमाण पत्रों के सत्यापन के बाद ही मिलेगी 1288 स्टाफ नर्सेस को तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **एमबीबीएस दाखिले में फर्जी प्रमाणपत्रों के खुलासे के बाद विभाग हुआ सतर्क**
- **लोकसेवा आयोग परीक्षा में चयनित 1307 में मात्र 19 स्टाफ नर्स को ही तुरंत मिलेगी तैनाती**

**अमृत विचार :** एमबीबीएस दाखिले में प्रमाणपत्रों में फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग सतर्क हो गया है। फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। जालसाजों से बचने के लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक (डीजीएमई) ने लोकसेवा आयोग द्वारा नवचयनित 1307 में 1288 स्टाफ नर्सेस के प्रमाण-पत्रों की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रमाण पत्रों के सत्यापन के बाद ही नियुक्त पत्र (तैनाती) दिया जाएगा।

डीजीएमई किंजल सिंह ने बुधवार को विभागीय वेबसाइट पर दी गई सूचना के संबन्ध में बताया कि उप्र. लोक सेवा अयोग, प्रयागराज द्वारा 1162 महिला स्टाफ नर्स और 145 पुरुष स्टाफ नर्स यानी कुल 1307 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। इनमें 18 महिला स्टाफ नर्स और एक पुरुष स्टाफ नर्स यानी कुल 19 अभ्यर्थियों के चयन की संस्तुति आयोग ने दी है। इन्हें तैनाती मिल जाएगी, जबकि अन्य के लिए आयोग ने लिखा है कि अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन, संबन्धित संस्थाओं से नहीं कराया गया है, इसलिए प्रमाण पत्रों का सत्यापन संबन्धित संस्थाओं से कराने के बाद ही नियुक्ति संबन्धी कार्रवाई की जाए। किंजल सिंह ने बताया कि नवचयनित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक, जाति प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र आदि का सत्यापन, निर्गतकर्ता संस्थाओं से कराया जाएगा, सत्यापन के बाद ही नियुक्ति पत्र निर्गत किए जाएंगे।

## अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री सौपेंगे नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में नवचयनित एक्स-रे टेक्नीशियन एवं कनिष्ठ लिपिकों को नियुक्तिपत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 6 सितंबर 2025 शनिवार को सौपेंगे। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि लोकभवन में 6 सितंबर सुबह 11 बजे, मुख्यमंत्री द्वारा नवचयनित स्थानीय अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया जाएगा, शेष अभ्यर्थियों को संबन्धित जिले में जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## प्रशिक्षणार्थियों के अभिभावकों को कौशल प्रशिक्षण से अवगत कराना अनिवार्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्थानीय कौशल विकास मिशन मुख्यालय में मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में प्रशिक्षण प्रदाताओं के लिए ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में कौशल विकास कार्यक्रमों के सुचारू, पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन के मद्देनजर प्रशिक्षण प्रदाताओं को मार्गदर्शन और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था।

मिशन निदेशक ने अपने संबोधन में बताया कि अभिभावक दिवस के अवसर पर मिशन की ओर से 25 युवाओं के साथ प्रशिक्षण बैचों की शुरुआत की गई है। साथ ही, सभी प्रशिक्षणार्थियों के अभिभावकों को कौशल प्रशिक्षण की प्रक्रिया, उसके उद्देश्य एवं संभावित लाभों से अवगत कराना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि अभिभावकों से प्राप्त फीडबैक दर्ज किया जाएगा तथा इस प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों के साथ ली गई सेल्फी को मिशन पोर्टल पर अपलोड करने की व्यवस्था की गई है। इस पहल के अंतर्गत 80 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्धारण किया गया है।

मिशन निदेशक ने जानकारी दी कि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन में सभी जिलों में प्रशिक्षण केंद्रों की शुरुआत स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाएगी।

**आयोजन** | मुख्यमंत्री योगी ने सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# देश का पैसा बाहर जाएगा तो आतंकवाद में होगा प्रयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यशाला को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने एक तरफ पार्टी कार्यकर्ताओं की हौसलाअफजाई की, तो उनका मार्गदर्शन भी किया। मुख्यमंत्री ने सेवा पखवाड़ा अभियान (17 सितंबर से दो अक्टूबर) के तहत होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए अपील की कि दो अक्टूबर को विजयादशमी भी है। यह सभी कार्यक्रम भी अच्छे से हों और पर्व-त्योहार भी आसानी से मनाए जाएं।

योगी ने सेवा पखवाड़े के आयोजन और उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने वोकल फॉर लोकल को हस्तशिल्पियों का सम्मान बताया। कहा कि इसने यूपी के एक्सपोर्ट को कई गुना बढ़ाया है। यह आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। सीएम ने सभी से इसे बढ़ावा देने की अपील की और कहा कि देश का पैसा यहां के कारीगरों को ही मिले, बाहर जाएगा तो भारत के खिलाफ आतंकवाद में प्रयोग होगा।

मुख्यमंत्री ने स्वच्छता कार्यक्रम का जिक्र करते हुए इसे जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर की टीम मलिन बस्तियों में होने वाले कार्यक्रमों का हिस्सा बने।



लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कार्यशाला के दौरान मुख्यमंत्री योगी, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व अन्य।

### मेहनत करेंगे तो बीमारियों से लड़ने का रखेंगे सामर्थ्य

मुख्यमंत्री योगी ने भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या से मुखातिब होते हुए कहा कि यूपी में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की लंबी फौज है। हर अभियान में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता जीजान से लगे रहते हैं। योगी ने रक्तदान शिविर को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं को मंत्र दिया कि जितनी मेहनत करेंगे, बीमारियों से उतना ही लड़ने का सामर्थ्य रखेंगे। योगी ने कोविड के दौरान भारत के बेहतरीन प्रबंधन का जिक्र करते हुए कहा कि देश में जितनी मौतें हुईं, उसकी तुलना में सुपर पॉवर अमेरिका में चार गुना अधिक मौतें हुईं।

# इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रदेश में ही बनने से सस्ते होंगे मोबाइल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **कई बड़ी कंपनियां प्रदेश में लगाएंगी यूनिट, 5 वर्षों का लक्ष्य तय**

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट की यूनिट लगाने के साथ भविष्य में मोबाइल और लैपटॉप सस्ते होने के भी संकेत दिए हैं। उम्मीद जताईजा रही है कि तमाम इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का आयात न करने के कारण उत्पाद की लागत में कमी आएगी। निकट भविष्य में आई-फोन को भी होम-मेड करने की है योजना है।

दरअसल, पॉलिसी के तहत 11 प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस व उसके कंपोनेंट राज्य में ही तैयार किए जाएंगे। इसमें डिस्प्ले माड्यूल सब-असेंबली, कैमरा माड्यूल सब-असेंबली, मल्टी-लेयर प्रिंटेड सर्किट बोर्ड, हाई-डेंसिटी इंटरकनेक्ट, फ्लेक्सिबल पीसीबी और लिथियम-आयन सेल्स जैसे नान-सरफेस माउंट डिवाइस (नान-एसएमडी), पैसिव कंपोनेंट्स, इलेक्ट्रो-मैकेनिकल पार्ट्स और आईटी हार्डवेयर उत्पादों के एनक्लोजर शामिल हैं।

कोशिश है कि प्रदेश में कैपिटल गुड्स और सप्लाई चेन सिस्टम को भी बढ़ावा दिया जाए, ताकि जरूरी सब कंपोनेंट आदि बन सकें। इसीलिए यूपी को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने के लिए राज्य सरकार अब इसके कंपोनेंट के निर्माण पर भी फोकस बढ़ा रही है। निवेशकों को बेहतर सुविधा व प्रोत्साहन के लिए सरकार प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट की यूनिट लगाने पर केंद्र के बराबर ही अतिरिक्त प्रोत्साहन देगी। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नीति से मिलने वाले इंसेंटिव के चलते लैपटॉप, मोबाइल जैसे अन्य गैजेट्स के कंपोनेंट यूपी में ही बनेंगे, अभी इनका आयात करना पड़ता है।

> यूपी में कंपोनेंट तैयार होने से निवेश व रोजगार को बढ़ावा मिलेगा ही उत्पाद भी सस्ते होंगे। प्रमुख सचिव ने बताया कि देश में अगले 5 वर्षों में इस सेक्टर में 500 मिलियन डॉलर के निवेश का लक्ष्य रखा गया है, हमारी कोशिश यह है कि इसमें 50 प्रतिशत हिस्सेदारी उप्र. की हो।
>
> **- अनुराग यादव, प्रमुख सचिव, आईटी**



सोने और खाने का नाम जिंदगी नहीं है। आगे बढ़ते रहने की लगन का नाम जिंदगी है।
–मुंशी प्रेम चंद, साहित्यकार

## भूकंप से संदेश और सीख

हालिया भीषण भूकंप ने अफगानिस्तान को गहरी खाई में धकेल दिया। इसने सैकड़ों जानें लीं, हजारों को बेघर और घायल किया, साथ ही कई बुनियादी ढांचे तबाह कर दिए। प्रभावित इलाकों में सड़कें, स्कूल, अस्पताल और जलापूर्ति तंत्र जैसी आवश्यक सेवाएं अचानक ठप हो गईं। अनुमान है कि अरबों डॉलर की आर्थिक क्षति हुई है, जबकि अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था पहले से ही युद्ध, प्रतिबंधों और अस्थिर शासन के कारण कमजोर है। इस आपदा की घड़ी में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय आगे तो आया है, परंतु भारत को छोड़कर अधिकतर देशों में गर्मजोशी और दरियादिली बहुत कम दिखी। मानवीय आधार पर सहायता भेजने में भारत की तत्परता सराहनीय है। उसने तंबू, टनों खाद्य सामग्री वगैरह के साथ यह सांत्वना भी भेजी कि प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत देने को वह तैयार है। पाकिस्तान ने सीमावर्ती इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाई है। उल्लेखनीय है कि प्रभावित होने वालों में अधिकांश वे शरणार्थी ही हैं, जिन्हें पाकिस्तान ने भगा दिया था। अमेरिका और कुछ अन्य देश तालिबान शासन की कट्टरपंथी नीतियों के चलते मदद से दूरी बनाए हुए हैं, जो उचित नहीं। ऐसी विषम परिस्थितियों में सहयोग न केवल मानवीय दृष्टि से अनिवार्य है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब कोई देश लगातार संकट से जूझता है, तो उसका असर सीमाओं से बाहर तक फैलता है।

दो दिनों में नौ भूकंप झेल चुके अफगानिस्तान के लिए संकट का एक विद्रूप पहलू यह है कि इन सबके बावजूद उसके पास न तो आपदा प्रबंधन की ठोस व्यवस्था है, न पर्याप्त प्रशिक्षण प्राप्त रेस्क्यू बल, न आधुनिक उपकरण और न ही आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली। भूकंप-प्रवण इलाकों में सुरक्षित निर्माण मानकों की अनुपस्थिति जन-धन की हानि बढ़ाती है। ऐसे में अफगानिस्तान के लिए आवश्यक है कि वह अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और तकनीकी साझेदारों के सहयोग से एक सुदृढ़ आपदा प्रबंधन तंत्र विकसित करे। राहत और पुनर्वास से आगे बढ़कर उसे दीर्घकालीन दृष्टिकोण अपनाना होगा, जैसे- सिस्मिक जोन में भवन निर्माण को सख्ती से नियंत्रित करना, स्कूलों और समुदाय स्तर पर भूकंप सुरक्षा का प्रशिक्षण देना तथा आपात स्थितियों में त्वरित संचार व्यवस्था स्थापित करना। यह केवल अफगानिस्तान तक सीमित नहीं है, जहां राजनीतिक, आर्थिक और संस्थागत स्थिति कमजोर है, जिसके चलते वह प्राकृतिक आपदाओं के सामने अधिक असहाय साबित हुआ। भारत का हिमालयी क्षेत्र से लेकर उत्तर-पूर्व तक का बड़ा भूभाग उच्च सिस्मिक जोन में आता है। किसी भी समय बड़ा भूकंप यहां भारी तबाही ला सकता है, इसलिए भारत को फौरन इमारतों के भूकंपीय सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य करना होगा। साथ ही स्कूलों, अस्पतालों और सरकारी इमारतों जैसी सार्वजनिक संरचनाओं की जांच और उनका सुदृढ़ीकरण भी आवश्यक है। एनडीआरएफ और राज्य आपदा बलों को अधिक संसाधन तथा आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराना और आम नागरिकों में जागरूकता फैलाना भी उतना ही जरूरी है। अफगानिस्तान की त्रासदी हमें यह सिखाती है कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएं सीमाएं नहीं देखतीं। इनसे बचाव केवल सामूहिक तैयारी और सहयोग से ही संभव है।

### प्रसंगवश

## मुस्कुराहट में छिपा अवसाद

हाल ही में उत्तर प्रदेश में एक दिल को छूने वाली घटना घटी। मानसिक अवसाद से ग्रस्त रानी देवी 17 साल बाद परिवार से मिलीं। वर्ष 2008 में वह घर से अचानक लापता हो गईं। परिवार ने हर जगह तलाश किया, लेकिन रानी देवी का कोई सुराग नहीं मिला। रानी देवी गंभीर मानसिक अवसाद से जूझ रही थीं। घरेलू दबाव, आर्थिक तंगी और पारिवारिक उपेक्षा ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया। इसी मानसिक स्थिति में उन्होंने घर छोड़ दिया और अजनबी शहरों में भटकती रहीं। एक पुनर्वास केंद्र में समाजसेवियों की नजर उन पर पड़ी और उन्हें घर पहुंचाया गया।

देश में महिलाओं का मानसिक अवसाद केवल स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि यह एक बहुआयामी सामाजिक समस्या है। भारत जैसे देश में जहां पारंपरिक सोच और आधुनिक जीवन शैली आपस में टकराती हैं, वहां महिलाएं दोहरी चुनौतियों से गुजरती हैं। उनसे पारंपरिक भूमिकाएं निभाने की अपेक्षा की जाती है, वहीं दूसरी ओर आधुनिक प्रतिस्पर्धी समाज में बराबरी साबित करने का दबाव उन पर होता है। यह द्वंद्व की स्थिति उनके मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करती है। पारंपरिक समाज में अकसर महिलाओं की भावनाओं और उनके मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिसके कारण वे अवसाद, चिंता और तनाव का सामना करती हैं।



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

हाल के शोध बताते हैं कि भारत में अवसाद से पीड़ित कुल मरीजों में लगभग आधी संख्या महिलाओं की है। विभिन्न अध्ययन बताते हैं कि प्राथमिक देखभाल स्तर पर महिलाओं में अवसाद की व्यापकता औसत 41 प्रतिशत है, जो सामाजिक और आर्थिक दबाव, घरेलू हिंसा और शिक्षा की कमी जैसी वजहों से और बढ़ जाती है। शहरी अनौपचारिक बस्तियों में किए गए शोध में 15 प्रतिशत महिलाओं ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी हल्के, नौ प्रतिशत ने मध्यम और छह प्रतिशत ने गंभीर अवसाद या चिंता के लक्षण दर्ज किए। वृद्ध महिलाओं में स्थिति और गंभीर होती है। 50 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं में अवसाद की दर 21.7 प्रतिशत पाई गई, जबकि 60 वर्ष से अधिक आयु में यह दर 9.5 प्रतिशत थी, जो पुरुषों की तुलना में अधिक है।

मानसिक स्वास्थ्य की कमी और अवसाद का परिणाम आत्महत्या की घटनाओं में भी दिखाई देता है। एनसीआरबी के अनुसार, 2021 में भारत में 164,033 आत्महत्याएं हुईं, जिनमें 48,172 महिलाएं शामिल थीं। 2025 के हालिया आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत में अनुमानित रूप से लगभग 41.9 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में अवसाद का सामना कर रही हैं। प्रजनन आयु की महिलाओं में मानसिक संकट की दर और भी अधिक पाई गई है। दिल्ली के निम्न-से-मध्यम आय वाले क्षेत्रों में 54.3 प्रतिशत महिलाओं ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का अनुभव किया, जिनमें 20 प्रतिशत ने गंभीर अवसाद के लक्षण महसूस किए। प्रसवोत्तर महिलाओं में भी 19-23 प्रतिशत की दर से अवसाद की घटनाएं दर्ज की गई हैं।

शहरी महिलाएं नौकरी, परिवार और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाने की कोशिश में मानसिक दबाव झेलती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण महिलाएं अपनी स्थिति स्पष्ट रूप से नहीं बता पाती हैं। मानसिक अवसाद से ग्रस्त महिलाओं की स्थिति और भी जटिल हो जाती है, क्योंकि उन्हें समय पर सही इलाज नहीं मिल पाता। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, अशिक्षा, गरीबी और समाज में मानसिक रोगों को लेकर व्याप्त अंधविश्वास इसके मुख्य कारण हैं।

## वेनेजुएला पर अमेरिका की नजर टेढ़ी





नवीन गुप्ता
बरेली

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इजराइल की सेना गाजा को नेस्तनाबूत करने पर तुली हुई है। इजराइल तो कई मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा है। ईरान की ओर से इजराइल को लगातार युद्ध के लिए उकसाया जा रहा है। पाकिस्तान ने हाल ही में अफगानिस्तान की सीमा में ड्रोन भेज कर आतंकियों को मारने का दावा किया है। इसे अफगानिस्तान की सत्ता में काबिज तालिबान ने अफगानिस्तान की संप्रभुता पर हमला करार दिया है और अब बदले की तैयारी में है। इन सबके बीच ही शांति का नोबेल पुरस्कार पाने के लिए लगातार हर हथकंडे अपना रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप युद्ध का एक और फ्रंट खोलते नजर आ रहे हैं। वेनेजुएला के समुद्र तट पर एक के बाद एक युद्धपोत भेजकर ट्रंप ने इस बात के संकेत भी दे दिए हैं।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच दुश्मनी जग जाहिर है। मादुरो 2013 से वेनेजुएला की सत्ता पर काबिज हैं। ट्रंप उन्हें दुनिया का सबसे बड़ा मादक पदार्थ तस्कर मानते हैं। ट्रंप मादुरो को अमेरिका में फेंटेनाइल से लैस कोकीन की आपूर्ति के लिए जिम्मेदार मानते हैं। वे बार-बार आरोप लगाते हैं कि राष्ट्रपति मादुरो के संबंध कोकीन माफिया कार्टेल से हैं। मादुरो पर मैनहट्टन संघीय अदालत में 2020 में नार्को आतंकवाद और कोकीन आयात की साजिश के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। तब डोनाल्ड ट्रंप पहली बार राष्ट्रपति बने थे। उस वक्त मादुरो पर 1.5 करोड़ डालर का इनाम घोषित किया गया था।

जो बाइडन राष्ट्रपति बने तो उन्होंने मादुरो पर 2.5 करोड़ डॉलर का इनाम कर दिया था। अब ट्रंप प्रशासन ने मादुरो पर इनाम की राशि बढ़ाकर पांच करोड़ डॉलर कर दी है। आरोप लगाया गया कि अमेरिका के न्याय विभाग द्वारा बरामद की गई 70 लाख टन कोकीन राष्ट्रपति मादुरो से ही जुड़ी है। हालांकि, मादुरो बार-बार यह आरोप लगाते रहे हैं कि अमेरिका उन्हें सत्ता से बेदखल करने की साजिश रच रहा है और इसीलिए इनाम राशि बढ़ाई जा रही है।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच दुश्मनी जग जाहिर है। ट्रंप उन्हें दुनिया का सबसे बड़ा मादक पदार्थ तस्कर मानते हैं।

जहां मादुरो ने अमेरिका से हर स्थिति में निपटने की घोषणा की है तो ट्रंप भी उनसे बदला लेने को आतुर दिख रहे हैं। उन्होंने तो बकायदा 45 लाख सैनिकों की तैनाती की बात भी कही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने वेनेजुएला के समुद्र तट पर युद्धपोत, पनडुब्बियों को तैनात कर दिया है। इससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा है और यह कयास लगाए जा रहे हैं कि अमेरिका, मादुरो को सत्ता से बेदखल करने के लिए कभी भी वेनेजुएला पर हमला कर सकता है।

यूक्रेन से युद्ध लड़ रहा रशिया भी युद्ध की स्थिति में वेनेजुएला के साथ खड़ा हो सकता है। वेनेजुएला के चीन से भी सैन्य रिश्ते अच्छे हैं। रशिया तो बाकायदा वेनेजुएला के सामरिक रूप से महत्वपूर्ण नौसैनिक अड्डों का उपयोग भी करता है। कई बार दोनों देशों के सैनिक संयुक्त सैन्य अभ्यास कर चुके हैं, ऐसे में यदि अमेरिका की ओर से वेनेजुएला पर हमला किया जाता है तो युद्ध लंबा खिंच सकता है। वेनेजुएला कभी भी अमेरिकी दादागिरी के सामने नहीं झुका।

ईराक में सद्दाम हुसैन और लीबिया में कर्नल गद्दाफी के खात्मे के बाद अमेरिका की दादागिरी बढ़ी और यह माना जा रहा है कि सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद के देश छोड़ने के पीछे भी ट्रंप का ही हाथ है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने और देश छोड़ने के लिए मजबूर करने के लिए जो हिंसक आंदोलन हुआ, उसमें भी अमेरिकी हाथ होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। अमेरिकी प्रशासन के दबाव में हसीना कभी नहीं आईं। यही स्थिति मादुरो की है। ऐसे में बशर अल असद और हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाला अमेरिका अब हर हाल में मादुरो को हटाकर वेनेजुएला में कठपुतली सरकार बनाना चाहता है, ताकि वहां के संसाधनों का उपयोग वह आसानी से कर सके।

ट्रंप नहीं चाहते कि कोई भी शासक उन्हें चुनौती दे और जो चुनौती दे, उससे वे हर स्तर पर निपटने को तैयार हैं। चाहे मनमाना टैरिफ लगाकर या फिर वहां विद्रोह कराकर। अब बात करें ईरान की। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने एक के बाद एक मिसाइलों का टेस्ट किया और फिर से इजराइल को ललकारने में जुट गए हैं। यमन में हूती विद्रोहियों के प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री और कई बड़े नेताओं को हलाक करने वाले इजराइल के हौसले बढ़े हुए हैं और वह ईरान से दो-दो हाथ करने को फिर से तैयार भी दिख रहा है। ऐसे में रक्षा विशेषज्ञों का यह मानना है कि युद्ध के और फ्रंट खुल सकते हैं, जो विनाश का कारण बनेंगे।

अमेरिका की दादागिरी का आलम तो यह है कि भारत पर दबाव बनाने के लिए ही पाकिस्तान को कुछ ज्यादा ही तरजीह दी जा रही है। ट्रंप ने इसीलिए पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को दो बार बुलाया और खातिरदारी की। हो सकता है कि अमेरिका भारत को चिढ़ाने के लिए पाकिस्तान से हथियारों की बड़ी डील भी कर ले। इससे वह पाकिस्तान को चीन से दूर करने में भी कामयाब होगा और भारत को भी यह संदेश देने में कामयाब होगा कि अब वह पूरी तरह से पाकिस्तान के सिर पर हाथ रखेगा और भारत को इग्नोर करेगा।

### आमने सामने



आज कांग्रेस 'गांधीवादी' नहीं रही, यह 'गालीवादी' कांग्रेस बन गई है। ये 'गली-गली' कांग्रेस नहीं, बल्कि 'गाली-गाली' कांग्रेस बन गई है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का पूरा कुनबा हताशा और निराशा में गालीबाजी कर रहा है। –शहजाद पूनावाला, भाजपा नेता

किसी की मां को गाली नहीं देना चाहिए, हम इसके पक्ष में नहीं हैं। विधानसभा के अंदर बीजेपी के विधायकों ने मुझे गाली दी थी। आरजेडी की प्रवक्ता को नंगा घुमाया गया। ऐसा करने वालों को इन्होंने पार्टी में लिया। यह बिहार बंद कर रहे हैं, इनके पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है। –तेजस्वी यादव आरजेडी नेता



## सहकारिता के लिए घातक अमेरिकी 'ब्लड मील'



हरीश शिवनानी
स्वतंत्र पत्रकार

किसी शक्तिशाली, साधन-संपन्न और प्रभुत्ववादी देश का राष्ट्राध्यक्ष यदि अपनी निजी खुन्नस में अतार्किक और अनर्थकारी निर्णय दूसरे देशों पर थोपने पर आमादा हो जाए तो स्थिति गंभीर और सतर्क, सजग रहने जैसी हो जाती है। अमेरिका ने भारत के लिए यही स्थिति उत्पन्न कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत द्वारा उसे 'ऑपरेशन सिंदूर' सीजफायर का (झूठा) श्रेय न देने और नोबल पुरस्कार की संस्तुति न करने और अमेरिकी डेयरी उत्पादों के लिए बाजार न खोलने से खिन्न होकर भारत पर अत्यधिक टैरिफ थोप दिए हैं। यह भारत में बरसों से बनाए गए सहकारिता आंदोलन और किसानों के लिए चुनौतीपूर्ण समय है।

भारत का डेयरी उद्योग ग्रामीण विकास और किसानों की आजीविका का प्रमुख स्रोत भी है। सहकारी आंदोलन के माध्यम से विकसित यह उद्योग, विशेष रूप से अमूल, मदर डेयरी और अन्य कई ब्रांडों के जरिए, दुनिया में अपनी पहचान बना चुका है, लेकिन पिछले कुछ समय में अमेरिका द्वारा अपने डेयरी उत्पाद भारत पर आयात करने के लिए दबाव डाल रहा है। भारत ने विश्व व्यापार संगठन में इसे 'ट्रेड बैरियर' बताते हुए सख्त विरोध किया है और इसके आयात की मंजूरी देने से स्पष्ट इनकार कर दिया है। एक मुख्य कारण यह है कि यदि अमेरिकी 'ब्लड मील' वाले डेयरी उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोल दिए तो सस्ते अमेरिकी उत्पाद भारतीय बाजार पर कब्जा कर लेंगे, जो भारतीय सहकारी उद्योग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के ढांचे पर घातक प्रहार करेंगे।

टैरिफ वार के दबाव में अगर भारत अमेरिकी डेयरी उत्पादों के लिए अपना बाजार खोल देता है, तो समूचा सहकारिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का ढांचा ही चरमरा जाएगा।

अमेरिकी डेयरी उद्योग उत्पादकता बढ़ाने के लिए गायों को खिलाए जाने वाले चारे में 'ब्लड मील', 'बोन मील' और अन्य पशु उप-उत्पादों का इस्तेमाल करता है। 'ब्लड मील' पशु रक्त, मृत पशुओं की हड्डियों और मांस से बनाया जाता है, जो प्रोटीन का सस्ता स्रोत है और गायों के दूध उत्पादन को बढ़ाता है। इन उत्पादों में 'ब्लड मील' इस्तेमाल होने के कारण इन्हें मांसाहारी माना जाता है, जो भारतीय संस्कृति और शाकाहारी परंपराओं के विपरीत है। यदि ये आयात बढ़े, तो भारत के सहकारी डेयरी उद्योग पर गंभीर खतरा मंडरा सकता है, जिससे करोड़ों किसान और दुग्धपालक प्रभावित होंगे और जिसका सीधा असर भारत के सहकारिता आंदोलन पर पड़ेगा।

भारत में सहकारी डेयरी आंदोलन की शुरुआत 1946 में गुजरात के आनंद जिले से हुई, जब किसानों ने मिलकर कायरा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ (अमूल) की स्थापना की। अमूल मॉडल ने किसानों को सीधे बाजार से जोड़ा, बिचौलियों को हटाया और उचित मूल्य सुनिश्चित किया। आगे चलकर 1970 में शुरू हुए ऑपरेशन फ्लड (श्वेत क्रांति) ने इस आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर फैलाया। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के तहत चलाए गए इस कार्यक्रम को तीन चरणों में व्यवस्थित रूप से नए सहकारी संघ जोड़े गए, जिससे कुल संख्या 73,000 हो गई। ऑपरेशन फ्लड ने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बनाया, जहां आज करीब आठ करोड़ किसान और पशुपालक जुड़े हैं।

यह आंदोलन न केवल आर्थिक रूप से सफल रहा, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी बना। सहकारी मॉडल ने जाति और लिंग भेदभाव को कम किया, महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता दी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। आज भारत का डेयरी सेक्टर जीडीपी में लगभग चार प्रतिशत योगदान देता है, अब अमेरिका इस आंदोलन को चुनौती दे रहा है। भारत में 'नॉन-वेज मिल्क' भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अस्वीकार्य है। 'ब्लड मील' न केवल सांस्कृतिक रूप से विवादास्पद है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी है। इसमें बैक्टीरिया या रोगाणु हो सकते हैं, जो दूध के माध्यम से मानव स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। 'ब्लड मील' युक्त अमेरिकी डेयरी आयात के खतरे बहुआयामी हैं।

सबसे प्रमुख है आर्थिक खतरा। अमेरिकी उत्पाद सब्सिडी प्राप्त होते हैं, इसलिए वे सस्ते हैं। इनके आयात से भारत में दूध की कीमतें 15 फीसदी तक गिर सकती हैं, जिससे भारतीय किसानों और दुग्ध उत्पादकों को सालाना 1.03 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। अनेक सहकारी संघ, जो छोटे किसानों पर निर्भर हैं, प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे। इससे लाखों सीमांत किसान विस्थापित हो सकते हैं। दूसरा है सांस्कृतिक खतरा। भारत में लगभग 80 फीसदी आबादी शाकाहारी है और यहां दूध को पवित्र माना जाता है। 'ब्लड मील' युक्त दूध का आयात धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाएगा। यह 'सांस्कृतिक ब्लासफेमी' जैसा होगा। भारत का सहकारी मॉडल स्थानीय और टिकाऊ है, जो छोटे फार्म्स पर आधारित है। आयात से यह संतुलन बिगड़ जाएगा।

ऑपरेशन फ्लड ने जो किसानों को संगठित किया, आयात से वह सहकारी संघ कमजोर हो जाएंगे। निजी कंपनियां बढ़ेंगी, जो किसानों का शोषण कर सकती हैं। ग्रामीण बेरोजगारी बढ़ेगी और महिलाओं की भागीदारी कम होगी। अमेरिका के दबाव से भारत सतर्क है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक रूप से घोषणा कर चुके हैं कि वे अमेरिकी दबाव के आगे भारत के किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं करेंगे, क्योंकि सहकारी मॉडल की रक्षा करना जरूरी है, ताकि किसान और दुग्ध उत्पादक सशक्त रहें। यदि भारत सरकार दबाव में आकर अमेरिका से डेयरी उत्पादों के आयात को मंजूरी दे देती है तो श्वेत क्रांति का सपना अधूरा रह जाएगा और सहकारिता आंदोलन पर घातक आघात होगा।

### सोशल फोरम

## वापस आना, जीना नहीं होता



बाएं ओर समय थमा हुआ था- एक तस्वीर, जिसमें प्रेम था, वादा था और शक्ति थी। वह गर्व से अपनी वर्दी पहने खड़ा था, चौड़े कंधे, स्थिर निगाहें और उसकी मंगेतर उसके सहारे झुकी हुई, जैसे आने वाले कल पर भरोसा हो। सब कुछ निश्चित और साफ लगता था, लेकिन दाईं ओर समय टूट चुका था। 11 महीने की कैद ने उसे खोखला कर दिया। उसका शरीर हड्डियों और छायाओं में बदल गया, चेहरा एक पीड़ा का मानचित्र। वही स्त्री उसके पास थी, उसका प्रेम अब भी अडिग, लेकिन इस बार उसकी बांहें मजबूती को नहीं, टूटन को थामे थीं।



कलम रंगदार
फेसबुक

वह घर लौटा था, पर पूरी तरह नहीं।

"वहां आसमान नहीं था।" उसने फुसफुसाकर कहा। "केवल सड़ांध की गंध थी, बेस्वाद दलिया जो गले में अटक जाता था और भूत-सी आकृतियां जो चुपचाप गुजरती रहती थीं।" उसे याद था बेल्ट की मार, ठंडा पानी जो शरीर में आग की तरह जलता था और वे रातें जब वह नंगी जमीन पर कांपता पड़ा रहता था।

"हम लोग नहीं गिनते थे। हम तो बस परछाइयां गिनते थे।"

वह बच तो गया, लेकिन बचना और जीना- एक जैसी बातें नहीं होतीं। घर पर भी जंग उसका पीछा करती रही। अंधेरा उसे कंपा देता, डोरबेल की आवाज उसे गहरी चुप्पी में धकेल देती। कभी आईने में उसका चेहरा नहीं, बल्कि वही कैदी दिखता, जो अब भी सलाखों के पीछे था। वह उसे छूने की कोशिश करती रही। अपनी आवाज से, अपने स्पर्श से, अपने साथ से। पर जब भी उसने उसके भीतर के उस बंद दरवाजे पर दस्तक दी, जवाब हमेशा एक ही मिला- "अंदर मत आना। मैं अब भी वहीं हूं।"

और इस तरह जंग जारी रही। न गोलियों से, न बमों से, बल्कि उनके घर की खामोशी में, यादों की चुप लड़ी में। कुछ जख्म केवल शरीर को नहीं, आत्मा को भी काटते हैं। कुछ जंग बंदूकें थम जाने पर भी खत्म नहीं होतीं।

### सामयिकी

## कुछ 'कालनेमि' हमारे बीच भी घूम रहे हैं!

रामायण का एक बड़ा ही रोचक प्रसंग याद आता है। लक्ष्मण जी के मूर्छित होने पर सुषेण वैद्य द्वारा संजीवनी बूटी लाने की बात आई तो रावण ने कालनेमि को हनुमान का रास्ता रोकने का काम सौंपा। कालनेमि ने एक मायावी साधु का वेश धारण किया और हनुमान जी को रोक लिया, लेकिन हनुमान जी ने उसकी माया को पहचानकर उसका वध कर दिया। कालनेमि लंका नरेश रावण के मामा मारीच का पुत्र था। इसी पौराणिक कथा से प्रेरणा लेकर उत्तराखंड पुलिस ने अपने विशेष अभियान का नाम 'ऑपरेशन कालनेमि' रखा है, जिसका उद्देश्य फर्जी साधुओं और ढोंगी बाबाओं को पकड़ना है। जिस प्रकार दानव कालनेमि ने छल करने के लिए भेष बदला था, उसी प्रकार आज हमारे समाज में भी कई ऐसे कालनेमि मौजूद हैं, जो अपराध करने के लिए धर्म का दुरुपयोग कर रहे हैं।



डॉ. धीरज सिंह
स्तंभकार

उत्तराखंड में चलाया जा रहा कालनेमि ऑपरेशन लोगों की आस्था की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने का एक प्रयास है कि केवल सच्चे आध्यात्मिक मार्गदर्शक ही हमारे धार्मिक समुदायों का नेतृत्व करें और इसमें काफी हद तक प्रशासन को सफलता भी मिली है। लगभग 300 से अधिक छद्म साधु और मौलाना पकड़े गए हैं। इन साधु-संतों में अधिकांश तो मुस्लिम पक्ष के व्यक्ति हैं।

साधु हिंदू धार्मिक समाज का वह घटक होता है, जिस पर आसानी से भरोसा जम जाता है। उस पर अपने आप श्रद्धा बन जाती है। उसे बड़े सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। ऐसे में साधु का भेष धरा व्यक्ति आसानी से अंधविश्वास, छल-कपट और दैवीय शक्तियों के झूठे दावों के जरिए लोगों की आस्था का फायदा उठा सकता है। मासूम आस्तिक लोगों को बड़ी आसानी से बहला-फुसला और बरगला कर भटका सकता है। रावण का वध भगवान श्रीराम ने सिर्फ इसलिए नहीं किया था कि उसने माता सीता का छल से अपहरण किया था, बल्कि उसके वध के मूल में यह बात थी कि उसने अपहरण के लिए एक ऋषि/साधु का वेष धरा था, जो महापाप की श्रेणी में आता है। सनातन में यह अक्षम अपराध है।

फतेहपुर, कानपुर, इलाहाबाद, मुंबई में कई नकली मौलाना पकड़े गए हैं, जो मदरसे और मस्जिद के नाम पर चंदा वसूलते थे। जब गहराई से छानबीन की गई तो पता चला कि कहीं कोई मदरसा नहीं है। कोई मस्जिद नहीं है। ये लोगों को मदरसे और मस्जिद का नाम आगे बढ़ाकर पैसे जमा करते थे। ताज्जुब की बात तो यह है कि इनमें से कई नकली मौलाना तो गैर मुस्लिम भी निकले!

मुंबई के गोवंडी, भिवंडी, दो टांकी, शिवाजी नगर में ऐसे संदिग्ध लोग पकड़े गए हैं, जो साधु या मौलाना का रूप इख्तियार कर चोरी-डकैती करने के लिए इलाके की रेकी करते थे। ऐसे कुछ साधु अभी हाल के दिनों में पश्चिम बंगाल के कोलकोता और चौबीस परगना जिले में भी धरे गए हैं। अगस्त के आखिर में दिल्ली में भी तीन छद्म साधु पकड़े गए हैं। यहां यह बात ध्यान देने की है कि कालनेमियों का कोई धर्म नहीं होता, क्योंकि कालनेमि एक राक्षस था और राक्षसों का भी कोई धर्म या मजहब नहीं होता। यह बात ध्यान देने योग्य है कि बहुत से लोग सिर्फ धार्मिक आस्था के आधार पर भगवा धारण करते हैं। उनके पास धर्म का इतना व्यापक ज्ञान भी नहीं होता। वह जीवन पद्धति के तौर पर इसे स्वीकार करते हैं। कुछ बुजुर्ग एक निश्चित उम्र के बाद साधु-संन्यासी के तौर पर रहना पसंद करते हैं। ऐसे में पुलिस-प्रशासन के सामने असली अनुयायी और छद्म वेशधारियों के बीच अंतर करने की चुनौती बनी रहती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।




गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः॥
(गुरु ही ब्रह्मा, विष्णु, शंकर और साक्षात परमब्रह्म हैं, ऐसे गुरु को मैं नमन करता हूं।)

# बदल गई पढ़ाई, अब स्किल से ही कमाई

## शिक्षक ज्ञान के द्वारपाल, तकनीक के हथियार से गढ़ने होंगे नए आकार

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। गुरु-शिष्य परंपरा हमारी पहचान है। गुरु यानि शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की कला, नैतिकता और अनुशासन का मार्ग दिखाकर जीवन की वास्तविकताओं से अवगत कराते हैं। शिक्षकों की प्रेरणा और मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षक दिवस हमें याद दिलाता है कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, यह जीवन की महत्वपूर्ण यात्रा है, और शिक्षक इस यात्रा में इंजन हैं। ऐसे में यह दिन शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता, सम्मान और आभार प्रकट करने तथा उनके योगदान की सराहना का तरीका है।



## डिजिटल युग ने बदली शिक्षा की परिभाषा और बदल गई शिक्षकों की भूमिका

तेजी से बदलती दुनिया में शिक्षकों के लिए समाज में नैतिकता, संस्कृति और परंपरा के महत्व को समझाकर विद्यार्थियों को सही मार्ग पर ले जाने की चुनौती बढ़ गई है। डिजिटल युग ने शिक्षा की परिभाषा और शिक्षकों की भूमिका बदल दी है। ऐसे में शिक्षकों को डिजिटल कौशल और आधुनिक तकनीक का ज्ञान तथा बदलावों के साथ अपने दृष्टिकोण को अपडेट करना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी की प्रचुरता के कारण ज्ञान के स्रोत वाली शिक्षकों की पारंपरिक भूमिका को चुनौती मिल रही है।

### शिक्षक दिवस : कबीर की बताई बात नए जमाने में भी है प्रासंगिक

> गुरु कुम्हार और शिष्य कुंभ है,
> गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट। अंतर हाथ सहार
> दै, बाहर बाहै चोट॥

(शिक्षक कुम्हार है, और शिष्य घड़ा। वह भीतर से हाथ का सहारा और बाहर से चोट देकर शिष्य को ऐसे तराशता है, जिससे उसके मन में कोई बुराई न रह जाए।)

### ...क्योंकि हर स्टूडेंट कुछ अलग होता है

- पहले पढ़ाई सिर्फ किताबों और परीक्षाओं तक सीमित थी। अब स्कूल नई शिक्षण विधियों का उपयोग कर रहे हैं। इसमें शिक्षकों की भूमिका छात्रों की समस्याएं सुलझाने, नए कौशल सिखाने और भविष्य के पथ प्रदर्शक जैसी हो गई है। तकनीक छात्रों को नए तरीकों से सीखने में मदद कर रही है, ऐसे में जरूरी है कि शिक्षक भी नए कौशल सीखें। छात्रों को सही राह पर बनाए रखने के तरीके खोजें। स्कूल-कॉलेज भी व्यक्तिगत शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, क्योंकि हर विद्यार्थी अलग होता है। कुछ जल्दी सीखते हैं, कुछ को थोड़ा समय लगता है। शिक्षकों समझना पड़ेगा कि किस बच्चे की क्या जरूरत है। कक्षाओं में स्मार्टबोर्ड, शैक्षिक ऐप्स और वीडियो का इस्तेमाल शिक्षक पढ़ाई को मजेदार बना सकते हैं।

### 'नॉलेज बेस्ड इकोनॉमी' ज्ञान से जुड़ा कौशल सबसे ऊपर

- थोड़ा पढ़-लिख गए, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपको सब कुछ आता है। सीखने के लिए पूरी उम्र कम पड़ जाती है। पढ़ने और सीखने में फर्क है। सीखना ऐसी कला है, जिससे हम खुद को अपडेट और इंप्रूव कर सकते हैं। आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में शिक्षण पद्धति में व्यावहारिक कौशल का महत्व समझना होगा। यह समय 'नॉलेज बेस्ड इकोनॉमी' का है, जिसमें ज्ञान से जुड़ा कौशल सबसे ऊपर है। इसलिए छात्रों को चाहिए कि वे पारंपरिक विषयों से आगे बढ़कर अपनी रुचि के क्षेत्र में रिसर्च आधारित या व्यावसायिक कोर्सेज का चयन करें।

## एआई के दौर में भावनात्मक बुद्धिमत्ता व रचनात्मकता विकसित करनी होगी

- शिक्षा का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। इंटरनेट ने सूचना और ज्ञान तक हर किसी की पहुंच बना दी है। इस बदलाव से शिक्षक अब केवल तथ्यों के वितरक नहीं रह गए हैं। ज्ञान के संरक्षक होने के नाते उनके कंधों पर छात्रों को सूचना के सागर में रास्ता दिखाने की जिमेदारी आ गई है। एआई और नई तकनीक के परिदृश्य में शिक्षकों को भावनात्मक बुद्धिमत्ता, अनुकूलनशीलता और रचनात्मकता जैसे इस तरह के कौशल विकसित करने होंगे जो अभी एआई की पहुंच में नहीं हैं।




## बढ़िया मार्क्स या ग्रेड पर न इतराएं, वह क्षमता लाएं जो नियोक्ता को भाए



- आज अच्छे मार्क्स या ग्रेड ही काफी नहीं हैं। कॅरियर में सफल होने के लिए वह कौशल जरूरी है, जिसकी अपेक्षा नियोक्ता करता है। ऐसे में शिक्षकों पर ये कौशल विकसित करने की जिम्मेदारी है। इसके लिए शिक्षकों को व्याख्याता के रोल से बाहर आकर डिजिटल तकनीक के जरिए छात्रों से जुड़ने के तरीके खोजने होंगे। समय के साथ बदलने वाले शिक्षक ही शिक्षा को बेहतर बना सकते हैं।



लेखिका
*डॉ. क्षमा त्रिपाठी*
प्रोफेसर, डीजीपीजी कॉलेज, कानपुर

## जॉब अलर्ट



### रीजनल रूरल बैंकों में क्लर्क व पीओ के लिए आवेदन करें

इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन (IBPS) ने देश के रीजनल रूरल बैंकों (RRBs) में क्लर्क और प्रोबेशन ऑफिसर (PO) समेत कई पदों पर 13,000 से अधिक वैकेंसी निकाली हैं। आवेदन प्रक्रिया 1 सितंबर से शुरू हो चुकी है। 21 सितंबर तक ऑफिशियल वेबसाइट ibpsreg.ibps.in पर फॉर्म भर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा अलग-अलग पदों के अनुसार तय की गई है। प्रीलिम्स एग्जाम नवंबर में तथा मेन एग्जाम दिसंबर 2025 या फरवरी 2026 में हो सकता है।

### बिहार की पॉलिटेक्निक में एसो. प्रोफेसर व प्रिंसिपल बन सकते हैं

बिहार लोक सेवा आयोग ने साइंस, टेक्निकल एंड टेक्नोलॉजी विभाग के अंतर्गत गवर्नमेंट इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट में एसोसिएट प्रोफेसर के 539 पद, पॉलिटेक्निक प्रिंसिपल के 26 पद तथा गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रिंसिपल के 25 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे हैं। ऑफिशियल वेबसाइट bpsc.bihar.gov.in पर जाकर आवेदन किए जा सकते हैं।

### एम्स जोधपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर ने असिस्टेंट प्रोफेसर (ग्रुप-ए) के पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट aiimsjodhpur.edu.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### इंडियन ऑयल ने निकाली अप्रेंटिस पद के लिए भर्ती

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) ने 537 पदों पर अप्रेंटिस की भर्ती निकाली है। इसमें ट्रेड अप्रेंटिस, टेक्नीशियन, डेटा एंट्री ऑपरेटर और डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर अप्रेंटिस शामिल हैं। यह भर्ती आईटीआई, डिप्लोमा और संबंधित योग्यता रखने वाले युवाओं के लिए है। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन शामिल होगा। उम्मीदवार IOCL की ऑफिशियल वेबसाइट iocl.com या अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर जाकर अपने फॉर्म भर सकते हैं।

# फैशन डिजाइनिंग में क्रिएटिविटी से कॅरियर का सुनहरा सफर

आज के दौर में फैशन डिजाइनिंग सिर्फ कपड़े और एक्सेसरीज बनाने तक सीमित नहीं है, यह एक उभरता हुआ कॅरियर विकल्प है, जिसके लिए क्रिएटिविटी, टेक्निकल नॉलेज और आधुनिक ट्रेंड्स की गहरी समझ जरूरी है। कपड़ों और एक्सेसरीज को डिजाइन करने उन्हें आधुनिकता, सौंदर्यशास्त्र और व्यक्तित्व के अनुरूप प्रस्तुत करने की इस कला में कॉन्सेप्ट डेवलपमेंट, स्केचिंग, फैब्रिक सेलेक्शन, पैटर्न मेकिंग से लेकर फाइनल गारमेंट प्रोडक्शन तक की पूरी प्रक्रिया शामिल होती है। बदलती जीवनशैली और ग्लोबल कनेक्टिविटी ने फैशन डिजाइनिंग क्षेत्र को लोकप्रिय विस्तार दिया है। यदि आपके भीतर क्रिएटिविटी, नए ट्रेंड्स सीखने की चाहत और अपनी पहचान बनाने का सपना है, तो यह कोर्स आपके लिए सबसे सही विकल्प हो सकता है।

### इन क्षेत्रों में बना सकते हैं कॅरियर

- फैशन डिजाइनर
- टेक्सटाइल डिजाइनर
- ज्वेलरी डिजाइनर
- फैशन कंसल्टेंट
- फैशन इलस्ट्रेटर
- पैटर्न मेकर
- स्टाइलिंग प्रोड्यूस
- ग्राफिक डिजाइन
- बुटीक या स्टार्टअप
- मर्चेंडाइजिंग, रिटेल सेक्टर
- एक्सपोर्ट-इंपोर्ट हाउस




### यहां उपलब्ध है पढ़ाई

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में फैशन डिजाइनिंग कोर्स प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग के अंतर्गत सफलतापूर्वक संचालित है।

- पीजी डिप्लोमा इन फैशन डिजाइनिंग, वर्ष 1992 से संचालित, प्रवेश योग्यता ग्रेजुएशन।
- बीवॉक फैशन डिजाइनिंग एंड गारमेंट टेक्नोलॉजी, वर्ष 2018 से संचालित, प्रवेश योग्यता इंटरमीडिएट।

### क्यों चुनें यह कोर्स

- यह एक प्रोफेशनल कोर्स है, जिसे करने के बाद तुरंत इंटर्नशिप और जॉब से जुड़ सकते हैं।
- छात्र-छात्राएं चाहें तो स्वयं का स्टार्टअप या बुटीक भी शुरू कर सकते हैं।
- इस कोर्स से आप क्रिएटिव इंडस्ट्री के विभिन्न क्षेत्रों में कदम रख सकते हैं।

लेखक : कमर अब्बास, अयोध्या

# फ्लाइट अटेंडेंट एक रोमांचक और शानदार कॅरियर

हवाई सेवाओं में विस्तार के साथ फ्लाइट अटेंडेंट जॉब के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।यह एक रोमांचक व शानदार करियर है, जिसमें उड़ान के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करना होता है।फ्लाइट अटेंडेंट बनने के लिए 12वीं के बाद सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री कोर्स कर सकते हैं, जिनकी अवधि 6 महीने से 3 साल तक होती है। इन कोर्सेज में ग्राहक सेवा, सुरक्षा प्रक्रियाएं, आपातकालीन हैंडलिंग, और शारीरिक तैयारी सिखाई जाती है।

### सर्टिफिकेट कोर्स

अवधि : 6 महीने से 1 साल तक.
कवर किए जाने वाले विषय : बेसिक सेफ्टी, ग्रूमिंग, कम्युनिकेशन, और इन-फ्लाइट सर्विसेस.
योग्यता : 12वीं कक्षा पास

### डिप्लोमा कोर्स

अवधि : 6 महीने से 1 साल तक.
कवर किए जाने वाले विषय : इमरजेंसी हैंडलिंग, फर्स्ट ऐड, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, और एविएशन ऑपरेशंस की जानकारी.
योग्यता : 12वीं कक्षा पास।

### डिग्री कोर्स

**अवधि :** 3 साल
कवर किए जाने वाले विषय : एविएशन इंडस्ट्री की थ्योरी और प्रैक्टिकल जानकारी, हॉस्पिटैलिटी, और मैनेजमेंट.
**योग्यता :** 12वीं कक्षा पास।

ट्रेनिंग के दौरान हवाई यात्रा से जुड़ी जरूरी जानकारियां, यात्रियों की देखभाल के तरीके, सुरक्षा प्रोटोकॉल और प्रोफेशनल व्यवहार की पूरी ट्रेनिंग दी जाती है ।

**शारीरिक योग्यता :** उम्र 17 से 25 साल के बीच होनी चाहिए, अच्छी फिटनेस और न्यूनतम लंबाई (लड़कियों के लिए लगभग 155 सेमी और लड़कों के लिए लगभग 160 सेमी) होनी चाहिए।

### प्रोफेशनल अंदाज

- फ्लाइट अटेंडेंट का मुख्य काम यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना होता है। वे फ्लाइट के दौरान यात्रियों को दिशा-निर्देश देते हैं, खाने-पीने की सेवा करते हैं। व्यवहार प्रोफेशनल और सौम्य होना जरूरी है।

### कितनी होती सैलरी?

नियुक्ति के समय सैलरी लगभग 25,000 से 40,000 तक हो सकती है। जैसे-जैसे अनुभव बढ़ता है और आप इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर काम करने लगते हैं, सैलरी 60,000 से 1 लाख या उससे ज्यादा भी हो सकती है।

# प्रतिभाओं की फैक्ट्री है एकेटीयू

लखनऊ स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) जिसे पहले यूपीटीयू के नाम से जाना जाता था, देश के सबसे बड़े तकनीकी विश्वविद्यालय के रुतबे के अनुरूप उपलब्धियों की भी बड़ी लकीर खींच रहा है। यह प्रदेश में स्थित सभी सरकारी और निजी संस्थानों में इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, वास्तुकला, फार्मेसी, होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी के साथ एमबीए और एमसीए कार्यक्रमों में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट स्तर का प्रशिक्षण प्रदान करता है। प्लेसमेंट का बेहतर रिकार्ड एकेटीयू का प्लेसमेंट रिकार्ड औसतन 75 फीसदी से अधिक है। पिछले वर्ष उच्चतम पैकेज 49 लाख प्रतिवर्ष था, जबकि औसत पैकेज 4 से 6 लाख है। विश्वविद्यालय में 14 हजार से ज्यादा आफर्स के सापेक्ष 13,898 छात्रों को प्लेसमेंट मिला था।



### बीटेक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं

एकेटीयू ने बीटेक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं शुरु की हैं। सातवें सेमेस्टर में 50 फीसदी और आठवें सेमेस्टर में पूरी तरह ऑनलाइन कक्षाएं चलाई जाएंगी। इसका फायदा 2 लाख स्टूडेंट्स को मिलेगा। इसमें मूक्स (मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स) के जरिये छात्र सुविधानुसार कक्षाएं कर सकेंगे। मूक्स पर ज्यादातर इंडस्ट्री ओरिएंटेड और रोजगारपरक कोर्स उपलब्ध हैं।

**स्थापना- वर्ष 2000**
संबद्ध कॉलेज – 756+
कोर्स – 58 डिग्री,4391 पाठ्यक्रम
प्रवेश परीक्षा – जेईई मेन, गेट, सीमैट, सीयूईटी यूजी तथा पीजी, कैट, एनएटीए

### प्रमुख कोर्स

बीटेक – 04 वर्ष
पात्रता - न्यूनतम 45% अंकों के साथ 10+2
प्रवेश परीक्षा – जेईई मेन –यूपीएसएसईई

बीबीए/बीसीए/बीकॉम/बीएससी – 03 वर्ष
पात्रता - 10+2
प्रवेश परीक्षा – सीयूईटी यूजी

### पीजी, एमबीए, पीजीडीएम पाठ्यक्रमों में पंजीकरण

- पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीयूईटी पीजी 2026 पंजीकरण प्रक्रिया जनवरी 2026 में शुरू हो सकती है। एमबीए, पीजीडीएम पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 दिसंबर, 2025 है।

**बीआर्क – 05 वर्ष**
पात्रता - 10+2
प्रवेश परीक्षा – एनएटीए

**एमबीए/ एमसीए - 02 वर्ष**
पात्रता - 50% अंकों के साथ स्नातक
प्रवेश परीक्षा – कैट, मैट, सीमैट

**एमटेक – 02 वर्ष**
पात्रता – बीटेक या बीई 50% अंकों के साथ
**प्रवेश परीक्षा - गेट**

पीएचडी- तय समयावधि
पात्रता – संबंधित विषय में परास्नातक डिग्री
प्रवेश परीक्षा- यूनिवर्सिटी लिखित परीक्षा व साक्षात्कार

> एकेटीयू छात्रों के लिए नवीनतम तकनीक अपना रहा है। हमारे छात्र समाज और राष्ट्र की जरूरत के अनुरुप तेजी से कार्य कर रहे हैं। चाहे वह इंजीनियरिंग, कृषि में नवाचार या नई खोज हो या चिकित्सा क्षेत्र को और सुगम बनाना हो। विश्वविद्यालय में छात्रों के स्टार्टअप्स को समर्थन देने की पुख्ता व्यवस्था है। देश-विदेश की कंपनियों में प्लेसमेंट का रिकार्ड भी लगातार बेहतर हो रहा है।
>
> -प्रो. जेपी पाण्डेय, कुलपति, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,567.71 | 24,715.05 |
| बढ़त | 409.83 | 135.45 |
| प्रतिशत में | 0.51 | 0.55 |

सोना- 1,07,070 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 1,26,100 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, गुरुवार, 4 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन:** तुलसी 2600, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2210, रविन्द्रा 2650, फॉर्चुन 13 किग्रा 1940, जय जवान 1960, सचिन 2040, सूरज 1960, अवसर 1865, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1880, क्लासिक (किग्रा) 2095, मोर 2150, चक्र टिन 2345, ब्लू 2110, आशीर्वाद मस्टर्ड 2460, स्वास्तिक 2540

**किराना (प्रतिकु.):** हल्दी निजामाबाद 14500, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि0) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 400-600, मखाना 900-1100

**चावल (प्रति कु.):** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1-5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300

**दाल दलहन:** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छोटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9000-11100, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 10300, उड़द धोवा इंदौर 13000, उड़द धोवा 10000-11000, चना काला 6950, दाल चना 7500, दाल चना मोटी 7850, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7000, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 9200, मोटा हीरा 11200, अरहर गोला मोटा 8500, अरहर पटका मोटा 8900, अरहर कोरा मोटा 9400, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300

**चीनी:** डालमियां 4420, पीलीभीत 4340, सितारगंज 4300, धामपुर 4420

## हल्द्वानी मंडी

**चावल:** शरबती- 5200, मसूरी- 4000, बासमती- 9100, परमल- 3100

**दाल दलहन:** काला चना- 7200, साबुत चना दाल- 7000, मूंग साबुत- 9000, राजमा- 12000-14000, दाल उड़द- 9100, साबुत मसूर दाल- 7100, मसूर दाल- 7100, उड़द साबुत- 8400, काबुली चना- 10200, अरहर दाल- 11100, लोबिया/करमानी- 9100

# जीएसटी के दो स्लैब पर परिषद का मंथन

## 56वीं बैठक में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर होगा विचार-विमर्श, तेदेपा ने किया समर्थन

- विपक्षी दलों ने 40% की दर पर लगाया कोई भी कर राज्यों से साझा करने की मांग को दोहराया

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर विचार-विमर्श बुधवार को शुरू हो गया। प्रस्तावित सुधारों में मौजूदा 12 व 28% के कर स्लैब को हटाकर केवल पांच और 18% की दो कर दरें रखना प्रमुख है। कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40% की विशेष दर से कर लिया जाएगा।

पश्चिम बंगाल जैसे विपक्षी राज्यों ने मांग की है कि 40 प्रतिशत की दर के ऊपर लगाया गया कोई भी कर राज्यों के साथ साझा किया जाना चाहिए, ताकि उनके राजस्व घाटे की भरपाई की जा सके। विपक्षी दलों के शासन वाले आठ राज्यों में हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। वहीं आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने कहा कि उनका राज्य केंद्र के जीएसटी दर प्रस्तावों का समर्थन कर रहा है।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की सहयोगी है। केशव ने परिषद की बैठक से पहले पत्रकारों से कहा कि गठबंधन सहयोगी के तौर पर हम जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के केंद्र के प्रस्ताव का समर्थन करते हैं।


नई दिल्ली में 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में शामिल केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव।

### यह हो सकते हैं प्रस्तावित स्लैब में शामिल

12% की श्रेणी में आने वाली 99% वस्तुएं जैसे मक्खन, फलों के रस और सूखे मेवे 5% कर दर में आ जाएंगी। घी, मेवे, पीने का पानी (20 लीटर), नमकीन, कुछ जूते और परिधान, दवाइयां और चिकित्सकीय उपकरण जैसी आम इस्तेमाल की वस्तुएं, पेंसिल, साइकिल, छाते से लेकर हेयर पिन जैसी वस्तुओं को भी 5% के स्लैब में लाया जा सकता है। कुछ श्रेणी के टीवी, वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर जैसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की कीमतों में कमी होने की भी संभावना है, क्योंकि इन पर मौजूदा 28 की तुलना में 18% की दर से कर लगाया जा सकता है। वाहनों पर इस समय 28% की उच्चतम दर और क्षतिपूर्ति उपकर लागू है, लेकिन अब उन पर अलग-अलग दरें लागू हो सकती हैं। शुरुआती स्तर की कारों पर 18% की दर लागू होगी जबकि एसयूवी व लक्जरी कारों पर 40% की दर लागू होगी। वहीं, 40% की दर तंबाकू, पान मसाला और सिगरेट पर भी लागू होगी।

### परिषद से पहले विपक्ष शासित राज्यों की बैठक सुधार एजेंडे को मंजूरी के लिए मुआवजे की मांग

**नई दिल्ली।** विपक्षी दल शासित राज्यों के वित्त मंत्रियों ने जीएसटी परिषद की बैठक से पहले मुलाकात की और जीएसटी दर में बदलाव के बाद सभी राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिए जाने की मांग की है। हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्रियों ने पिछले सप्ताह बैठक की थी जिसमें 12 और 28% की स्लैब हटाने के बाद उनके राजस्व की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदमों पर विचार-विमर्श किया गया था। दरों को युक्तिसंगत बनाने और राजस्व तटस्थता को संतुलित करने के उनके प्रस्ताव में मौजूदा कर भार को बनाए रखने के लिए प्रस्तावित 40% दर के अलावा अहितकर एवं विलासिता की वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का सुझाव दिया गया है।

झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि अगर केंद्र का जीएसटी सुधार प्रस्ताव (स्लैब की संख्या कम करने) लागू होता है तो उनके राज्य को 2,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा। विपक्ष शासित राज्यों की बैठक के बाद किशोर ने कहा कि अगर केंद्र हमें होने वाले नुकसान की भरपाई करने पर सहमत होता है तो हमें परिषद के समक्ष एजेंडा को मंजूरी देने में कोई समस्या नहीं है। मुझे नहीं लगता कि यह मुद्दा मतदान के लिए आएगा क्योंकि संघीय ढांचे में राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई करना केंद्र की जिम्मेदारी है। इन राज्यों का तर्क है कि दरों में बदलाव और स्लैब खत्म करने से राजस्व में कमी आएगी। इससे पहले कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने कहा था कि प्रत्येक राज्य को अपने मौजूदा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व में 15-20 प्रतिशत की कमी आने की आशंका है।

# भारत-ईएफटीए समझौता एक अक्टूबर से होगा लागू

नई दिल्ली, एजेंसी

स्विट्जरलैंड ने कहा कि भारत और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। इसमें व्यापार व सतत विकास पर कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रावधान होंगे।

स्विट्जरलैंड ने कहा, पहली बार, भारत ने मुक्त व्यापार समझौते में व्यापार और सतत विकास पर कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रावधान तय किए हैं। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते के तहत, भारत को समूह से 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और तराशे तथा पॉलिश किए हीरों जैसे कई उत्पादों पर कम या शून्य शुल्क की अनुमति है। समूह ने जो 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, उसमें से 50 अरब डॉलर का निवेश 10 साल में और शेष 50 अरब डॉलर का पांच वर्षों में होगा। इससे भारत में दस लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यह भारत द्वारा अब तक हस्ताक्षरित किसी भी व्यापार समझौते में अपनी तरह का पहला समझौता है।



- स्विट्जरलैंड ने कहा- भारत ने व्यापार समझौते में कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रावधान किए तय

स्विट्जरलैंड ने कहा कि यह समझौता द्विपक्षीय आर्थिक लेन-देन के लिए कानूनी निश्चितता और भरोसे को बढ़ाता है। यह स्विस वस्तुओं और सेवाओं के लिए भारतीय बाजार तक पहुंच को भी बेहतर बनाता है। इस समझौते के तहत अनुबंध करने वाले पक्ष अन्य अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के तहत अपने अधिकारों और दायित्वों की पुष्टि भी करेंगे। इनमें व्यापार, पर्यावरण, सामाजिक मामलों और मानवाधिकारों के क्षेत्रों में समझौते शामिल हैं।

# भेदिया कारोबार नियमों के अनुपालन के लिए बैंकों का आंतरिक नियंत्रण जरूरी : पांडेय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि भेदिया कारोबार नियमों का पालन करना बैंकों के प्रबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है और ऐसे उल्लंघनों का पता लगाने एवं रोकने के लिए आंतरिक नियंत्रण को मजबूत करना होगा।

सेबी प्रमुख ने बैंकों के प्रबंध निदेशकों एवं सीईओ को संबोधित करते हुए कहा, भेदिया कारोबार का खतरा वहीं पनपता है, जहां नियंत्रण कमजोर होते हैं, प्रक्रियाएं अस्पष्ट रहती हैं, जिम्मेदारियां तय नहीं होतीं और निगरानी असंगत रहती है। बैंकों के भीतर का कमजोर नियंत्रण होना कई धोखाधड़ियों की जड़ है। भेदिया कारोबार वह स्थिति है जब किसी कंपनी से जुड़ा व्यक्ति कंपनी की सार्वजनिक रूप से अप्रकाशित जानकारी का इस्तेमाल कर शेयरों की खरीद-फरोख्त करता है और अनुचित लाभ कमाता है।



- सेबी प्रमुख बोले- नियमों का पालन करना बैंक प्रबंधन की जिम्मेदारी

सेबी प्रमुख की यह टिप्पणी जून में इंडसइंड बैंक के शीर्ष अधिकारियों द्वारा भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन में जारी सेबी के अंतरिम आदेश की पृष्ठभूमि में आई है। नियामक ने पाया था कि बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें प्रबंध निदेशक एवं सीईओ और डिप्टी सीईओ भी थे, अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील सूचना (यूपीएसआई) का इस्तेमाल कर बैंक के शेयरों में लेनदेन कर रहे थे।

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 15 साल के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में 15 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह मांग की स्थिति में पर्याप्त सुधार के बीच नए ऑर्डर एवं उत्पादन में तेज वृद्धि से प्रेरित रही।

बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई के 60.5 से अगस्त में 62.9 पर आ गया। यह जून 2010 के बाद से विस्तार की सबसे तेज दर दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है।

- मांग की स्थिति में पर्याप्त सुधार के बीच नए ऑर्डर एवं उत्पादन से मिला समर्थन

सर्वेक्षण के अनुसार, अगस्त के दौरान मांग में उल्लेखनीय सुधार ने नए ऑर्डर एवं गतिविधियों की वृद्धि को 15 वर्ष में अपने उच्च स्तर पर पहुंचा दिया। एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, सेवा गतिविधि की वृद्धि दर 15 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। नए ऑर्डर में बढ़ोतरी के दम पर यह जुलाई के 60.5 से बढ़कर अगस्त में 62.9 हो गई। कीमतों के मोर्चे पर मुद्रास्फीति की दर नौ महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस बीच, मांग में उछाल ने जुलाई 2012 के बाद से उत्पादन शुल्क में सबसे तेज वृद्धि को संभव बनाया। एचएसबीसी इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक जुलाई के 61.1 के मुकाबले अगस्त में 63.2 रहा। यह 17 वर्ष में विस्तार की सबसे तीव्र गति को दर्शाता है। भंडारी ने कहा कि अगस्त में समग्र पीएमआई 63.2 के 17 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया जो विनिर्माण एवं सेवा दोनों क्षेत्रों में मजबूत व्यापक-आधारित उत्पादन वृद्धि का संकेत देता है। समग्र पीएमआई सूचकांक तुलनीय विनिर्माण व सेवा पीएमआई सूचकांकों का भारित औसत है।





# देशभर में बाढ़-बारिश बनी आफत

## पहाड़ों से लेकर मैदानों तक बारिश और भूस्खलन का कहर, बचाव कार्य जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी सहित देश के अन्य हिस्सों में हो रही मूसलाधार बारिश और नदियों के आए उफान से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। एक ओर दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं तो दूसरी ओर पहाड़ी क्षेत्रों में तेज बारिश से भूस्खलन से कई लोगों की जान चली गई है।

दिल्ली में पुराने रेलवे पुल (ओआरबी) पर बुधवार अपराह्न एक बजे यमुना नदी का जलस्तर 207 मीटर तक बढ़ने से निचले बाढ़ग्रस्त इलाकों से 7,500 से अधिक लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। लोगों को 25 स्थानों पर बने राहत शिविर में पहुंचाया गया। जलस्तर बढ़ने से, जिला प्रशासन निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहा है और ओआरबी को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अधिकारी ने बताया, हथिनीकुंड बैराज से 1.62 लाख क्यूसेक और वजीराबाद बैराज से 1.38 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से यमुना का जलस्तर बढ़ा है।

वहीं, दिल्ली के झारोदा कलां इलाके में मंगेशपुर नाले का 50 फुट किनारा टूटने के बाद जलमग्न हुए निचले इलाकों से कई लोगों को रातभर चले अभियान में सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अंकित सिंह ने कहा, बचाव कार्य जारी है। रात भर चले इस अभियान की निगरानी उन्होंने और एसीपी नजफगढ़ ने की। 30 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने जमीनी स्तर पर लोगों को निकालने का काम किया। अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और दिल्ली सरकार के आपदा प्रबंधन दलों जैसी एजेंसियों के समन्वय से निकासी कार्य अब भी जारी है।


जम्मू में भारी बारिश के कारण उफान पर बह रही तवी नदी।


दिल्ली के निचले इलाके में भरा यमुना का पानी।

### जम्मू में बारिश से दो की मौत, सड़कें बंद

**जम्मू/श्रीनगर।** समूचे जम्मू कश्मीर में बुधवार को भारी बारिश से वर्षा जनित घटना में एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई, जबकि बाढ़ग्रस्त अखनूर के गांव में 40 लोग फंस गए। अनंतनाग जिले में पुलिस ने भारी बारिश से जलस्तर बढ़ने से एक पुल के नीचे फंसे 25 बंजारा परिवारों को बचाया। बारिश से नदियों, नालों और छोटी नदियों में जलस्तर बढ़ा है जो पहले से ही खतरे के निशान से ऊपर हैं, जबकि उधमपुर और बनिहाल के बीच कई जगह भूस्खलन होने से श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित प्रमुख सड़कें दूसरे दिन भी बंद रहीं। खराब मौसम से घाटी और जम्मू क्षेत्र में शिक्षण संस्थान बंद रहे। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मुख्यमंत्री ने स्थिति का आकलन करने के लिए बैठक की अध्यक्षता की। अब्दुल्ला ने प्रशासन से बचाव कार्य तेज करने और संवेदनशील इलाकों से समय पर लोगों की निकासी के निर्देश दिए।

### छत्तीसगढ़ में बाढ़ से चार की मौत

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में एक छोटे बांध का हिस्सा टूटने से आई बाढ़ में चार लोगों की मौत हो गई और तीन लापता हो गए। क्षेत्र में भारी बारिश के बाद धनेशपुर गांव में स्थित लुटी बांध में मंगलवार देर रात दरार आ गई, जिसके परिणामस्वरूप अचानक बाढ़ आ गई। एक महिला और उसकी सास समेत चार लोगों की उस समय मौत हो गई जब वे घरों में सो रहे थे। तीन लोग अब भी लापता हैं।

### हरियाणा में मकान की छत गिरने से दो की मौत

**कुरुक्षेत्र।** भारी बारिश से बुधवार तड़के कमरे की छत गिरने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। शाहाबाद थाने के प्रभारी सुनील कुमार दत्त के अनुसार, घटना के समय उत्तर प्रदेश स्थित प्रतापगढ़ जिले के कुंडा क्षेत्र के छह मजदूर कमरे में सो रहे थे। हादसे के बाद संदीप और कुलदीप नाम के दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मूसलाधार बारिश से उफनती मारकंडा नदी के पानी से शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए हैं, जिसके बाद उपायुक्त और एसपी ने राहत कार्यों का निरीक्षण करने के लिए शाहबाद का दौरा किया।

### हिमाचल के अधिकारियों को तैयार रहने का निर्देश

**शिमला।** हिमाचलके पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने भारी बारिश के मद्देनजर पुलिस को बचाव, राहत और यातायात अभियान को मजबूत करने, अपने कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्थानीय एवं आपदा प्रतिक्रिया एजेंसियों के साथ समन्वय में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने पुलिस और होमगार्ड कर्मियों की सुरक्षा और तत्परता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश जारी किए हैं। तिवारी ने सभी रेंज के पुलिस महानिरीक्षकों, उप महानिरीक्षकों, एसपी और कमांडिंग अधिकारियों को बचाव और यातायात प्रबंधन के लिए पुलिस बल की तैयारियों को मजबूत करने का निर्देश दिया है।

### पंजाब में स्कूल, कॉलेज सात सितंबर तक बंद

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने बुधवार को राज्य में बाढ़ की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर सभी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को सात सितंबर तक बंद रखने की घोषणा की। इस संबंध में पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने घोषणा की। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार, बाढ़ की स्थिति को देखते हुए, पंजाब भर के सभी सरकारी/सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त और निजी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय तथा पॉलिटेक्निक सात सितंबर, 2025 तक बंद रहेंगे। बैंस ने कहा, सभी से स्थानीय प्रशासन के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने का अनुरोध है।

# नक्सलियों के खात्मे तक चैन से नहीं बैठेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर देते, पकड़े नहीं जाते या उनका सफाया नहीं हो जाता। छत्तीसगढ़ के करेंगुट्टा पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और 'कोबरा' बल के जवानों को बधाई देते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार भारत को नक्सल मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक सभी नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर देते, पकड़े नहीं जाते या उनका सफाया नहीं हो जाता। ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के दौरान जवानों द्वारा दिखाई बहादुरी और पराक्रम को नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। गर्मी, ऊंचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरे के बावजूद, सुरक्षा बलों ने अभियान चलाया और प्रमुख नक्सल बेस कैंप को नष्ट किया। गृह मंत्री ने कहा कि करेंगुट्टा पहाड़ी पर से नक्सलियों के सामग्री भंडार और आपूर्ति श्रृंखला को छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने बहादुरी से नष्ट कर दिया। निपशुपतिनाथ से तिरुपति तक फैले पूरे क्षेत्र में 6.5 करोड़ लोगों के जीवन में एक नया सूर्योदय हुआ है। मोदी सरकार नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान घायल हुए सुरक्षाकर्मियों की सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है और उनका जीवन आसान बना रही है।


नई दिल्ली में ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के बाद सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजी और कोबरा कर्मियों को सम्मानित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

### 20 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बुधवार को 20 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से 11 पर कुल 33 लाख का इनाम था। पुलिस ने बताया कि 20 नक्सलियों में से नौ महिलाएं हैं, जिनमें पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन नंबर 1 की एक सदस्य भी है। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि उन्होंने खोखली माओवादी विचारधारा, निर्दोष आदिवासियों पर नक्सलियों के अत्याचारों और प्रतिबंधित संगठन में बढ़ते आंतरिक मतभेदों से निराशा का हवाला देते हुए वरिष्ठ पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले लोग राज्य सरकार की नियाद नेल्लनार (आपका गांव) योजना से भी प्रभावित थे।

### दुष्कर्म का मामला: पीड़िता ने किया गलतफहमी का दावा अदालत ने आरोपी को छोड़ा

**कोलकाता।** कोलकाता की अदालत ने दुष्कर्म के मामले में एक व्यक्ति को शिकायतकर्ता के इस दावे के बाद बरी कर दिया कि उसने कुछ गलतफहमी के कारण शिकायत दी थी। महिला ने 24 नवंबर, 2020 को शिकायत दी थी, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। अदालत द्वारा जमानत पर रिहा किए जाने तक उसे 51 दिन सलाखों के पीछे बिताने पड़े थे।

महिला ने शिकायत में कहा कि वह 2017 से उस व्यक्ति के साथ रिश्ते में थी। आरोपी ने शादी का वादा किया, जिसके भरोसे पर महिला उसके साथ साल्ट लेक के होटल में रुकी, जहां उनके बीच संबंध बने। अगली सुबह इस व्यक्ति ने उससे शादी करने से इन्कार कर दिया और भाग गया। प्राथमिकी के आधार पर इस व्यक्ति को 25 नवंबर, 2020 को गिरफ्तार किया गया और 14 जनवरी, 2021 को अदालत द्वारा जमानत देने तक वह जेल में रहा। आरोपी ने बेगुनाही का दावा करते हुए सभी आरोपों से इन्कार किया था। सुनवाई के दौरान महिला ने दावा किया कि पुरुष के साथ गलतफहमी से उसने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और उसे इसके अलावा कुछ भी याद नहीं है।

# कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की पत्नी के पास भी दो वोटर आईडी: भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की पत्नी के पास भी दो मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) हैं और राहुल गांधी ऐसे आपराधिक कृत्यों से खुद को अलग नहीं कर सकते। इससे पहले भाजपा ने आरोप लगाया था कि खेड़ा के पास दो वोटर आईडी हैं और राहुल गांधी अपनी पार्टी की वोटों की चोरी को बचाने और छिपाने के लिए बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। इन आरोप पर कांग्रेस, खेड़ा या उनकी पत्नी कोटा नीलिमा, जो तेलंगाना में पार्टी की नेता हैं की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

भाजपा आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर लिखा, तेलंगाना के खैरताबाद विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार और पवन खेड़ा की पत्नी कोटा नीलिमा के पास भी दो सक्रिय ईपीआईसी (मतदाता फोटो पहचान पत्र) हैं। एक खैरताबाद में पंजीकृत है और दूसरा नई दिल्ली में। उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट है कि कांग्रेस नेताओं के पास कई ईपीआईसी नंबर हैं और वे एक से ज्यादा जगहों पर पंजीकृत हैं। यह कोई संयोग नहीं है। मालवीय ने आरोप लगाया कि वोट चोरी में लिप्त लोग ही जनता को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए बदनाम कर रहे हैं और हमारी संस्थाओं को कमजोर कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी अपने ही खेमे के भीतर इन आपराधिक कृत्यों से खुद को मुक्त नहीं कर सकते, खासकर सार्वजनिक पद पाने के इच्छुक लोगों और उनके 'आंतरिक गुट' के सदस्यों से जुड़े मामलों से। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी से इस पर जवाब देने की मांग की।



- भाजपा आईटी सेल के प्रवक्ता ने कहा- राहुल गांधी ऐसे आपराधिक कृत्यों से खुद को अलग नहीं कर सकते

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पाकिस्तान: विस्फोट में 13 की मौत, 31 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान सूबे में मंगलवार को हुए एक जोरदार धमाके में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 31 घायल हो गए। सूबे के स्वास्थ्य मंत्रालय प्रवक्ता वसीम बेग ने हताहतों की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है। ये विस्फोट सूबे की राजधानी क्वेटा के शाहवानी स्टेडियम इलाके में एक राजनीतिक सम्मेलन के पास हुआ। अधिकारियों के अनुसार, यह विस्फोट एक आत्मघाती बम विस्फोट प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि हमले के दोषियों को पकड़ने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

### सीरिया: हवाई अड्डे के पास जोरदार विस्फोट

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक पूर्व सैन्य अड्डे पर शक्तिशाली विस्फोट हुआ। सरकारी अखबार अल-थावरा ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया कि बुधवार को यह विस्फोट हवाई अड्डे के पास युद्ध में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटकों के कारण हुआ, जबकि सीरियाई विपक्षी अखबार शाम टीवी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि यह विस्फोट एक इज़रायली ड्रोन द्वारा सैन्य अड्डे को निशाना बनाने के कारण हुआ। फिलहाल विस्फोट के कारण तत्काल किसी के हताहत होने के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है।

### दक्षिण कोरिया में छुरा घोंपकर तीन को मारा

**सोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में बुधवार को एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर चाकू से हमला किया। घायलों को पास के अस्पताल ले जाया गया जहां तीनों लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक दक्षिण-पश्चिमी सोल के एक रेस्टोरेंट में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10 :57 बजे एक व्यक्ति ने दो अन्य पुरुषों और एक महिला को छुरा घोंप दिया।गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहाँ तीनों की मौत हो गई। हमलावर ने इसके बाद आत्महत्या के प्रयास किया। वह भ्मी गंभीर रूप से घायल हो गया।

### अफगानिस्तान में 1400 से ज्यादा हुए मृतक

**जलालाबाद।** संयुक्त राष्ट्र ने पूर्वी अफगानिस्तान में आए भूकंप में हताहतों की संख्या में और वृद्धि की चेतावनी दी है। वहीं, तालिबान प्रशासन ने कहा कि भूकंप में मरने वालों की संख्या 1,400 से अधिक हो गई और 3,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने जो आंकड़े दिए हैं, वे सिर्फ कुनार प्रांत के हैं। रविवार रात आए 6 .0 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने कई प्रांतों को हिलाकर रख दिया, जिससे भारी तबाही हुई।

# ब्रिटेन में दो कारों की टक्कर से तेलंगाना के दो छात्रों की मौत

- गणेश विसर्जन यात्रा से लौट नौ छात्रों का दल, पांच घायल

**लंदन, एजेंसी**

दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के एसेक्स में एक गोल चक्कर पर दो कारों की टक्कर में तेलंगाना के दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह घटना सोमवार तड़के रेले स्पर गोल चक्कर पर हुई। दुर्घटना में चैतन्य तारें (23) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 21 वर्षीय ऋषि तेजा रपोलू ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। एसेक्स पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय कार चला रहे पूर्वी लंदन के दो पुरुषों को खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था और बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। एसेक्स पुलिस ने एक बयान में कहा, मामले में जांच जारी है। ब्रिटेन स्थित 'नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन' ने एक बयान जारी कर छात्रों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। बताया जा रहा है कि दोनों छात्र अपने साथियों के साथ गणेश विसर्जन समारोह से लौट रहे थे। एनआईएसएयू ने एक बयान में कहा, हम ब्रिटेन के एसेक्स में हुई सड़क दुर्घटना से बहुत दुखी हैं जिसमें तेलुगु समुदाय के नौ छात्र शामिल थे। इस दुर्घटना में दो युवा छात्र, चैतन्य तारें और ऋषि तेजा रपोलू की मौत हो गई।

# सिर पर मंडराने लगा बड़ा खतरा: हिमालयी झीलों का विस्तार

हाल ही में जारी हुई एक रिपोर्ट में देश में 432 हिमालयी हिमनद झीलों का विस्तार होने की चिंताजनक खबर दी गई है। इस वजह से इन झीलों को उच्च जोखिम श्रेणी में रखा गया है, साथ ही उनकी बेहद सतर्क निगरानी और पूर्व चेतावनी प्रणालियां स्थापित करने पर जोर दिया गया है। इन झीलों का विस्तार कितना खतरनाक हो सकता है, इसका अंदाजा जून 2013 केदारनाथ के पास चोराबारी झील के टूटने की घटना से लगाया जा सकता है जिसमें मंदाकिनी घाटी बुरी तरह से बर्बाद हो गई थी और केदारनाथ से कुंड तक 10 वर्ग किमी तक इलाके का नक्शा बदल गया था। हिमनद झीलें पिघलते ग्लेशियरों के कारण बनने वाली ये प्राकृतिक झीलें हैं। हिमनद झील में विस्फोट हमेशा विनाशकारी होता है। इससे आई बाढ़ अचानक और भारी मात्रा में पानी छोड़ती है जो निचले इलाकों में भारी तबाही का कारण बनती है।



### कहां- कितनी हिमनद झीलें

जून 2025 की रिपोर्ट के अनुसार अरुणाचल प्रदेश में सर्वाधिक 197 हिमनद झीलें हैं। इसके बाद लद्दाख में 120, जम्मू कश्मीर में 57, सिक्किम में 47, हिमाचल प्रदेश में छह और उत्तराखंड में पांच हिमनद झीलें हैं।

### कैसे होता है निर्माण

- हिमनद अपने प्रवाह के दौरान चट्टानों को घिसते हैं, जिससे दरारें और घाटियां बनती हैं। ग्लेशियर पीछे हटता है तो अपने साथ लाई गई सामग्री को जमा कर देता है, जिससे प्राकृतिक बांध बन जाता है।
- जैसे-जैसे ग्लेशियर पिघलता है, उसका पानी इन दरारों और घाटियों में इकट्ठा हो जाता है। जब तक कोई रिसाव या अस्थिरता न हो, पिघला हुआ पानी जमा होता रहता है और झील का निर्माण करता है।

### झीलों के विस्तार के कारण

- जलवायु परिवर्तन के कारण हिमनदों का तेजी से पिघलना शुरू हो गया है, इससे नई झीलें बन रही हैं और मौजूदा झीलों का आकार बढ़ रहा है।
- हिमालय जैसे सक्रिय भूवैज्ञानिक क्षेत्रों में भूकंपीय गतिविधि से भूस्खलन और चट्टानों के गिरने से झीलें बन सकती हैं या मौजूदा झीलें बढ़ सकती हैं।

### हिमनद झीलें खतरनाक क्यों

- झील विस्फोट सबसे बड़ा खतरा है जो तब होता है जब झील को रोकने वाला प्राकृतिक हिमोढ़ बांध या बर्फ की परत टूट जाती है।
- झीलों के तटबंध मिट्टी, चट्टान, बर्फ और मलबे से बने होते हैं जो कॉम्पैक्ट नहीं होते। हिमस्खलन, भूस्खलन या भूकंप से टूट जाते हैं।
- एक बार बांध टूटने पर झील का सारा पानी अचानक और तेजी से बह निकलता है। इसे हिमनद झील विस्फोट कहा जाता है।
- भारी मात्रा में मलबे-पानी के साथ ये बाढ़ घाटियों में निचले इलाकों, गांवों-शहरों में पहुंचकर विनाशकारी तबाही मचा सकती है।

### स्थिति की गंभीरता

- भारत में हिमनद झीलों के क्षेत्रफल में 2011 से 2025 के बीच 30% से अधिक वृद्धि हुई है जिससे काफी खतरा बढ़ गया है।
- लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में कई उच्च जोखिम वाले क्षेत्र चिह्नित किए गए हैं।
- कई उच्च जोखिम वाली झीलों में पर्याप्त निगरानी और पूर्व चेतावनी प्रणाली का अभाव है, इसे और ज्यादा खतरनाक माना जा रहा है।

### हिमनद झीलों का आकार

- कुछ झीलें छोटी होती हैं,उनका क्षेत्रफल एक हेक्टेयर से भी कम होता है, जैसे उत्तराखंड में वसुधारा झील जिसका आकार 0 .50 हेक्टेयर है।
- बड़ी झीलों में बहुत पानी होता है। जून 2013 में उत्तराखंड में चोराबारी झील फटी तो 10 मिनट में ही 262 मिलियन लीटर पानी छोड़ दिया था।

# भारत सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाला देश, खुद कर रहा जीरो टैरिफ की मांग

## ट्रंप ने कहा- भारत से अच्छे संबंध मगर काफी समय से एकतरफा रहा है ये रिश्ता

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत की वजह से अमेरिका को व्यापार में नुकसान उठाना पड़ा है लेकिन उच्च सीमा शुल्क लगाए जाने के बाद भारत ने अब 'जीरो टैरिफ' की पेशकश की है।

ट्रंप ने मंगलवार को रेडियो शो 'द स्कॉट जेनिंग्स शो' पर बातचीत में कहा, भारत हमारे खिलाफ टैरिफ लगाता है। चीन हमारे खिलाफ बहुत टैरिफ लगाता है। ब्राजील भी ऐसा करता है। उन्होंने कहा, भारत सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाला देश रहा है लेकिन अब उन्होंने मुझे भारत में जीरो टैरिफ की पेशकश की है। ट्रंप ने पिछले महीने भारतीय उत्पादों के आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूसी तेल की खरीद जारी रखने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इस तरह 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लग रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि उन्हें टैरिफ लगाने की प्रक्रिया और उसके प्रभाव को लेकर दुनिया में सबसे अच्छी समझ है। उन्होंने कहा, मैं टैरिफ को दुनिया के किसी भी दूसरे व्यक्ति से कहीं बेहतर समझता हूं। मेरे टैरिफ लगाने के बाद वे अपने टैरिफ को घटा रहे हैं। भारत तो सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाला देश रहा है। और अब भारत में कोई भी टैरिफ न लगाने की पेशकश मेरे सामने की गई है। ट्रंप ने कहा, अगर मैंने टैरिफ नहीं लगाए होते तो वे कभी ऐसा प्रस्ताव नहीं रखते। आपको टैरिफ लगाने ही होते हैं। इस तरह हम आर्थिक रूप से सशक्त बनने जा रहे हैं।

उन्होंने बाद में व्हाइट हाउस में संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि भारत के साथ अमेरिका के संबंध अच्छे हैं लेकिन यह रिश्ता लंबे समय तक 'एकतरफा' ही रहा क्योंकि अमेरिका पर भारत 'भारी टैरिफ ' लगाता रहा। भारत पर लगाए गए उच्च टैरिफ में कुछ कटौती की संभावना के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा, भारत से हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं लेकिन वर्षों तक यह रिश्ता एकतरफा रहा। भारत हम पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाता था और यही वजह रही कि हमारा व्यापार वहां नहीं हो रहा था।



व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में अपने सहयोगियों के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

### हार्ले डेविडसन पर 200% टैरिफ का दिया उदाहरण

ट्रंप ने कहा कि भारत की ओर से लगाए गए टैरिफ की वजह से अमेरिकी कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ा। हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल पर 200 प्रतिशत टैरिफ के कारण अमेरिकी कंपनी को भारत में संयंत्र लगाना पड़ा था। अमेरिका ने पहले कोई टैरिफ नहीं लगाया था लेकिन भारत अपने उत्पाद अमेरिकी बाजार में भेजता रहा, जिससे घरेलू उत्पादन प्रभावित हुआ। भारत ने ट्रंप प्रशासन की तरफ से लगाए गए उच्च टैरिफ को 'अनुचित और असंगत' बताते हुए कहा है कि किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह वह भी अपने राष्ट्रीय हित और आर्थिक सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच वस्तु व्यापार 131 .8 अरब डॉलर रहा था जिसमें भारत ने 86 .5 अरब डॉलर का निर्यात किया था जबकि अमेरिका से उसका आयात 45 .3 अरब डॉलर रहा था।

### अमेरिकी सांसद ने कहा- भारत कम करेगा रूस से तेल आयात

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** दक्षिण एशिया में दो सप्ताह के खुफिया मिशन पर गए एक प्रभावशाली अमेरिकी सांसद ने दावा किया कि उनकी भारत यात्रा से इस बात के शुरुआती संकेत मिले कि भारत रूसी तेल का आयात कम कर सकता है। यह यूक्रेन में रूस के आक्रमण की क्षमता को कमजोर करने की दिशा में सार्थक कदम होगा। कांग्रेस सदस्य ब्रायन फिट्ज़पैट्रिक के साथ सदन की खुफिया समिति की सदस्य क्रिसी हौलाहन भी हाल ही में भारत, नेपाल और पाकिस्तान को कवर करने वाले मिशन पर थीं। सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी के सभी वैश्विक परिचालनों की देखरेख करने वाले फिट्ज़पैट्रिक ने कहा, भारत में बातचीत में संकेत मिले हैं कि सरकार रूसी तेल का आयात कम करेगी। यह रूस के आक्रमण क्षमता को कमजोर करने और हमारे साझेदारों को स्वतंत्रता के मुद्दे के साथ जोड़ने की दिशा में एक सार्थक कदम होगा।

## थाईलैंड में निचले सदन को भंग करने की सिफारिश

**बैंकॉक।** थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथाम वेचायाचायी ने बुधवार को कहा कि उनकी कार्यवाहक सरकार ने संसद के निचले सदन को भंग करने की सिफारिश की है जिसकी वजह से समय से पहले आम चुनाव हो सकते हैं।

फुमथाम ने पत्रकारों से बात करते हुये इस बात की पुष्टि है कि प्रतिनिधि सभा को भंग करने का आदेश मंगलवार को राजा महा वजीरालोंगकोर्न को प्रेषित कर दिया है और अब शाही मंजूरी का इंतजार है। मौजूदा चुनौतियों को देखते हुए श्री फुमथाम ने कहा कि देश में आर्थिक क्षेत्र में भविष्य में गिरावट को रोकने के लिए राजनीतिक स्थिरता बहाल करना आवश्यक है।

# इजराइल ने अपने परमाणु कार्यक्रम स्थल पर तेज किया निर्माण कार्य

- विशेषज्ञों ने परमाणु हथियारों नया संयंत्र बनाने का जताया शक

**दुबई, एजेंसी**

इजराइल के संदिग्ध परमाणु हथियार कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र पर एक प्रमुख नई संरचना का निर्माण कार्य तेज हो गया है। उपग्रह चित्रों के विश्लेषण के आधार पर विशेषज्ञों ने यह जानकारी सार्वजनिक की है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक नया परमाणु ऊर्जा संयंत्र अथवा परमाणु हथियार बनाने की सुविधा हो सकती है लेकिन इस कार्यक्रम में गोपनीयता के कारण निश्चित रूप से कुछ भी जानना मुश्किल है। डिमोना शहर के निकट शिमोन पेरेज नेगेव परमाणु अनुसंधान केंद्र में किए गए कार्य से पश्चिम एशिया के एकमात्र परमाणु-हथियार संपन्न देश के रूप में व्यापक रूप से इजराइल की मान्यता प्राप्त स्थिति पर सवाल खड़े होंगे।

इसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना भी हो सकती है, खासकर इसलिए क्योंकि जून में इजराइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु स्थलों को निशाना बनाकर बमबारी की थी। दोनों देशों को डर था कि ईरान अपने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने के लिए कर सकता है। जिन स्थलों पर हमला किया गया उनमें अराक स्थित ईरान का एक 'हेवी वॉटर रिएक्टर' भी शामिल था। चित्रों का विश्लेषण करने वाले सात विशेषज्ञों ने कहा कि उनका मानना है कि यह निर्माण कार्य इजराइल के लंबे समय से संदिग्ध परमाणु हथियार कार्यक्रम से संबंधित है।

# रूस ने यूक्रेन पर 500 से ज्यादा ड्रोन-मिसाइलें दागीं

**कीव, एजेंसी**

रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 500 से अधिक ड्रोन और दो दर्जन मिसाइलें दागीं। दूसरी तरफ यूक्रेन के राष्ट्रपति और यूरोपीय नेता यूक्रेनी सुरक्षा को मजबूत करने और अब तक अमेरिकी नेतृत्व वाले असफल शांति प्रयासों को गति देने के उद्देश्य से बातचीत जारी रखे हुए हैं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के हमले के मुख्य लक्ष्य नागरिक बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से ऊर्जा सुविधाएं थीं। उन्होंने कहा कि रूस ऊर्जा सुविधाओं को सर्दी से पहले निशाना बनाकर अपने पड़ोसी को परेशान करने की आक्रामक नीति पर काम कर रहा है। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि हमलों में मुख्य रूप से पश्चिमी और मध्य यूक्रेन को निशाना बनाया गया और कम से कम पांच लोग घायल हो गए।



- जेलेंस्की ने की विश्व के नेताओं से समर्थन की मांग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लड़ाई रोकने के प्रयासों के बावजूद, हाल के महीनों में नागरिक क्षेत्रों पर रूसी हवाई हमले तथा 1,000 किमी अग्रिम पंक्ति में यूक्रेनी सुरक्षा को ध्वस्त करने के रूसी सेना के प्रयासों में कमी नहीं आई है।



चीन के विजय दिवस पर आयोजित परेड मेंमहिला और पुरुष सैन्य कर्मियों ने सम्मिलित रूप से हिस्सा लिया।

# विजय दिवस परेड में चीन ने दुनिया को दिखाई ताकत

**बीजिंग।** विजय दिवस समारोह के मौके पर आयोजित सैन्य परेड में बुधवार को हाइपरसोनिक, लेजर और लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों सहित अत्याधुनिक साजो सामान का पहली बार प्रदर्शन कर चीन ने दुनिया और खासकर अमेरिका को अपनी ताकत दिखाई। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि उनके देश का कायाकल्प निर्बाध जारी रहेगा।

द्वितीय विश्वयुद्ध में जापानी के विरुद्ध चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित भव्य परेड में शी ने कहा, चीन कभी किसी भी धौंस से नहीं डरता और आगे बढ़ता रहता है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकियों के संदर्भ में यह बात कही। शी ने सेना से राष्ट्रीय पुनरुद्धार के लिए रणनीतिक सहयोग तथा विश्व शांति में अधिक योगदान का आह्वान किया। अमेरिका के बाद चीन का सबसे बड़ा रक्षा बजट है। इस साल इसका वार्षिक रक्षा बजट 250 अरब अमेरिकी डॉलर का है।

### परेड में प्रदर्शित इन हथियारों पर टिकीं दुनिया की निगाहें

- परेड में प्रदर्शित एक बहुचर्चित नया हथियार था एलवाई-1 लेज़र हथियार। आठ पहियों वाले एचजेड-155 बख्तरबंद ट्रक पर लगा यह लेजर हथियार दुश्मन के हथियारों और उपकरणों के ऑप्टिकल सेंसर को प्रभावी ढंग से नष्ट कर सकता है। चीनी रक्षा विश्लेषकों का कहना है कि यह हथियार समुद्र में चीन की ताकत में और इजाफा करेगा।
- चीन ने पहली बार एक नए प्रकार की डीएफ-5सी तरल-ईंधन वाली अंतरमहाद्वीपीय सामरिक परमाणु मिसाइल का प्रदर्शन किया। इस मिसाइल की अनुमानित मारक क्षमता 20,000 किमी से अधिक है और यह लक्ष्य को भेदने और सटीकता के मामले में भी श्रेष्ठ है। यह मिसाइल पूरी दुनिया में कहीं भी निशाना साध सकती है।
- पहली हवाई-प्रक्षेपित परमाणु मिसाइल जेएल-1 का अनावरण। यह मॉडल प्रदर्शन पर मौजूद पनडुब्बी से प्रक्षेपित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जेएल-3 से काफ़ी छोटा है। दावा है कि ये दोनों मिसाइलें डीएफ-61 और डीएफ-31 के साथ थल, जल और वायु त्रिकोणीय रणनीतिक परमाणु शक्ति का पहला केंद्रित प्रदर्शन है।



### कूटनीतिक शक्ति का भी प्रदर्शन

परेड में चीन ने कूटनीतिक शक्ति भी दिखाई। रूसी राष्ट्रपति पुतिन, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग समेत 26 विदेशी नेताओं ने इसमें भाग लिया। भारत के पड़ोसी देशों से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नेपाल के केपी शर्मा ओली, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने परेड में मौजूद थे। चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## ट्रंप ने कसा तंज, लगाया अमेरिका के खिलाफ साजिश का आरोप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के विजय दिवस समारोह पर आयोजित परेड के मौके पर चीन को बधाई दी लेकिन इसके साथ ही तंज कसते हुए अमेरिका के ख़िलाफ़ 'साज़िश' रचने का भी आरोप लगाया। उन्होंने एक पोस्ट किया, जिसमे कहा- बड़ा सवाल यह है कि क्या चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग उस भारी समर्थन और 'रक्त' का ज़िक्र करेंगे जो अमेरिका ने चीन को विदेशी आक्रमणकारी से आज़ादी हासिल करने में मदद करने के लिए दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन और किम की अमेरिका के खिलाफ़ कथित तौर पर साज़श रचने के लिए भी आलोचना की। उन्होंने कहा, "व्लादिमीर पुतिन और किम जोंग उन को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं, क्योंकि आप दोनों अमेरिका के खिलाफ साजिश रच रहे हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 सितंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वादशी 5 सितंबर 04 .08 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण, ऋतु- शरद। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 23 .44 तक श्रवण तत्पश्चात।

**मेष** – आज कारोबार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ मिलेगा। युवा जातक अपने करियर को लेकर अत्यंत सक्रिय रहेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। दोस्तों के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे।

**वृष** – आज नई उपलब्धियां मिलने से आप उत्साहित रहेंगे। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए अत्यंत शुभ रहेगी। जीवनसाथी को कार्यक्षेत्र में उत्तम परिणाम मिलेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – आज नया काम शुरू करने में जल्दबाजी न करें। आपके काम समय पर पूरे न होने से नुकसान होगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिलने में परेशानी होगी। गरिष्ठ भोजन करने से आपको बचना चाहिए।

**कर्क** – आज दांपत्य संबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। रिश्तेदारों के माध्यमों से आपको धन-लाभ हो सकता है। विदेश में रहने वाले लोगों को अच्छी जॉब मिल सकती है। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलने की संभावना है।

**सिंह** – आज आपकी प्रतिभा की कार्यक्षेत्र में प्रशंसा होगी। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। काम की अधिकता के बावजूद आप परिवार को समय देंगे। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। घर की मरम्मत की योजना बना सकते हैं।

**कन्या** – आज आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी। पैतृक धन-संपदा में वृद्धि होगी। कानूनी मामलों में आपको विजय मिलने की संभावना है। नौकरी में आपके अधिकार बढ़ेंगे। संतान की उन्नति से आपका मन प्रसन्न होगा।

**तुला** – आज आपको बुद्धि-विवेक से काम करना चाहिए। आपको अपने क्रोध पर नियंत्रण रखना चाहिए। अपना व्यवहार किसी के प्रति खराब न करें। अपनी कार्यक्षमता पर ध्यान रखें। हृदय रोगियों की परेशानी बढ़ सकती है।

**वृश्चिक** – आज आप अपने काम को लेकर समर्पित रहेंगे। आप अपने काम से संतुष्ट रहेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। आपकी कोई महत्वाकांक्षा पूर्ण हो सकती है। आप अत्यधिक परिश्रम करेंगे। धार्मिक कार्यों और गूढ़ विषयों में आप रुचि लेंगे।

**धनु** – आज मित्रों के साथ छोटी सी बात पर झगड़ा हो सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। रिश्तेदारों के ऊपर आपको धन खर्च करना पड़ सकता है। खर्चीली वृत्ति के कारण आपकी बचत पर बुरा असर पड़ेगा।

**मकर** – आज रुकी हुई पेमेंट आपको वापस मिल सकती है। प्रेम-संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। नौकरीपेशा लोगों को यात्रा करनी पड़ेगी। मनोरंजन में आप काफी समय बिताएंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद कम होंगे।

**कुंभ** – आज सहकर्मी आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। सरकारी जॉब करने वाले लोगों को परेशानी होगी। बेरोजगारों के ऊपर परिवार का दबाव बढ़ेगा। अति-आत्मविश्वास के कारण आप परिस्थितियों का आकलन करने में चूक कर सकते हैं।

**मीन** – आज आप ऑनलाइन शॉपिंग कर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आप महत्वपूर्ण मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

## सुडोकू -89

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 7 | | 8 | |
| | | 2 | | 9 | | | | 5 |
| | 8 | | | 2 | | 4 | | |
| 4 | 3 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 6 | | | | 3 | | | | 1 |
| | 4 | 9 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 4 | | 2 | | |
| | 7 | | 6 | | | | 5 | |

### सुडोकू - 88 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 | 1 |



वह प्रतिष्ठित एशेज शृंखला में खेलने के लिए जो कुछ भी जरूरी हो वो करेंगे। मैं तब तक टेस्ट मैच में नहीं उतरूंगा जब तक कि मुझे यह नहीं लगे कि मैं टेस्ट मैच को खत्म कर सकता हूं।
**-पैट कमिंस, ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान**


# स्टेडियम

मुरादाबाद, गुरुवार, 4 सितंबर 2025

**अमृत विचार**

www.amritvichar.com


**हाईलाइट**



गुवाहाटी में भोगेश्वर बरुआ राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 के दौरान फोटो सेशन कराती हुईं डबल ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर व एथलीट हिमा दास।

### द. अफ्रीका ने मेसो को टीम में शामिल किया

**जोहान्सबर्ग :** सत्रह वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज कराबो मेसो को इस महीने के अंत में भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए बुधवार को दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। इस साल मार्च में श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में सीनियर टीम के लिए पदार्पण करने वाली मेसो ने अब तक दो एकदिवसीय और पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। मेसो 2023 और 2025 में दो अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेने के बाद अपने पहले सीनियर विश्व कप में हिस्सा लेंगी। टीम में पूर्व कप्तान डेन वैन नीकर्क शामिल नहीं हैं जिन्होंने संन्यास के अपने फैसले को पलटकर वापसी का फैसला किया था।

### सुम्मी कालीरमन पर दो साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली :** भारत की 2021 विश्व अंडर 20 चैंपियनशिप में चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले कांस्य विजेता टीम की सदस्य सुम्मी कालीरमन को 2024 में किए गए उनके डोपिंग अपराध के लिए नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने 22 वर्षीय सुम्मी को पिछले वर्ष तब अस्थायी तोर पर निलंबित किया था जब उनका प्रतिबंधित पदार्थ क्लोमीफीन के लिए परीक्षण पॉजिटिव आया था। नाडा के नवीनतम अपडेट के अनुसार उन पर प्रतिबंध की अवधि पिछले वर्ष 14 अक्टूबर से शुरू हो गई है।

### कमिंस की नजरें एशेज में वापसी पर

**सिडनी :** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि वह प्रतिष्ठित एशेज शृंखला में खेलने के लिए जो कुछ भी जरूरी हो वह करेंगे। कमिंस कमर की चोट से जूझ रहे हैं जो उन्हें संभवत: जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दौरान काम के अधिक बोझ के कारण लगी थी। कमिंस न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज और एशेज से पहले शेफील्ड शील्ड मुकाबलों में नहीं खेल पाएंगे। इस 32 साल के तेज गेंदबाज को हालांकि उम्मीद है कि वह 21 नवंबर से पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। कमिंस ने बुधवार को क्रिकेट .कॉम .एयू' से कहा मैं तब तक टेस्ट मैच में नहीं उतरूंगा जब तक कि मुझे यह नहीं लगे कि मैं टेस्ट मैच को खत्म कर सकता हूं।

# किसी भी समय नई गेंद लेने की अनुमति हो

**● इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने दिया सुझाव**

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने सुझाव दिया है कि टेस्ट क्रिकेट में टीमों को 160 ओवर के भीतर किसी भी समय नई गेंद लेने की अनुमति दी जानी चाहिए, जबकि मौजूदा नियम के अनुसार 80 ओवर के बाद ही नई गेंद लेनी होती है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से 2018 में संन्यास लेने वाले कुक ने कहा कि इस बदलाव से खेल के सबसे बड़ा प्रारूप अधिक रोमांचक और रणनीतिक हो जाएगा।

उन्होंने स्टिक टू क्रिकेट पॉडकास्ट के दौरान कहा मैं टेस्ट क्रिकेट में एक नया नियम जोड़ना चाहूंगा। आप 160 ओवरों में जब चाहें नई गेंद ले सकते हैं। आपको उन 160 ओवरों के लिए दो नई गेंदें मिली हैं और आप जब चाहें दूसरी गेंद ले सकते हैं। आप चाहें तो 30 ओवर के बाद नई गेंद ले सकते हैं। इंग्लैंड के एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने इसी पॉडकास्ट पर कहा कि क्रिकेट में भी अन्य खेलों की तरह किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसकी जगह सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी उतारने का प्रावधान होना चाहिए।

उन्होंने हाल में समाप्त हुई भारत-इंग्लैंड सीरीज का उदाहरण दिया, जिसमें ऋषभ पंत ने पांव में फ्रैक्चर होने के बावजूद बल्लेबाजी की, जबकि उनकी जगह फील्डिंग करने के लिए उतरे ध्रुव जुरेल ने केवल विकेटकीपिंग की। वॉन ने कहा मान लीजिए कि मैच की पहली पारी में ऋषभ पंत के हाथ में चोट लग जाती है। वह बल्लेबाजी तो कर सकते हैं, लेकिन विकेटकीपिंग नहीं कर सकते। मौजूदा नियमों के अनुसार भारत ध्रुव जुरेल जैसे किसी अन्य विकेटकीपर को तब तक नहीं उतार सकता, जब तक वह कन्कशन (सिर में चोट लगने पर बेहोशी की स्थिति) का मामला न हो।



# सबसे खुशी का पल दर्दनाक बन गया : कोहली



**बेंगलुरु, एजेंसी :** भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल खिताब जीतने के जश्न में चार जून को हुई भगदड़ के बारे में कहा है कि यह उनकी टीम का सबसे खुशी का दिन हो सकता था जो 11 लोगों की मौत के बाद दर्दनाक बन गया। आरसीबी के 18 साल में पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के बाद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जश्न के लिये ढाई लाख प्रशंसकों के जमा होने के बाद भगदड़ मच गई थी। कोहली ने आरसीबी के एक्स हैंडिल पर कहा आप कभी भी इस तरह दिल तोड़ने वाली घटना का सामना नहीं करना चाहते। जो हमारी टीम के इतिहास का सबसे खुशी का पल होना चाहिए था, वह एक दुखद घटना में बदल गया उन्होंने कहा मैं अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों और चोटिल हुए अपने प्रशंसकों के बारे में सोचता हूं और प्रार्थना करता हूं। आपकी क्षति अब हमारी कहानी का हिस्सा है। हम मिलकर सावधानी, सम्मान और जिम्मेदारी से आगे बढ़ेंगे। घटना की आधिकारिक जांच में बताया गया कि इस अराजकता का कारण उचित मंजूरी का अभाव और अत्यधिक भीड़ थी, जो फ्रेंचाइजी द्वारा सोशल मीडिया पर भेजे गए निमंत्रणों के कारण उमड़ी थी। पुलिस ने स्वीकार किया कि दर्शकों को नियंत्रित करने के लिए उनके पास संख्या बल बहुत कम था और जांच में आरसीबी को प्रशंसकों को बड़ी संख्या में आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया।

# हॉकी एशिया कप में भारत और द. कोरिया के बीच मुकाबला ड्रॉ

## सुपर-4 के महत्वपूर्ण मैच में दोनों टीमों ने किए 2-2 गोल

**राजगीर (बिहार), एजेंसी**

हॉकी एशिया कप के सुपर-4 में भारत और साउथ कोरिया के बीच मैच ड्रॉ हो गया। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बुधवार को स्कोर 2-2 से बराबर रहा। तीसरे क्वार्टर तक 2-1 से पिछड़ने के बाद भारत को मनदीप सिंह ने 52वें मिनट में गोल कर बराबरी दिलाई।

हार्दिक सिंह ने 8वें मिनट में भारत के लिए पहला गोल किया था। कोरिया के लिए 12वें मिनट में यांग जिहुन और 14वें मिनट में किम ह्योन्होंग ने गोल दागे। भारत का अगला मैच मलेशिया से गुरुवार को होगा। वहीं साउथ कोरिया का मुकाबला चीन से होगा। मलेशिया ने सुपर-4 में चीन को हराकर अपना पहला मैच जीत लिया है। भारतीय टीम ने ग्रुप स्टेज में अपने तीनों मैच जीते। टीम ने चीन को 4-3 और जापान को 3-2 से हराया। भारत ने आखिरी ग्रुप मैच में एकतरफा अंदाज में कजाकिस्तान पर 15-0 की जीत भी हासिल की।

भारतीय टीम : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), कृष्ण बहादुर पाठक (गोलकीपर), संजय, अमित रोहिदास, सुमित, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, रजिंदर सिंह, मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह।



भारत के हार्दिक सिंह गोल करने के बाद टीम के साथ जश्न मनाते हुए। एजेंसी



हॉकी एशिया कप में चीनी ताइपे के गोलकीपर के पास से गेंद को कब्जे में लेकर गोल करने का प्रयास करता जापान का खिलाड़ी। एजेंसी

### जापान ने चीनी ताइपे को हराया

- जापान की हॉकी टीम ने बुधवार को हॉकी एशिया कप 2025 में पांचवे से आठवें स्थान के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को हरा दिया। आज यहां बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी स्टेडियम में खेले गए हॉकी एशिया कप 2025 के मुकाबले में जापान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को 2-0 से शिकस्त दी। मैच की शुरुआत से ही जापान ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले क्वार्टर में योसूके शिनोहारा के किये गये दो गोलों की बदौलत से बढ़त बनाई और इसके बाद जापान की रक्षापंक्ति और गोलकीपर कुरोदा किशो ने अगले तीनों क्वार्टर में चीनी ताइपे को कोई गोल नहीं करने दिया। जापान की टीम अब पांचवें और छठे स्थान के लिए सात सितंबर को होने वाले मुकाबले में चार सितंबर के मैच बंगलादेश बनाम कजाकिस्तान की विजेता टीम से खेलेगी। चीन ताइपे अब सातवें और आठवें स्थान के लिए चार सितंबर के मैच की हारी हुई टीम से खेलेगा। सातवें और आठवें स्थान के लिए मुकाबला छह सितंबर को खेला जाएगा।

## मेंडिस की तूफानी पारी से श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को दी शिकस्त

**हरारे (जिम्बाब्वे) :** कामिंडु मेंडिस की नाबाद 41 रन की तूफानी पारी से श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को पहले टी-20 मुकाबले में बुधवार को पांच गेंद शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दे दी। जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट (81) और कप्तान सिकंदर रजा (28) के दम पर 20 ओवर में सात विकेट पर 175 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन श्रीलंका ने 191 ओवर में छह विकेट पर 177 रन बनाकर जीत अपने नाम की और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका को पथुम निसंका और कुसल मेंडिस ने 96 रन की शानदार शुरुआत दी। निसंका ने 55 और मेंडिस ने 38 रन बनाये। लेकिन इसके बाद श्रीलंका ने विकेट गंवाए और 17 ओवर में उसका स्कोर छह विकेट पर 142 रन हो गया। कामिंडु मेंडिस ने मात्र 16 गेंदों में चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 41 रन ठोके और श्रीलंका को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। दुशान हेमंता ने नौ गेंदों में नाबाद 14 रन बनाकर कामिंडु मेंडिस का अच्छा साथ दिया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर कर श्रीलंका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में तड़िवनाशे मारुमानी (सात) का विकेट गंवा दिया। छठे ओवर में महीश तीक्षणा ने शॉन विलियम्स (14) को आउट कर श्रीलंका को दूसरी सफलता दिलाई।

# बीसीसीआई अध्यक्ष पद का चुनाव होगा सबसे दिलचस्प

**● सितंबर के अंत में होने वाली वार्षिक आम बैठक में कुछ शीर्ष पद दांव पर लगे होंगे**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सितंबर के अंत में होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में कुछ शीर्ष पद दांव पर लगे होंगे। इसमें बोर्ड अध्यक्ष और आईपीएल चेयरमैन का पद शामिल है। आईपीएल के मौजूदा अध्यक्ष अरुण धूमल के छह साल पूरे होने के बाद तीन साल के अनिवार्य (कूलिंग ऑफ) ब्रेक पर जाने की पूरी संभावना है। उनके संभावित उत्तराधिकारी के रूप में कई नामों पर चर्चा हो रही है। फिलहाल देवजीत सैकिया अपने पद पर बने रहेंगे जिन्होंने संयुक्त सचिव (दो साल और तीन महीने) और सचिव (नौ महीने) के तौर पर कुल मिलाकर तीन साल पूरे कर लिए हैं। संयुक्त सचिव रोहन गौंस देसाई और प्रभतेज भाटिया भी अपने पद पर बने रहेंगे जिनका पदाधिकारी के रूप में यह पहला साल है।

आईपीएल अध्यक्ष पद के लिए मुंबई क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव संजय नाइक और वर्तमान बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के नाम चर्चा में हैं, हालांकि अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। अगर कांग्रेस नेता शुक्ला एक बार फिर आईपीएल अध्यक्ष बनते हैं, तो बिहार क्रिकेट संघ के अध्यक्ष और राज्य के भाजपा नेता राकेश तिवारी बीसीसीआई उपाध्यक्ष पद के दावेदार बन सकते हैं। एजीएम सितंबर के आखिरी हफ्ते में होने की उम्मीद है। सिर्फ कुछ पद ही दाव पर होंगे और इस साल के चुनाव बीसीसीआई के अपने नियमों के अनुसार होंगे। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम लागू होने में अभी कुछ समय लग सकता है जिससे बीसीसीआई इतना लंबा इंतजार नहीं करेगा। जुलाई में अपना 70वां जन्मदिन पूरा कर चुके रोजर बिन्नी दोबारा नहीं चुने जा सकते।

### किसी बड़े भारतीय खिलाड़ी को चाहते हैं हितधारक

- बीसीसीआई अध्यक्ष के चुनाव पर सबकी नजर है। हितधारक बिन्नी की जगह किसी बड़े भारतीय खिलाड़ी को चाहते हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया महत्वपूर्ण हितधारकों के बीच यह धारणा है कि एक प्रतिष्ठित क्रिकेटर को हमेशा अध्यक्ष चुना जाना चाहिए। सौरव गांगुली एक सम्मानित भारतीय कप्तान थे और रोजर बिन्नी भारत के पहले विश्व कप विजेता नायक थे। हालांकि कितने प्रतिष्ठित क्रिकेटर इस शीर्ष पद काबिज होने में दिलचस्पी लेंगे, यह एक बड़ा सवाल है।

# भारतीय मुक्केबाजों को करना होगा कड़ी चुनौती का सामना

**● लिवरपूल में आज से शुरू हो रही है विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप**



**लिवरपूल (इंग्लैंड), एजेंसी**

भारतीय मुक्केबाज गुरुवार से यहां शुरू हो रही विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पिछली बार के प्रदर्शन में सुधार या उसकी बराबरी करने के उद्देश्य से रिंग पर उतरेंगे, लेकिन उनकी राह आसान नहीं होगी। क्योंकि उन्हें दुनिया के शीर्ष स्तर के मुक्केबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्व मुक्केबाजी की नई शासी संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग के तत्वावधान में किया जाएगा और इसमें पुरुष और महिला दोनों वर्ग के मुकाबले एक साथ होंगे।

भारत ने 2023 में नई दिल्ली में आयोजित की गई महिला चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक जीते थे। पुरुष टीम ने इसी साल ताशकंद में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक हासिल किए थे। इसके बाद हालांकि बड़ी प्रतियोगिताओं में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारतीय मुक्केबाज इस वर्ष के शुरू में विश्व मुक्केबाजी कप से अच्छा प्रदर्शन करके लौटे हैं, लेकिन विश्व चैंपियनशिप का स्तर काफी ऊंचा होता है जिसमें 65 से अधिक देशों के 550 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

इनमें पेरिस ओलंपिक के 17 पदक विजेता भी शामिल हैं। इस प्रतियोगिता से दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ज़रीन और तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन एक साल के अंतराल के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगी।

### टीम

- **महिला :** मीनाक्षी हुडा, निकहत ज़रीन, साक्षी, जैस्मीन लेम्बोरिया, संजू खत्री, नीरज फोगट, सनामाचा चानू, लवलीना बोरगोहेन, पूजा रानी, नुपुर श्योराण। **पुरुष :** जदुमणि सिंह मंडेंगबाम, पवन बर्तवाल, सचिन सिवाच, अभिनाश जामवाल, हितेश गुलिया, सुमित कुंडू, लक्ष्य चाहर, जुगनू अहलावत, हर्ष चौधरी, नरेंद्र बेरवाल।




आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी को टूर्नामेंट से पहले असम जातीय विद्यालय में प्रदर्शित किया गया। एजेंसी

# अल्काराज और जोकोविच के बीच होगी सेमीफाइनल में टक्कर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



कार्लोस अल्काराज व नोवाक जोकोविच।

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने जिरि लेहेका को 6- 4, 6-2, 6-4 से हराकर अमेरिकी ओपन पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। यहां उनका सामना 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच से होगा।

दो साल पहले यहां अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के बाद से अल्काराज हार्डकोर्ट पर पहली बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। जोकोविच ने उन्हें आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में हराया था। अगर अल्काराज अमेरिकी ओपन खिताब जीतते हैं तो एटीपी रैंकिंग में यानिक सिनेर को पछाड़कर शीर्ष पर काबिज हो जाएंगे। जोकोविच ने टूर्नामेंट में आखिरी अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को क्वार्टर फाइनल में हराया और जीतने के बाद फ्रिट्ज की हौसलाअफजाई कर रहे प्रशंसकों की ओर चुंबनों की बौछार कर दी। जोकोविच ने 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से जीत दर्ज की। पिछले साल के उपविजेता फ्रिट्ज के खिलाफ जोकोविच का जीत का रिकॉर्ड 11-0 का है। जोकोविच रिकॉर्ड 53वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जिसमें से फ्लशिंग मीडोज पर 14वीं बार उन्होंने अंतिम चार में जगह बनाई।

महिला वर्ग में जेसिका पेगुला ने बारबोरा क्रेसिकोवा को 6-3, 6-3 से हराकर अपने कैरियर के दूसरे ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई। वह पिछले साल यहां फाइनल में एरिना सबालेंका से हार गई थी। इस बार सबालेंका से उनका सामना सेमीफाइनल में होगा क्योंकि मार्केटा वोंड्रूसोवा ने चोट के कारण सबालेंका को वॉकओवर दे दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में, फ्रेंच ओपन के तीसरे और विंबलडन के पहले दौर से बाहर होने वाली पेगुला बिना कोई सेट गंवाये अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सेरेना विलियम्स के बाद पहली महिला खिलाड़ी हैं।

## भांबरी पहली बार ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयॉर्क :** युकी भांबरी अपने कैरियर में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जिन्होंने माइकल वीनस के साथ अमेरिकी ओपन पुरुष युगल के अंतिम आठ में जगह बनाई।

भारत के भांबरी और न्यूजीलैंड के वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने जर्मनी के केविन क्रावीत्ज और टिम पुएत्ज की जोड़ी को एक घंटे 23 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। अब उनका सामना क्रोएशिया के निकोला मेकटिच और अमेरिका के राजीव राम से होगा। 33 वर्ष के युकी कभी पहले दौर से आगे नहीं जा सके थे। युगल में वह इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन के तीसरे दौर तक पहुंचे। इस बीच प्रतिभाशाली माया राजेश्वरन जूनियर वर्ग के दूसरे दौर में ब्रिटेन की हन्नाह क्लगमैन से से हारकर बाहर हो गई ।

**एशिया कप की तैयारी** | **कैप्टन कूल की छवि से प्रेरित हैं फातिमा सना**

# धोनी जैसा बनना चाहती हैं पाकिस्तानी कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आगामी आईसीसी वनडे विश्व कप में पाकिस्तान की कप्तानी करने जा रही फातिमा सना भारत के विश्व कप विजेता कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेती हैं और उन्हीं की तरह 'कैप्टन कूल' बनने की ख्वाहिश भी रखती हैं। अप्रैल में हुए क्वालीफायर्स में अपराजेय रहने वाली पाकिस्तानी टीम भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले वनडे विश्व कप में अपने अभियान का आगाज दो अक्टूबर को कोलंबो में बांग्लादेश के खिलाफ करेगी।

तेईस वर्ष की फातिमा ने लाहौर से भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में कप्तानी करने पर शुरू में थोड़ा नर्वस होना लाजमी है लेकिन मैं बतौर कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेती हूं। उन्होंने कहा मैंने उनके भारत के कप्तान के तौर पर और आईपीएल मैच देखे हैं। वह जिस तरह मैदान पर फैसले लेते हैं, शांत रहते हैं और अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं, उससे काफी कुछ सीखने को मिलता है। जब मुझे कप्तानी मिली थी तभी मैंने सोचा था कि धोनी की तरह बनना है। उनके इंटरव्यू भी देखे तो काफी कुछ सीखने को मिला। धोनी ने 15 अगस्त 2020 को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली जबकि फातिमा ने छह मई 2019 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।



फातिमा सना। एजेंसी

महिला वनडे विश्व कप में पाकिस्तान पांच बार (1997, 2009, 2013, 2017 और 2022 में) खेला है लेकिन 1997, 2013 और 2017 में एक भी मैच नहीं जीत सकी । पिछली बार 2022 में एकमात्र जीत हैमिल्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ मिली लेकिन बाकी सारे मैच हारकर टीम आखिरी स्थान पर रही थी। पाकिस्तान के लिए 34 वनडे में 397 रन बनाने और 45 विकेट लेने वाली हरफनमौला फातिमा को यकीन है कि इस बार यह मिथक टूटेगा।

### सेमीफाइनल तक पहुंचने का लक्ष्य

- फातिमा सना ने कहा इस बार यकीनन यह मिथक टूटेगा क्योंकि युवा खिलाड़ियों को पता है कि पाकिस्तान महिला क्रिकेट के लिए यह टूर्नामेंट कितना अहम है। हम अतीत के बारे में नहीं सोचेंगे। मेरा लक्ष्य टीम को सेमीफाइनल तक ले जाना है। उन्होंने कहा पाकिस्तान में लड़कियां अब स्कूलों में क्रिकेट खेलने लगी है और अंतर्राष्ट्रीय मैच लाइव दिखाये जा रहे हैं। आईसीसी ने भी महिला विश्व कप के लिये पुरस्कार राशि बढाकर बहुत अच्छी पहल की है जिससे पाकिस्तान जैसे देश में महिला क्रिकेट को फायदा मिलेगा। लेकिन अभी भी एक बैरियर है जो हमें तोड़ना है।